# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 24 फरवरी 2025



MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

के दूरदर्शी नेतृत्व में

देश का हृदय प्रदेश लिख रहा

विकास की नई गाथा

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## उद्घाटन

प्रधानमंत्री


## नरेन्द्र मोदी

द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



CII
Confederation of Indian Industry

**24 फरवरी, 2025 | प्रात: 10:00**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

EY
Shape the future with confidence

D-11193/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

www.investmp.in

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD. | CII Confederation of Indian Industry | EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष - 2025

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रूफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये
invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फैब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

D-11193/24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का विहंगम दृश्य, यहीं होगी जीआईएस

**50** से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आए

◆ 8 वां इन्वेस्ट मप्रः ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 आज से, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ

# प्रदेश पर खूब बरसेगा 'धन'

## भोपाल बनेगा औद्योगिक हब, दो दिन भोपाल में इंडस्ट्री लीडर्स का 'महामंच'

**जीआईएस एमपी में निवेश की अनंत संभावनाओं पर रहेगा फोकस**

दो दिवसीय निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और प्रदेश के औद्योगिक निवेश संभावनाओं पर परस्पर चर्चा करेंगे



इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल

**गृह मंत्री शाह करेंगे 25 फरवरी को जीआईएस का समापन**

जीआईएस के दूसरे दिन 25 फरवरी को समापन में मुख्य सचिव अनुराग जैन राज्य के विकास के संदर्भ में भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डालेंगे। इसके बाद 'मप्र- अनंत संभावनाएं' नामक वीडियो की प्रस्तुति होगी, जिसमें राज्य की विशाल क्षमता और अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रमुख उद्योगपति सभा को संबोधित कर अपना विजन और अनुभव साझा करेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का मुख्य संबोधन होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2025 (जीआईएस) का शुभारंभ करेंगे। समिट में शामिल होने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में निवेशक, उद्योगपति भोपाल पहुंचे हैं। कई बड़े उद्योगपति एक दिन पहले ही भोपाल पहुंचे।

कुछ उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेश व रियायतों को लेकर वन-टू-वन चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को शाम 5 बजे भोपाल पहुंचे। इसके तत्काल बाद राजकीय विमानतल से वे सीधे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री ने पार्टी के सांसदों, विधायकों ⏩शेष पेज 2 पर

**मोदी मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में राज्य की 18 से अधिक नई नीतियों का अनावरण करेंगे**

**राज्य की औद्योगिक और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने वाली 5 मिनट की फिल्म भी प्रदर्शित होगी**

**निवेशकों को अनंत संभावनाओं से परिचित कराएंगे**

जीआईएस-2025 में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और वस्त्र, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी विकास, पर्यटन और खाद्य जैसे प्रमुख निवेश क्षेत्र विभिन्न सम्मेलनों के माध्यम से निवेशकों को अनंत संभावनाओं से परिचित कराएंगे।



सहभागिता के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण

समिट में शामिल होने के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें 50 से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आ गए हैं। इसमें राजदूत, उच्चायुक्त और महावाणिज्य दूत शामिल हैं। समिट में भाग लेने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी, गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी नादिर गोदरेज, रसना प्राइवेट लिमिटेड के समूह अध्यक्ष पिरुज खंबाटा, भारत फोर्ज लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी बाबा एन कल्याणी, सन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के ग्लोबल हेड ऑफ ऑपरेशंस राहुल अवस्थी और एसीसी लिमिटेड के सीईओ नीरज अखौरी जैसे दिग्गज शामिल हैं।

**बी टू बी और बी टू जी मीटिंग**

जीआईएस-2025 के तहत बीट-2-बी (बिजनेस टू बिजनेस) और बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) मीटिंग के माध्यम से व्यवसायों के लिए विशेष नेटवर्किंग प्लेटफ़ॉर्म प्रदान किया जाएगा, जिससे निवेशक सीधे नीति निर्माताओं, नियामक निकायों और उद्योग के नेताओं से जुड़ सकते हैं। एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट, एमपी गवर्नमेंट और बिजनेस मीट और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग जैसे प्रमुख कार्यक्रम रणनीतिक व्यावसायिक नेटवर्किंग, नियामक चर्चा और उद्यमिता विकास की सुविधा प्रदान करेंगे। ⏩पढ़ें पेज 08 भी


*सीसीटीवी से हर एक गतिविधि पर नजर, पीएम के काफिले में बुलेटप्रूफ और जैमर लगी कारें*

बीडीडीएस, डॉग स्क्वॉड व मेटल डिटेक्टर से तलाशी अभियान

# मानव संग्रहालय परिसर फुल प्रूफ थ्री लेयर सुरक्षा से कवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को जब भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे तो वहां से लेकर राजभवन तक उनकी रूट पर पुलिस का काफी सख्त पहरा रहा। पुलिस वॉच टावर से पूरे रूट की निगरानी की जाती रही। सख्ती इतनी थी कि पीएम रूट पर स्थित घर और अपार्टमेंट की छत या खिड़कियों से रहवासियों के झांकने पर पूरी तरह पाबंदी रही। पूरे मानव संग्रहालय परिसर को थ्री लेयर सिक्योरिटी से कवर कर दिया गया है। सोमवार को आयोजन स्थल पर पीएम के आगमन से आधा घंटा पहले इस परिसर को सील कर दिया जाएगा। इस दौरान किसी को भी अंदर जाने ⏩शेष पेज 2 पर





*आसपास के जिलों से भी बुलाए गए बम निरोधक दस्ते*

मानव संग्रहालय में पहले 50 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) लगाने की योजना बनी थी। बाद में इसकी संख्या बढ़ाकर 120 कर दी गई है। 10 बॉम्ब निरोधक दस्ते की टीम तैनात की गई हैं। कार्यक्रम शुरू होने से दो घंटे पहले मानव संग्रहालय के हर कोने की मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड के जरिए तलाशी ली जाएगी। सुरक्षा के नजरिए से भोपाल के अलावा नर्मदापुरम, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़ में तैनात बीडीडीएस और डॉग स्क्वॉड्स को भी भोपाल बुलाया गया है। बम निरोधक दस्ते ने वीवीआईपी और वीआईपी मूवमेंट वाले इलाके में चेकिंग की।




**जीआईएस में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का 'जायका' महकेगा**

समिट में एक विशेष फूड जोन भी रहेगा, इसमें इंदौरी तर्ज पर 'मिनी सर्राफा' भी होगा

# विदेशी और भारतीय मेहमानों को परोसे जाएंगे मप्र के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन

## करीब 50 तरह के विशेष व्यंजन भी रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी भोपाल में पहली बार होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में आने वाले मेहमानों के लिए मप्र टूरिज्म बोर्ड ने एक अनोखा मैन्यू तैयार किया है, जिससे विदेशी और भारतीय मेहमानों को मप्र के स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन परोसे जा सकें।

जिसमें मालवा, निमाड़, बुंदेलखंड और बघेलखंड की पारंपरिक और लोकप्रिय डिशेस शामिल होंगी। सैकड़ों पारंपरिक व्यंजनों के साथ ही करीब 50 तरह के विशेष व्यंजन भी परोसे जाएंगे। व्यंजनों में इंडियन, कॉन्टिनेंटल और चाइनीज जैसे इंटरनेशनल फूड भी रहेंगे। मेन्यू को विदेशी मेहमानों की पसंद के हिसाब से तैयार किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का जायका भी महकेगा। इंदौर के सर्राफा चौपाटी की रबड़ी, मालपुए, गराडू और पेटिस का स्वाद भी मिलेगा। इसके अलावा इस आयोजन में सैलाना के रायल हाउस की मोती के दाने की डिश व भोपाल के रायल किचन ऑफ नवाब का पनीर कोरमा भी परोसा जाएगा। समिट में एक विशेष फूड जोन भी तैयार किया गया है। इसमें इंदौर की सर्राफा चौपाटी की तर्ज पर 'मिनी सर्राफा' तैयार किया जाएगा। इसमें इंदौर की सर्राफा चौपाटी में 60 से 65 साल से व्यंजनों की दुकान लगाने वाले कुछ आउटलेट के प्रतिनिधि अपने स्टाल लगा रहे हैं।



**मेहमानों को परोसे जाएंगे यह खास व्यंजन**

बुंदेलखंड के दाल-बाफले, रायल किचन आफ नवाब, भोपाल का पनीर कोरमा, इंदौर का सब्ज पुलाव, बफुरी (क्रिस्पी फ्राइड केक), घुइया (अरबी) की सब्जी, नर्मदापुरम की मावा बाटी, मुरैना की गजक, रायल हाउस ऑफ सैलाना के मोती के दाने, रबड़ी, मालपुआ, गुलाब जामुन, घेवर, फालूदा, कुल्फी, जामुन शॉट्स, मॉकटेल, कोल्ड कॉफी, गराडू व कोकोनट क्रश, मसाला डोसा और डोसे ⏩शेष पेज 2 पर

**प्लास्टिक फ्री जोन होगी जीआईएस**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) स्थल पूरी तरह से प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जा रहा है। यहां सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं होगा। मेहमानों के लिए पानी कांच की बोतल या फिर कागज के गिलास में उपलब्ध करवाया जाएगा। जगह-जगह पानी के केन (कैंपर) रखे जाएंगे। पानी पीने के लिए कागज के कप उपयोग में लाए जाएंगे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 फरवरी 2025



आज से जीआईएस शुरू

## भोपाल ने कहा, सुस्वागतम

जीआईएस के लिए बोट क्लब की रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजावट की गई।

*सुबह से तैनात रहेंगे 1149 वाहन 7.30 बजे होगी एंट्री*

## इलेक्ट्रिक व्हीकल से कार्यक्रम स्थल तक जाएंगे जीआईएस में आने वाले मेहमान



जीआईएस में हिस्सा लेने आए ताइवान के अतिथि का भोपाल एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में 24 फरवरी से शुरू हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। यहीं से 1149 वाहनों से मेहमान समिट स्थल तक पहुंचेंगे। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल भी शामिल हैं। पार्किंग में सुबह 6.30 बजे तक मेहमान पहुंचेंगे। 7.30 बजे तक मानव संग्रहालय में एंट्री शुरु होगी। समिट में 25 हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे।

जिनमें करीब 60 देशों के उद्योगपति और एनआरआई भी शामिल हैं। यहां आने वाले मेहमानों के वाहन पार्किंग में रोक दिए जाएंगे और वहां से आयोजन स्थल तक जाने के लिए ई-बस और कार की व्यवस्था की गई है।

**ऐसी रहेगी पार्किंग व्यवस्था**

- सरकारी अधिकारियों के वाहन स्मार्ट सिटी पार्किंग और वीआईपी पार्किंग नंबर 2 में पार्क होंगे।
- गेस्ट ऑफ ऑनर कैटेगरी के मेहमानों को वीआईपी पार्किंग नंबर वन में जगह दी गई है।
- मीडियाकर्मियों के वाहन पुलिस रेडियो ग्राउंड (स्मार्ट सिटी पार्क के पास) और मैरिज गार्डन (पुलिस रेडियो ग्राउंड के पास) पार्क किए जाएंगे।
- फॉरेन डेलीगेट के वाहन सैर सपाटा में पार्क होंगे।
- ऑगर्नाइजर के लिए डीटीई पार्किंग, इवेंट टीम, सर्विस प्रोवाइडर और वॉलंटियर के लिए दशहरा मैदान और स्मार्ट सिटी गवर्नमेंट हाउसिंग पार्किंग व्यवस्था होगी।



सुंदर रोशनी से जगमग बड़ा तालाब

### प्रधानमंत्री ने बैठक से पहले स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धा-सुमन

## मंत्री, विधायक-सांसदों को पीएम मोदी की सलाह क्षेत्र में लगातार दौरे करें, व्यवहार में रखें विनम्रता





प्रधानमंत्री मोदी ने कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रविवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ला ने अगवानी कर स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक से पहले कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों-सांसदों और चुनिंदा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक करीब सवा 2 घंटे तक चली। बैठक में किसी भी नेता को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं थी।

*करीब सवा 2 घंटे तक चली बैठक, मोबाइल ले जाने की नहीं थी अनुमति, एंट्री पास जरूरी*

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री मोदी ने सांसद, मंत्री विधायकों और पदाधिकारियों को प्लानिंग बनाकर काम करने की दी सलाह
- सीएम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया पीएम का स्वागत



बैठक में प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों-सांसदों और पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा करते प्रधानमंत्री मोदी

**जनता के बीच रहें**

बैठक के बाद बाहर निकले भाजपा सांसदों और विधायकों ने कहा कि बैठक शानदार रही। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी की बात सुनी और सहज, सरल होकर जनता की सेवा करने और गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कहा है। पीएम मोदी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा जनता के बीच रहे। जमीन पर रहे, विकास कार्य करते रहे।

**नवाचार के साथ सोशल मीडिया से जन-जन तक पहुंचाएं बात**

बिना एंट्री पास के किसी भी नेता को अंदर नहीं जाने दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मंत्रियों, विधायकों-सांसदों को क्षेत्र में लगातार दौरे करने, व्यवहार में विनम्रता रखने, प्लानिंग बनाकर काम करने, मॉनिटरिंग करने और इस भाग-दौड़ के बीच अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने नवाचार करने के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की बात भी कही।





एमपी नगर में जैन मंदिर के पास आतिशबाजी करते लोग।





**खुशियों भरा सन-डे**

## राजधानी में भारत की जीत की धूम खूब हुई आतिशबाजी, बजे डोल

**भोपाल।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत ने रविवार को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 6 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। भारत की जीत के बाद राजधानी भोपाल में जश्न का माहौल देखने को मिला। जमकर आतिशबाजी हुई। खूब ढोल-नगाड़े बजाए गए। शहर के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का लुत्फ उठाया और जैसे ही भारत ने जीत दर्ज की पूरे शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग सड़कों पर जश्न मनाने जुट गए। चौराहे पर भारी भीड़ जमा हुई, जहां जमकर आतिशबाजी हुई और तिरंगा लहराते हुए भारत माता के जयकारे लगाए गए। भारत की पाकिस्तान पर जीत पर ढोल-नगाड़े बजाकर जमकर खुशी मनाई गई। कई क्रिकेट प्रेमियों ने मिठाई भी बांटी।

भोपाल, सोमवार 24 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष : 11, अंक : 331 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 28 न्यून. 15 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा में बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का शिलापूजन किया गया। मंच पर बाएं से दाएं- साध्वी ऋतंभरा, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धर्मेंद्र शास्त्री, पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम डॉ.मोहन यादव, संत रामभद्राचार्य एवं अन्य संत।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मंदिर में नाक रगड़कर बदमाशों ने मांगी माफी



**नीमच।** बीते दिनों नीमच जिले के सुप्रसिद्ध हरकियाखाल बालाजी मंदिर के ताले तोड़कर बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों को न केवल उस मंदिर ले जाया गया जहां उन्होंने चोरी की, बल्कि नाक रगड़वाकर उनसे माफी भी मंगवाई गई। यही नहीं बरामद मुकुट-मुखौटे और आभूषण भी मंदिर के पुजारी को सौंप दिए गए।

### डंपर और मिनी ट्रैवलर की टक्कर, 5 की मौत



**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में लिंबडी-राजकोट हाईवे पर डंपर और मिनी ट्रैवलर के बीच टक्कर में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसा मोरवड गांव के पास पुल पर हुआ है। जहां तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही मिनी ट्रैवल्स को जोरदार टक्कर मार दी।

### एपल ने हटाए 1.35 लाख से ज्यादा एप्स




**नई दिल्ली।** एपल ने हाल ही में कई सारे एप्स को एप स्टोर से हटा दिया है। एपल ने उन एप्स को हटाया है, जिनके डेवलपर्स ने अपनी ट्रेडर जानकारी यानी पता, फोन नंबर और ईमेल एड्रेस शेयर नहीं किया था। नए ईयू नियमों के मुताबिक, सभी एप डेवलपर्स को अपनी ट्रेडर स्थिति को बताना जरूरी है। पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए ऐसा किया।

पीएम ने भाषण की शुरुआत 'बुंदेलखंड़ी' से की-अपुन औरों खों मोरी तरफ से दोई हाथ जोड़कर राम-राम सों

बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का किया शिलान्यास

# हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देता है नेताओं का एक दल: मोदी

*पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं*

किसी न किसी भेष में रहते हैं हिंदू आस्था से नफरत करने वाले

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में 'नेताओं का एक दल' धर्म का माखौल उड़ाता है। हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देता रहता है। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 2 पर





**शास्त्री ने की मोदी की मां के नाम एक वार्ड के नाम की घोषणा**

- प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को 'छोटा भाई' कहा
- अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा
- हमने फैसला किया है कि कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी

### बुंदेलखंड के लिए उत्साह उमंग का दिनः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दिन बुंदेलखंड की धरती के लिए उत्साह और उमंग का दिन है। प्रधानमंत्री ने केन बेतवा नदी के माध्यम से पहले बुंदेलखंड को ▶▶ शेष पेज 2 पर

### जब मोदी ने निकाली शास्त्री की मां के नाम की पर्ची

मोदी ने बताया कि मैं हनुमान दादा के चरणों में आया तो मुझे लगा क्या ये धीरेंद्र शास्त्री अकेले ही पर्ची निकालेंगे या मैं निकाल पाऊंगा। मैंने देखा कि हनुमान दादा की मुझ पर कृपा होती है या नहीं होती है, तो हनुमान दादा जी ने मुझे आशीर्वाद दिया और मैंने पहली पर्ची निकाली, उनकी माता जी की पर्ची। जिसकी बात शास्त्री जी ने बता दी। शास्त्री ने मंच पर कहा कि प्रधानमंत्री माता जी से कह रहे थे ▶▶ शेष पेज 2 पर

### आस्था का केंद्र अब आरोग्य का केंद्र बनेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड में आने का ▶▶ शेष पेज 2 पर

### संत महात्मा भी बनवाएं आयुष्मान कार्ड

मोदी ने संत महात्माओं से कहा कि हालांकि आप बीमार नहीं होंगे फिर भी आप सबको भी आयुष्मान कार्ड ▶▶ शेष पेज 2 पर

### ऐसा होगा अस्पताल

| | |
|---|---|
| 200 | करोड़ की लागत |
| 100 | बिस्तर |
| 10 | एकड़ क्षेत्र |
| 03 | साल में तैयार होगा |

### भारत निभा रहा अब विश्वमित्र की भूमिका : शास्त्री

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 60 दिन में दूसरी बार बुंदेलखंड के लिए प्यार बरसाने आए हैं। वे गाय, गंगा और गरीबों की बात करते हैं। संतों-महंतों, किसानों और जवानों की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व मित्र की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अपने धाम में बन रहे अस्पताल को लेकर कहा कि अब तक अस्पतालों में मंदिर थे, अब मंदिर में अस्पताल होगा। इसको मेडिकल कॉलेज बनाने का हमारा विचार है।



स्टेट हैंगर पर सीएम ने पीएम मोदी का आत्मीय स्वागत किया।

*विद्यार्थियों के हित में फिर दिखाई संवेदनशीलता*

## पीएम ने अपना कार्यक्रम 15 मिनट आगे बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निर्धारित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के हित में परिवर्तन करते हुए एक बार फिर विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सुबह 9.45 बजे जीआईएस कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होने वाले थे। सोमवार को विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा होने से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यक्रम को 15 मिनट आगे बढ़ाते हुए 10 बजे का कार्यक्रम निर्धारित किया। प्रधानमंत्री मोदी अब सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय विद्यार्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर आसानी से पहुंचने के लिए लिया। इससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों के हित में लिए गए इस निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता हमें सदैव प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी विद्यार्थियों और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव संवेदनशील रहते हैं और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम कर उनका मनोबल भी बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लोकप्रिय और प्रेरणादायी सिद्ध हो रहा है।

**तमिलनाडु में हिंदी पर विरोध जारी**

## पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर हिंदी में साइन बोर्ड पर कालिख पोती




- रेलवे ने आरोपियों को ढूंढ निकाला, कहा- छोड़ेंगे नहीं
- रेलवे ने कुछ ही देर में सही कर दिया साइन बोर्ड

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आंच अब रेलवे स्टेशनों तक पहुंच गई है। पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर रविवार को हिंदी विरोधी प्रदर्शन हुआ। प्रो-तमिल प्रोटेस्टर्स ने रेलवे स्टेशन के साइन बोर्ड पर लिखे हिंदी शब्दों को काले रंग से पोत दिया। घटना के बाद, दक्षिण रेलवे के पलक्कड़ डिवीजन के अधिकारियों ने सफाई दी कि नाम को तुरंत री-स्टोर कर दिया गया। ▶▶ शेष पेज 2 पर

**पांच जिलों में पारा 10 डिग्री तक**

## 14 फरवरी के बाद से रात में पड़ रही है 'गुलाबी सर्दी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- दिन में धूप का असर बढ़ने से प्रदेशभर में औसतन एक डिग्री बढ़ा तापमान

तीन दिन से जारी सर्द हवाओं का असर रविवार रात और बढ़ने से 14 फरवरी के बाद रात का तापमान सबसे कम रहा है। दो दिन बाद हवाएं बदलने से तापमान में फिर से 2 से 4 डिग्री तक की वृद्धि होगी। रविवार को न्यूनतम पारा दशमलव 6 डिग्री और गिरकर 11.4 डिग्री पर आ गया, जिससे रात में गुलाबी सर्दी बरकरार रही। 14 फरवरी को रात का पारा 8.4 डिग्री रहा। इसके बाद रविवार को 11.4 डिग्री रहा है। ▶▶ शेष पेज 2 पर

**जानलेवा रफ्तार : प्रदेश में तीन हादसों में 9 की गई जान**

## खंडवा में बोलेरो और ट्राले की टक्कर में पांच की मौत

पुनासा सनावद रोड पर भीषण सड़क हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा जिले के पुनासा रोड पर शनिवार रात सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 10 बजे सुलगांव के पास हुआ, जब तेज रफ्तार ट्राले और बोलेरो की आमने-सामने टक्कर हो गई। ▶▶ शेष पेज 2 पर

### मैहर में हादसा : तीन लोगों की मौत

इंदौर से प्रयागराज कुंभ जा रहे एक परिवार की कार मैहर में हादसे का शिकार हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में कटनी रेफर किया गया ▶▶ शेष पेज 2 पर

### छतरपुर में श्रद्धालुओं की कार पलटी, एक की मौत, 10 घायल

यहां बागेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार हादसे का शिकार हो गई। हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ, जब कार में सवार 11 ▶▶ शेष पेज 2 पर

**शशि थरूर ने कांग्रेस को दिखाए कड़े तेवर**

## नाराजगी की अटकलों के बीच थरूर बोले, अगर कांग्रेस को मेरी जरूरत नहीं तो मेरे पास विकल्प

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- ट्रंप और पीएम मोदी की तारीफ करना कांग्रेस को पसंद नहीं आया

केरल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार की तारीफ करने और कांग्रेस से नाराजगी की अटकलों के बीच सांसद शशि थरूर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के लिए उपलब्ध ▶▶ शेष पेज 2 पर



### लगातार तीसरी बार विपक्ष में बैठना पड़ेगा

तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद थरूर ने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस ने अपने आधार का विस्तार नहीं किया तो वह केरल में लगातार तीसरी बार विपक्ष में बैठेगी। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। थरूर ने अपने और कांग्रेस के ▶▶ शेष पेज 2 पर

### एक्स पर पोस्ट ने बढ़ाई थी हलचल

इससे पहले शनिवार को शशि थरूर ने इंग्लिश कवि थॉमस ग्रे की कविता 'ओड ऑन ए डिस्टेंट प्रॉस्पेक्ट ऑफ ईटन कॉलेज' का एक उद्धरण एक्स पर साझा किया था। इसमें लिखा था कि जहां अज्ञानता आनंद है, वहां बुद्धिमान होना मूर्खता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया था, आज का विचार।

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफीः भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, सेमीफाइनल में पहुंचा**

# कोहली के 'विराट' शतक से जीता भारत, पाकिस्तान को चटाई धूल

भारत ने पाकिस्तान से लिया 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में हार का बदला... पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर




### टीम इंडिया की जीत के हीरो कुलदीप हार्दिक, कोहली और शुभमन गिल रहे

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार को भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने नाबाद शतक जड़ा। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दावेदारी पुख्ता कर ली है। अगर न्यूजीलैंड 24 फरवरी को होने वाले मुकाबले में बांग्लादेश ▶▶ शेष पेज 2 पर



### कोहली के 14000 रन पूरे, सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा

विराट कोहली और शुभमन गिल के दम पर देखते ही देखते भारत ने 15 ओवर में एक विकेट पर 89 रन बना लिए। इस दौरान कोहली ने इस दौरान 13वें ओवर में हारिस रउफ के खिलाफ चौका लगाकर एकदिवसीय में 14,000 पूरे किए। उन्होंने रिकॉर्ड 287 पारियों में इस उपलब्धि को अपने नाम किया। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने 350 जबकि श्रीलंका के पूर्व दिग्गज कुमार संगकारा ने 378 पारियों में इस आंकड़े को छुआ था। इससे पहले उन्होंने कैच के मामले में अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड तोड़ा था।

रेलवे यात्रियों से करता है अपील : सफर खत्म होने के बाद कंबल चादर, तकिए आदि को सीट पर ही छोड़ दें या कोच अटेंडेंट को सौंप दें

# ट्रेन से तकिया-कंबल चुराना पड़ेगा भारी, लालच देगा बड़ा झटका जुर्माने के साथ जाना होगा जेल

## 2017-18 में ही वेस्टर्न रेलवे से चोरी



1.95 लाख : तौलिए
81,736 बेडशीट
5,038 तकिए
55,573 तकिया कवर
7,043 कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेन से तकिया-कंबल चुराना भारी पड़ सकता है। चुराने वाले यात्रियों को जुर्माना लगेगा और इतना ही नहीं जेल भी हो सकती है।

यह खबर उन लोगों के लिए जो ट्रेन में सफर करने के दौरान ऐसा लालच करते हैं और एसी कोच में मिलने वाली सुविधा जैसे कंबल, चादर, बेडशीट और तकिए को चुराकर अपने साथ ले जाते हैं। यात्रियों द्वारा इन सामानों को अपने साथ ले जाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे रेलवे को न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है बल्कि अन्य यात्रियों को भी परेशानी होती है। रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि सफर खत्म होने के बाद कंबल, चादर, तकिए आदि को सीट पर ही छोड़ दें या कोच अटेंडेंट को सौंप दें।

### हो सकती है कड़ी कानूनी कार्रवाई

*रेलवे की संपत्ति चोरी करना एक दंडनीय अपराध है। रेलवे प्रॉपर्टी एक्ट, 1966 के तहत यदि कोई यात्री रेलवे का सामान चोरी करते पकड़ा जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। कानून के मुताबिक पहली बार पकड़े जाने पर एक साल की जेल या 1000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि यात्री दोबारा चोरी करते हुए पकड़ा जाता है या मामला गंभीर होता है, तो 5 साल तक की जेल और भारी जुर्माना भी लग सकता है।*

### भारतीय रेलवे का बड़ा फैसला

महाकुंभ के आखिरी दिनों के लिए रेलवे ने कमर कसी, जरुरत पड़ने पर एक दिन में 15 स्पेशल ट्रेन दौड़ेंगी। यात्रा को सुविधाजनक और सुखद बनाने के लिए रेलवे की इन व्यवस्थाओं का सही ढंग से इस्तेमाल करें और किसी भी तरह की चोरी से बचें, वरना मामूली लालच के कारण जेल की हवा खानी पड़ सकती है!

## पेज जैकेट का शेष

### मानव संग्रहालय...

और बाहर आने की अनुमति नहीं मिलेगी। पीएम राजभवन के वीआईपी सुइट से सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर रवाना होंगे। वे सुबह 10 बजे मानव संग्रहालय पहुंचेंगे और समिट का उद्घाटन करेंगे। पीएम के काफिले में बुलेटप्रूफ कार और जैमर लगी कारों का दस्ता रहेगा। प्रधानमंत्री के मानव संग्रहालय में आगमन और रवानगी के दौरान सड़कों पर ट्रैफिक रोका जाएगा।

**200 सीसीटीवी से निगरानी:** आयोजन स्थल में प्रवेश के लिए जारी किए गए पास के आधार पर अंदर जाने की अनुमति मिलेगी। परिसर की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए 200 सीसीटीवी लगाए गए हैं, जिनके लिए मानव संग्रहालय में एक अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इसकी जिम्मेदारी डीसीपी स्तर के आईपीएस अफसर को सौंपी गई है।

**अब 40 आईपीएस के साथ 5500 जवान की तैनाती:**

राजभवन से मानव संग्रहालय तक पुलिस के लगभग 5500 जवानों को तैनात किया गया है। इसमें जिला पुलिस बल, अन्य जिलों का बल, एसएएफ, पैरा-मिलिट्री शामिल हैं। थ्री लेयर सिक्योरिटी में पीएम की सुरक्षा के लिए पहला घेरा एनएसजी के दस्ते के हाथ में है बाकि बाहरी सर्कल की सुरक्षा एसपीजी के हाथ में है। तीन दिन पहले एसपीजी की टीम भोपाल आकर राजभवन और मानव संग्रहालय की सुरक्षा व्यवस्था की कमान अपने हाथ में ले चुकी है। बाहरी सर्किल में आईपीएस अफसर और पुलिस तैनात रहेगी। पीएम को भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 25 से बढ़ाकर 40 आईपीएस अफसरों की तैनाती की गई है।

### प्रदेश पर खूब ...

जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। वहां से सीधे राजभवन पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने रात्रि विश्राम राजभवन में किया। प्रधानमंत्री के भोपाल आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मप्र के विकास की यात्रा को दिशा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन जनप्रतिनिधियों के लिए अत्यंत मूल्यवान साबित होगा। समिट के आयोजन से प्रदेश की राजधानी भोपाल, देश के सबसे बड़े निवेश सम्मेलन का केंद्र बन गई है और मप्र उद्योग हब बनकर उभर रहा है। पीएम देश-विदेश से आए निवेशकों, उद्योगपतियों, प्रवासी भारतीयों और स्टार्ट-अप्स को संबोधित करेंगे। वे मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में राज्य की 18 से अधिक नई नीतियों का अनावरण करेंगे। इसमें औद्योगिक, खाद्य, निर्यात, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स, जीसीसी, सेमी-कंडक्टर, ड्रोन, पर्यटन, फिल्म निर्माण नीति शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से पहले राज्य की औद्योगिक और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने वाला 5 मिनट की वीडियो फिल्म प्रदर्शित की जाएगी।

**यह देश होंगे जीआईएस में भागीदार:** इनमें ग्लोबल साउथ, जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों और जापान और मप्र के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र शामिल हैं। कनाडा के साथ एक राउंड टेबल मीटिंग, पोलैंड के साथ एक कंट्री सेशन और एक बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र भी होगा। विभागीय शिखर सम्मेलन में नवीनीकृत मप्र शिखर सम्मेलन, 'कुसुम' परियोजनाओं के लिए हस्ताक्षरित पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए), लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) वितरण और बीईएसएस परियोजना के साथ मुरैना सौर पर पूर्व-बोली बैठकों सहित हरित ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### मेहमानों को परोसे...

की अन्य वैरायटी, भुट्टे का किस, दही बड़ा, गराडू की चाट, सराफा की खोपरा पेटिस।

## पेज एक का शेष

### हमारे पर्व और ...

ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं। मोदी रविवार को छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी को बालाजी का विग्रह और सनातन धर्म पर लिखी किताब के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया। मोदी ने बाला जी के दर्शन भी किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अलावा आचार्य रामभद्राचार्य महाराज और साध्वी ऋतंभरा सहित बड़ी तादाद में संत, महात्मा भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को छोटा भाई कहा। उन्होंने कहा कि मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को देकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता की जीत में एक और संकल्प लिया है, कैंसर संस्थान के निर्माण की जिम्मेदारी। अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आर्शीवाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में कैंसर से लड़ने के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। हमने फैसला किया है कि कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी। मोदी ने कहा कि हमारे मंदिर एक ओर पूजा के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का वह विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है।

**एकता के महाकुंभ में 'नेत्र महाकुंभ' भी:** प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया। उन्होंने कहा कि एकता के इस महाकुंभ में नेत्र महाकुंभ चल रहा है। इसमें देश भर से आए लोगों की आंखों की जांच मुफ्त में होती है। यहां अब तक 2 लाख से ज्यादा भाई-बहनों की आंखों की जांच हो चुकी है। डेढ़ लाख लोगों को निशुल्क दवाई और चश्मे दिए गए हैं। कुछ लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन की जरूरत थी, यहां से अच्छे अस्पतालों में करीब 16 हजार ऑपरेशन के लिए भेजा गया। एक भी पैसा खर्च किए बिना इनके ऑपरेशन किए गए हैं।

### बुंदेलखंड के लिए ...

बहुत बड़ी सौगात दी, अब कैंसर अस्पताल के माध्यम से बुंदेलखंड को दूसरी बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। आज हम देश की नदियों को जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास में मंदिरों की भी भूमिका है। इसलिए मंदिरों के विकास के लिए भी कोई योजना होनी चाहिए।

### जब मोदी ने निकाली...

कि आपके मन में ब्याह की बात चल रही है। उन्होंने कहा कि हमने माता जी के प्रति प्रधानमंत्री मोदी जी का भाव देखा तो प्रण लिया कि प्रधानमंत्री की माता जी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाएगा। शास्त्री ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री से कहा कि हमारे ब्याह में भले ही आप न आ पाएं, लेकिन अस्पताल के उद्घाटन में जरूर आइएगा।

### आस्था का केंद्र ...

सौभाग्य मिला है। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का केंद्र बनने जा रहा है। कैंसर हर जगह बड़ी परेशानी बन रहा है। इसलिए आज सरकार, समाज, संत सब कैंसर के खिलाफ लड़ाई में मिलकर प्रयास कर रहे हैं। गांव में अगर किसी को कैंसर हो जाए तो उससे लड़ना बहुत मुश्किल होता है। लंबे समय तक पता ही नहीं चलता कि कैंसर हुआ है। बुखार और दर्द की दवाई लोग लेते रहते हैं। लोग तांत्रिक के पास चले जाते हैं। जब गांठ दिखती है तब पता चलता है कि कैंसर हुआ है। पता चलते ही घर में मातम छा जाता है। सारे सपने चूर-चूर हो जाते हैं।

### संत महात्मा भी...

बनवाना चाहिए, ताकि कभी बीमारी में मुझे भी सेवा का मौका मिले। दिल्ली में आपका बेटा बैठा है। इसके लिए आपको आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिनका नहीं बना है वो जल्दी बनवा लें। मुख्यमंत्री जी से कहूंगा, इस क्षेत्र में कोई छूट गया हो तो तेजी से इस काम को आगे बढ़ाया जाए।

### पोल्लाची रेलवे स्टेशन...

रेलवे ने कहा कि आरपीएफ पोल्लाची ने आरोपियों की पहचान कर ली है और रेलवे एक्ट के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गौर हो कि तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके और केंद्र सरकार के बीच हिंदी को लेकर विवाद लगातार जारी है। डीएमके का आरोप है कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एईपी) 2020 के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस इलंगोवन ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले यह पॉलिसी भाजपा-शासित राज्यों में लागू की जाए और वहां के शिक्षा स्तर को सुधारा जाए। इस नीति का असली उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था पर धार्मिक विचार थोपना है, जिसे हम कभी स्वीकार नहीं करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके के आरोपों को काल्पनिक बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी भी भाषा को थोपने की सिफारिश नहीं करती है।

### 14 फरवरी के ...

पूर्वी मप्र में रात का पारा तेजी से गिरा। यहां औसतन ढाई डिग्री की गिरावट के साथ औसत तापमान 13 डिग्री तक रहा। प्रदेश के पांच जिलों में रात का पारा 10 डिग्री तक रहने से रात में गुलाबी का सर्दी अभी जारी है। रविवार को पांच जिलों में रात का पारा 10 डिग्री तक रहा। सबसे कम पचमढ़ी 6.1 रहा। शहडोल 9, शाजापुर, 9.3, उमरिया 10.3, खजुराहो 10.4 डिग्री रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ अभी उत्तरी ईरान और आसपास चक्रवाती सकुर्लेशन के रूप में है। यह 24 फरवरी को सक्रिय होगा। वहीं, एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पाकिस्तान के आसपास होने से हवाएं फिर बदलेंगी। दिन में धूप का असर बढ़ने से प्रदेशभर में अधिकतम तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही। प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 32 डिग्री रहा। भोपाल में पारा 1.7 डिग्री बढ़कर 30.7 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से आधा डिग्री अधिक है। मौसम केंद्र के अनुसार कल के बाद तापमान में बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से हवाएं फिर से पूर्वी और उत्तर पूर्वी होंगी। साथ ही धूप का असर भी बढ़ रहा है, जिससे दिन और रात दोनों तापमानों में बढ़त होगी। मंगलवार से पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा।

### खंडवा में बोलेरो ...

बताया जा रहा है कि परिवार की एक महिला ने किसी कारणवश जहर पी लिया था, जिसे सनावद अस्पताल ले जाया जा रहा था। बोलेरो में कुल सात लोग सवार थे। वहीं, ट्राला सनावद से पुनासा की ओर जा रहा था। सुलगांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने अचानक दोनों वाहनों की भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो सड़क से नीचे उतर गई और ट्राला सड़क पर आड़ा हो गया।

### मैहर में हादसा ...

था। कटनी से जबलपुर ले जाते समय एक युवती ने भी दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार इंदौर के राजेंद्र नगर थाना अंतर्गत इंद्रजीत नगर निवासी कचलानी परिवार के सदस्य कार से प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने निकले थे। रविवार की सुबह उनकी कार मैहर के अमदरा व पकरिया के बीच बोरी गांव के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में कार में सवार गीता कचलानी पति ईश्वर कचलानी (40 ) और चालक प्रसाद धर्गावणकर (45 ) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ईश्वर कचलानी पिता बिक्रिया कचलानी (48) और उनकी बेटी विनीता कचलानी (19) को गंभीर चोट आई।

### छतरपुर में ...

श्रद्धालु भोपाल की ओर लौट रहे थे। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### नाराजगी की अटकलों ...

हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास विकल्प मौजूद हैं। एक पॉडकास्ट में बोलते हुए हालांकि, थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं लगता। थरूर का बयान इसलिए अहम है, क्योंकि इससे पहले उन्होंने केरल सरकार की नीतियों और पीएम मोदी की अमेरिका में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की जमकर तारीफ की थी। यह कांग्रेस को कतई पसंद नहीं आई थी। पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान कांग्रेस सांसद ने विवाद पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने कभी खुद को राजनेता नहीं माना। इसलिए मेरे संकीर्ण राजनीतिक विचार हैं। उन्होंने कांग्रेस से केरल में अपने आधार का विस्तार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं को पार्टी की ओर आकर्षित करने के लिए काम करने को कहा। उन्होंने पार्टी की राज्य इकाई से नेताओं की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। दावा किया कि अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनके इस विचार का समर्थन किया कि पार्टी की केरल इकाई में किसी कद्दावर और प्रभावी नेता की कमी है। इससे पहले 18 फरवरी को थरूर ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की थी।

### लगातार तीसरी बार...

बीच मतभेद की खबरों पर भी टिप्पणी करने से भी इनकार कर दिया।

### कोहली के 'विराट'...

को हरा देता है, तो भारतीय टीम का सेमीफाइनल बर्थ कन्फर्म हो जाएगा। विराट कोहली के वनडे इंटरनेशनल करियर का ये 51वां शतक रहा। कोहली ने खुशदिल शाह की गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया, साथ ही भारत को भी जीत दिलाई। कोहली 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे। भारत ने 242 रनों के टारगेट को 42.3 ओवरों में ही हासिल कर लिया।

**विराट विजय सीएम ने दी बधाई:** टीम इंडिया की जीत के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर टीम इंडिया को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि रोमांचक मुकाबले में हमारे होनहार खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान को परास्त कर जीत हासिल करने की पूरी टीम और देशवासियों को हार्दिक बधाई। बेहतरीन टीमवर्क और जबरदस्त प्रदर्शन से आप सभी ने देश को गौरवान्वित किया है। टीम इंडिया ऐसे ही ऐतिहासिक प्रदर्शन करती रहे, मेरी शुभकामनाएं।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

प्रॉपर्टी
खरीदना है सागर शहर के आसपास या ग्रामीण एरिया 100 एकड़ से 1500 एकड़ सस्ती जमीन खरीदना है सम्पर्क करें- 9827951230, 9131508711
BLS-22 to 28-02-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

आवश्यक सूचना
वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26 not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक रविवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5788

**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5787 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | म्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |

## सूडोकु नवताल- 5798

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5797 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

आरबी एसोसिएट्स की निदेशक ऋषिका आहूजा ने 'हरिभूमि' से कहा

# निवेश के महाकुंभ से भोपाल का देश-दुनिया में होगा नाम, मिलेगी आर्थिक रूप से नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की राजधानी में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 भोपाल के इतिहास का गौरवशाली क्षण है। निवेश के इस महाकुंभ से भोपाल को देश-दुनिया में नई पहचान मिलेगी। क्योंकि दुनिया में मध्यप्रदेश के टॉप शहर के रूप में अभी तक इंदौर को ही जाना जाता रहा है। वजह आयोजित सभी राष्ट्रीयकृत इंवेंट इंदौर शहर में ही आयोजित हुए। मगर राजधानी में आयोजित जीआईएस 2025 से भोपाल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने औद्योगिक और व्यापारिक संस्कृति की छटा बिखेरते हुए पहचान स्थापित करेगा। यह ग्लोबल इन्वेटर्स समिट न केवल निवेश और व्यापारिक समझौतों के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भोपाल को एक व्यावसायिक, सांस्कृतिक और पर्यटन हब के रूप में प्रस्तुत करने का भी स्वर्णिम अवसर है। यह बात आरबी एसोसिएट्स की निदेशक, ऋषिका आहूजा ने हरिभूमि से कही।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



आज प्रदेश की राजधानी भोपाल में देश-दुनिया के बड़े-बड़े उद्योपतियों का महाकुंभ लगेगा। जिससे प्रदेश ही नहीं भोपाल की भी औद्योगिक विकास की गति को बल मिलेगा।

## वैश्विक निवेश के केंद्र के रूप में मजबूत पहचान होगी

ऋषिका आहूजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों का परिणाम और कि आज प्रदेश की राजधानी भोपाल में देश-दुनिया के बड़े-बड़े उद्योपतियों का महाकुंभ लगेगा। जिससे प्रदेश ही नहीं भोपाल की भी औद्योगिक विकास की गति को बल मिलेगा। ऋषिका आहूजा ने कहाकि यह समिट निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस आयोजन से प्रदेश में नई परियोजनाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश के केंद्र के रूप में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।

### युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे

ऋषिका आहूजा ने कहा कि जीआई 2025 की बदौलत भोपाल सिर्फ मध्यप्रदेश की राजधानी नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की राजधानी बनने की ओर अग्रसर होगा। भोपाल, इंदौर और जबलपुर में आईटी स्टार्ट-अप्स और इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे डिजिटल इंडिया मिशन को नया विस्तार मिल रहा है। समिट से मध्य प्रदेश के इंडस्ट्रियल सेक्टर में तेजी आएगी और मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। नए निवेशों से प्रदेश में बड़े उद्योगों के सैकड़ों सहायक औद्योगिक कंपनियां भी खुलेंगीं, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे व्यापारिक माहौल और अधिक अनुकूल बनेगा।

इंपैक्ट फीचर

## खबर संक्षेप

### देव इंफॉर्मेशन को मिला राज्यसभा से वर्क ऑर्डर

**नई दिल्ली।** देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और वेबसाइट डेवलपमेंट के लिए राज्य सभा सचिवालय से एक महत्वपूर्ण वर्क ऑर्डर प्राप्त किया है। 1.48 करोड़ रुपए मूल्य के इस अनुबंध में लगभग नौ महीने की अवधि में परियोजना के डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल हैं। इस प्रतिष्ठित परियोजना के लिए चुना जाना एक सम्मान की बात है।

### बजाज ने लांच की ग्लोबल इंश्योरेंस जीआईईए

**नई दिल्ली।** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स (जीआईईए) की लांचिंग की घोषणा की, जिसका उद्देश्य एशिया, मिडल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका में जनरल इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस के एडवाइजर्स के उत्कृष्ट योगदान को सराहना और सम्मानित करना है। इंडस्ट्री में विश्वसनीय नाम और इस इवेंट में पार्टनर, एशिया इंश्योरेंस रिव्यू (एआईआर), वर्ष 2025 के अवॉर्ड्स की देखरेख और संचालन करेगी।

### स्पोर्ट्ज विलेज ने किया 'पाथवे जेड36' लांच

**नोएडा।** स्पोर्ट्ज विलेज, भारत की सबसे बड़ी स्कूल स्पोर्ट्स संगठन, जो मैदान पर और मैदान के बाहर चैंपियन बनाने के लिए समर्पित है, ने अपनी नई पहल पाथवे जेड36 का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य पेन इंडिया पार्टनर स्कूल इकोसिस्टम और राष्ट्रीय जमीनी स्तर पर कार्यक्रमों से खेल प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें पोषित करना है, जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीटों का पूल मजबूत किया जा सके।

### स्ट्रीमिंग सेवा ने जारी किया ऊर्जा से भरपूर ट्रेलर

**मुंबई।** अमेजन एमएक्स प्लेयर, अमेजन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा पर किया जाएगा। स्ट्रीमिंग सेवा ने शो के नए सीजन का एक ऊर्जा से भरपूर ट्रेलर जारी किया, जो दर्शकों को आश्रम की उसी रहस्यमयी और सस्पेंस से भरी दुनिया में वापस ले जाएगा, जहां सत्ता, वफादारी और बदले की भावना से टकराती हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता प्रकाश झा द्वारा निर्देशित और निर्मित इस शो में बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं।

## निवेशकों का महाकुंभः भोपाल की लिए गौरवशाली इतिहास

# समिट मध्यप्रदेश की आर्थिक प्रगति को एक नई दिशा देगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश और विशेष रूप से भोपाल के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जिसमें देश-विदेश के निवेशक, उद्योगपति और नीति-निर्माता भाग लेने आ रहे हैं। यह आयोजन न केवल मध्यप्रदेश की आर्थिक प्रगति को एक नई दिशा देगा, बल्कि भोपाल को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी सहायक होगा।



यह बात राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कही। पाली ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर हम सभी भोपालवासियों का यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने शहर में आने वाले प्रत्येक निवेशक, आगंतुक और गणमान्य अतिथियों का खुले हृदय से स्वागत करें और उनकी मेहमाननवाजी में कोई कसर न छोड़ें। हमारी अतिथि संस्कृति की समृद्ध परंपरा रही है अतिथि देवो भव और हमें इसे जीआईएस 2025 के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पाली ने कहा कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सभी सम्मानित सदस्यों से आग्रह करता है कि सभी अपने-अपने स्तर पर यह सुनिश्चित करें कि जीआईएस-2025 में भाग लेने वाले हर निवेशक और आगंतुक को सर्वश्रेष्ठ आतिथ्य अनुभव मिले।




### सभी विशेष बातों का ध्यान रखें

व्यक्तिगत और संस्थागत स्वागतः सभी होटल, रेस्तरां, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, उद्योग और व्यापारिक संगठनों को इस अवसर पर आने वाले मेहमानों का विशेष स्वागत करें। विदेशी एवं बाहरी निवेशकों के लिए आसानी से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए स्वागत काउंटर, हेल्पडेस्क और गाइड्स की व्यवस्था करें। भोपाल की स्वच्छता और सौंदर्य को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सक्रिय योगदान दे। व्यवसाय और निवेश संभावनाओं को प्रस्तुत करनाः निवेशकों को मध्य प्रदेश और विशेष रूप से भोपाल में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस समिट की सफलता न केवल सरकार और निवेशकों पर निर्भर करती है, बल्कि हम सबकी भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। हम एकजुट होकर इस वैश्विक आयोजन को एक यादगार अनुभव बनाएं और भोपाल को व्यावसायिक उत्कृष्टता और अतिथि सत्कार के लिए एक मिसाल के रूप में स्थापित करें।

## मोहन सरकार करेगी हर 45 किमी पर हेलिपैड और 150 किमी पर हवाई अड्डा का निर्माण

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी नई सिविल एविएशन पॉलिसी के तहत राज्य में एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के तहत हर 45 किलोमीटर की दूरी पर हेलिपैड और हर 150 किलोमीटर पर एक नया हवाई अड्डा बनाया जाएगा।

इससे राज्य में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार व पर्यटन को गति मिलेगी। राज्य सरकार एयरलाइंस को आकर्षित करने के लिए विशेष वित्तीय प्रोत्साहन भी देगी। मध्य प्रदेश को अन्य राज्यों से जोड़ने वाली प्रत्येक नई घरेलू उड़ान के लिए सरकार 7.50 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देगी। नई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए विमानन कंपनियों को 10 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इंदौर, उज्जैन और ओंकारेश्वर को हेलीकॉप्टर सेवाओं से जोड़ने के लिए जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। इससे इन महत्वपूर्ण धार्मिक और व्यापारिक केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। इस कदम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे पर्यटन और व्यावसायिक यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। यात्रा का समय भी घटेगा जैसे भोपाल से इंदौर की हवाई यात्रा मात्र 55 मिनट में पूरी हो सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के कारण मध्य प्रदेश एक प्रमुख एयर कार्गो हब बन सकता है। इसकी क्षमता को देखते हुए, राज्य में 20 से अधिक आधुनिक कार्गो टर्मिनल स्थापित किए जा रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार और माल परिवहन को सुविधाजनक बनाएंगे। इस नीति से राज्य में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन अपनाने वाले व्यवसायों को नई ग्रीन कार्ड योजना के तहत त्वरित अप्रूवल और रेगुलेटरी सहायता प्रदान की जाएगी। अब तक संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचाने जाने वाले भोपाल को नई नीति के तहत वैश्विक निवेश और व्यापार के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस नीति से मध्य प्रदेश देश और दुनिया में एक महत्वपूर्ण व्यापार और पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगा।

## भोपाल के सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर

# 22 आकर्षक विंटेज रूम्स और सुइट्स कपल्स-एक्सक्लुसिव लग्जरी बुटीक रिट्रीट में इतिहास का मिलेगा जीवंत अनुभव





वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी कंपनी एटमॉस्फियर कोर ने अपने पहले कपल्स-ओनली रिजॉर्ट, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल की शुरुआत के साथ भारत में प्रवेश किया है।

सदर मंजिल का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। इसके साथ ही मेहमानों के लिए इस होटल की आधिकारिक शुरुआत जल्द ही की जाएगी। ऐतिहासिक भोपाल और जीवंत नए भोपाल के बीच महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित सदर मंजिल हैरिटेज में इतिहास का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 19वीं सदी में बेगमों और नवाबों की सभा के लिए इस्तेमाल होने वाले इस ग्रांड हॉल एवं आवास को रिस्टोर करके कपल्स के लिए एक लग्जुरियस रिट्रीट बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहाकि सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल विरासत इस शहर और पूरे मध्य प्रदेश राज्य की समृद्ध पहचान और गौरव का प्रमाण है।

### सदर मंजिल में एक बेजोड़ और नया अनुभव

*अक्षत जैन, सीईओ आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहाकि भारत में अवॉर्ड-विनिंग एटमॉस्फियर होटल्स एंड रिजॉर्ट्स ब्रांड लाने का यह उपयुक्त समय है। मालदीव के इनोवेटिव हॉस्पिटैलिटी कॉन्सेप्ट्स और स्थानीय विरासत का यह मिलन सदर मंजिल में एक बेजोज और नया अनुभव पेश करता है। भारत में बुटीक लग्जरी के इस नए अनुभव के बारे में विनोद यदुवंशी, डायरेक्टर, आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहाकि मुझे विश्वास है कि सदर मंजिल का ऐतिहासिक वैभव उन सैलानियों को बहुत पसंद आएगा, जो रोमांस, अंतर्राष्ट्रीय लग्जरी और बीते हुए समय की सुंदरता का अनुभव लेना चाहते हैं। इस प्रॉपर्टी में एंटीक फर्नीचर के साथ 22 आकर्षक विंटेज रूम्स और सुइट्स हैं, जो शानदार टुर्कोईज और क्रीम कलर्स में फिनिश किए गए हैं। यहां हर स्टे की शुरुआत एक नफीस वैलकम से होती है। सबसे पहले एयरपोर्ट पर पारंपरिक रूप से अभिवादन किया जाता है, उसके बाद श्वाफर सिटी ड्राइव कराता है, और मैंशन के गेट पर गुलाब की पंखुड़ियों से मेहमानों का स्वागत किया जाता है। एटमॉस्फियर कोर के एमडी, सलिल पाणिग्रही ने कहा कि मालदीव में हमारे विस्तृत अनुभव से हमें भारत में अपना विस्तार करने की प्रेरणा मिली, जहां टूरिज्म उद्योग लगातार विकास कर रहा है। सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल में हनीमून और महत्वपूर्ण अवसरों की खुशी मनाने के लिए अनेक दिलकश अनुभव प्राप्त होंगे, जिनमें शहर की सैर और हस्तरेखा विज्ञान जैसी मनोरंजक गतिविधियां उनके शाही अनुभव को और बेहतर बना देंगी।*

## बिजनेस न्यूज

### मुथूट फाइनेंस ने शुरू किया वित्तीय सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी आंदोलन




**नई दिल्ली।** दो बेहद सफल सीजन के बाद, भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी मुथूट फाइनेंस सुनहरी सोच सीजन 3 के साथ वापस आ गई है, जो गोल्ड लोन से जुड़ी मिथकों को तोड़ने और लाखों लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक शक्तिशाली आंदोलन है। कथावाचक के रूप में दिग्गज माधुरी दीक्षित के साथ, यह सीजन मुथूट फाइनेंस के ग्राहकों की असाधारण वास्तविक जीवन की सफलता की कहानियां बताता है, जिन्होंने अपने सोने को अवसर और वित्तीय स्वतंत्रता के इंजन में बदल दिया। 24 फरवरी 2025 से रेडियो सिटी 91.1 एफएम और मिर्ची 98.3 एफएम पर लाइव होने वाला यह अभियान वास्तविक जीवन के ग्राहकों की प्रेरणादायक गवाही को जीवंत करेगा, जिससे यह संदेश पुष्ट होगा कि गोल्ड लोन केवल उधार लेने के बारे में नहीं है, बल्कि गरिमा और गर्व के साथ सपनों को सशक्त बनाने के बारे में है। अभियान को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, सुनहरी सोच सीजन 3 को 64 रेडियो स्टेशनों पर प्रचारित किया जाएगा। मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि इन वास्तविक जीवन के ग्राहकों की गवाही के वीडियो मुथूट समूह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए जाएंगे। सोना सिर्फ एक संपत्ति नहीं है, यह अवसरों का एक वित्तीय प्रवेश द्वार है।

### जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन जिंदल को मिला सम्मान



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवॉर्ड्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। जिंदल को यह पुरस्कार यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है।

### राजीव कपूर ने पेश किया 'मिशन सेव लाइफ्स-13 पॉइंट' प्लान



**नई दिल्ली।** राजीव कपूर ने मोरक्को सम्मेलन में मिशन सेव लाइफ्स- 13-पॉइंट प्लान पेश किया, जो 2030 तक वैश्विक सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखता है। मोरक्कों वैश्विक सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, संयुक्त राष्ट्र-डब्ल्यूएचओ ने स्टीलबर्ड हेलमेट्स के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर को हेलमेट विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया। उन्होंने मोरक्को में आयोजित चौथे मंत्रीस्तरीय सम्मेलन में मिशन सेव लाइफ्स नामक 13-पॉइंट रोडमैप का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य 2030 तक वैश्विक सड़क दुर्घटनाओं को 50त्न तक कम करना है। यह पहल संयुक्त राष्ट्र के डेकेड ऑफ एक्शन फॉर रोड सेफ्टी (2021-2030) के तहत की जा रही है। दुनिया भर के हेलमेट निर्माताओं, नीति निर्माताओं और उद्योग के नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान, कपूर ने सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को रोकने के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने खराब गुणवत्ता वाले और नकल के हेलमेट के खिलाफ संघर्ष करने की आवश्यकता को प्रमुखता दी, जो वास्तविक सुरक्षा प्रदान नहीं करते।

### इंदौर में 32वां अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव

**इंदौर।** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन ने 32वें अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन 2025 का सफल उद्घाटन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में किया, जिसमें 3,000 से अधिक उद्योग जगत के नेता, उद्यमी, नीति निर्धारक, अर्थशास्त्री और अकादमिक एवं छात्र एकत्र हुए, और व्यापार के विकास, वित्तीय उन्नति, नेतृत्व रणनीतियों और भारत की वैश्विक आकांक्षाओं पर परिवर्तनकारी चर्चाएं कीं। इस वर्ष का थीम उद्यामेना ही सिद्धयंती था, जिसे डॉ. संदीप आत्रे ने स्पष्ट रूप से समझाया, जिसमें उन्होंने आज के गतिशील व्यापारिक वातावरण में प्रयास और उपलब्धि की महत्ता पर जोर दिया। सम्मेलन की शुरुआत एक आध्यात्मिक और शास्त्रीय छाप के साथ हुई, जिसमें सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन हुआ। आईआईएम इंदौर के निदेशक और इंदौर प्रबंधन संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु राय ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भारत के उज्जवल भविष्य की बात की। उन्होंने भविष्यवाणी की कि भारत 2047 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और उच्च कुशल कार्यबल द्वारा संचालित होगा।

### टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड

*मुंबई। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं। रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब सिर्फ बचत करना नहीं है, बल्कि जोखिमों का प्रबंधन करते हुए अपनी संपत्ति बढ़ाना भी रिटायरमेंट प्लानिंग में शामिल होना चाहिए। टाटा एआईए का नया फंड क्वांट-आधारित निवेश रणनीति के जरिए पोर्टफोलियो स्थिरता सुनिश्चित करते हुए बाजार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है।*

एक तरफ शेयर बाजार में गिरावट तो दूसरी तरफ सोने की आसमान छू कीमतें

# महज सात दिन में 1,300 रुपए प्रति दस ग्राम और महंगा हुआ सोना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ शेयर बाजार में गिरावट का थमने का नाम नहीं ले रही है, वहीं दूसरी तरफ सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं। बीते एक हफ्ते में सोना प्रति 10 ग्राम 1,300 रुपए और महंगा हो गया।

सोने की कीमत में यह उछाल अब सिर्फ मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज तक ही सीमित नहीं है, बल्कि घरेलू मार्केट में भी सोने की कीमतें रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। राजधानी के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 88800 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 98000 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही।

**सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 88800 रुपए प्रति 10 ग्राम**



### इस साल तेजी से बढ़ रही सोने की कीमत

*सोने की कीमत इस साल बजट के बाद भी लगातार तेजी से आगे बढ़ती जा रही हैं. बीते हफ्ते शुक्रवार को आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को एमसीएक्स पर 4 अप्रैल की एक्सपायरी वाले गोल्ड का दाम प्रति 10 ग्राम 84,687 रुपए तक पहुंच गया। जबकि 21 फरवरी को यानी कि इस हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन में यह 86,020 रुपए तक पहुंच गया। यानी कि महज एक हफ्ते 10 ग्राम सोने की कीमत में 1,333 रुपए का इजाफा हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी सत्ता संभालने के बाद उनकी कड़ी पॉलिसी के चलते दुनिया में महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में निवेशक सुरक्षित निवेश के रूप में सोने पर पैसा लगा रहे हैं। निवेशकों को शेयर बाजार में नुकसान होने का डर सता रहा है क्योंकि एफआईआई भारतीय शेयर बाजार में लगातार अपने शेयर बेच रहे हैं। ऐसे में सोने को निवेश का सुरक्षित तरीका माना जा रहा है। अब डिमांड बढ़ रही है, तो सोने के दाम भी बढ़ रहे हैं। दरअसल, ट्रंप के अलग-अलग देशों से आयात होने वाले वस्तुओं पर टैरिफ लगाए जाने की वजह से टैरिफ वॉर की आशंका बढ़ गई है। इससे महंगाई बढ़ने के भी आसार हैं।*

### बजाज एलियांज ने बीमा क्षेत्र में गारंटीड पेंशन गोल 2 किया पेश

**पुणे।** बजाज एलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज एलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल 2 के लांच की घोषणा की, जो एक गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली तत्काल और विलंबित वार्षिकी योजना है। इसे ग्राहकों को उनकी सेवानिवृत्ति योजना पर नियंत्रण रखने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। उद्योग जगत में पहली बार 30 साल तक के विलंबन की सुविधा के साथ, यह अभिनव पेंशन योजना 35 साल की उम्र से ही व्यक्तियों को वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में सक्षम बनाती है, जो प्रारंभिक सेवानिवृत्ति योजना के लिए बेजोड़ लचीलापन प्रदान करती है। बजाज एलियांज लाइफ द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन से पता चला है कि 77 फीसदी भारतीय सुरक्षित और तनाव-मुक्त सेवानिवृत्ति के लिए जीवन बीमा को अपना पसंदीदा वित्तीय साधन मानते हैं, जो संरचित सेवानिवृत्ति योजना की ओर बढ़ते बदलाव को दर्शाता है।

ड्राई फ्रूट्स व्यापारियों की वित्त मंत्री से डिमांड

# जीएसटी को 18 से घटाकर 5 फीसदी किया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेवा कारोबारियों की इकाई, नट्स एंड ड्राई फ्रूट्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने सरकार के वित्त मंत्री से अनुरोध किया कि ने अखरोट के आयात शुल्क को प्रति किलोग्राम के आधार पर युक्तिसंगत बनाने, जीएसटी को घटाकर पांच प्रतिशत करें और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू की जाए।

काउंसिल के अनुसार, भारत का मेवे का बाजार 18 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़ रहा है और यह 2029 तक 12 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

**भारत में मेवे का बाजार 18 प्रतिशत की सालाना वृद्धि**



### कश्मीर में होता है देश का 90 फीसदी अखरोट

*देश में कुल अखरोट उत्पादन में 90 प्रतिशत से अधिक कश्मीर में होता है। इसे देखते हुए एनडीएफसी के अध्यक्ष गुंजन वी जैन ने मौजूदा 100 प्रतिशत आयात शुल्क के बावजूद स्थानीय किसानों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। परिषद ने बादाम के 35 रुपए प्रति किलोग्राम की दर के समान अखरोट के आयात शुल्क को 150 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित करने की सिफारिश की। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए चिली और अमेरिका से अखरोट के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। संगठन ने आयात निर्भरता को कम करने के लिए अखरोट और अन्य मेवों के उत्पादन क्षेत्रों का विस्तार करने के लिए सब्सिडी बढ़ाने का भी अनुरोध किया है। एनडीएफसी ने मेवों को अधिक किफायती बनाने के लिए उन पर माल एवं सेवा कर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की मांग की।*

## चिंतन

# जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खिलाफ अभियान चले

भारत में जीवनशैली संबंधित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, थायराइड जीवनशैली संबंधी रोग माने जाते हैं। हाल में ही सरकार ने 30 वर्ष की उम्र से अधिक करीब 89 करोड़ लोगों की देशभर में स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला लिया है। सरकार राष्ट्रीय अभियान चलाकर इस उम्र के लोगों में डायबिटीज, बीपी, कैंसर की जांच करवाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापे पीड़ितों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है और लोगों से दस फीसदी कम फैट के सेवन का आह्वान किया है। हाल के दशकों में भारतीयों की लाइफस्टाइल से शारीरिक श्रम कम होता गया है और सिडेंट्री लाइफ अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 21 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, 19 करोड़ लोग बीपी के शिकार हैं, 14 करोड़ लोग मोटापा व करीब 9 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित हैं। 15 करोड़ से अधिक महिलाएं थायराइड की शिकार हैं। देश में करीब 40 करोड़ से अधिक लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। देश में फास्टफूड का चलन बढ़ा है, बाहर खाने की चाहत बढ़ी है। इन कारणों से लाइफस्टाइल संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया है। इसके दो फायदे हैं। खानपान में तेल की खपत कम होने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा और देश को तेल कम आयात करना होगा। चिकित्सकों के मुताबिक, नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल व शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छे पैट माने जाते हैं, जबकि अन्य रिफाइंड आयल ठीक नहीं माने जाते। भारत बड़ी मात्रा में पाम समेत कई प्रकार के रिफाइंड तेल आयात करता है। पीएम ने फिट इंडिया का भी आह्वान किया था, जिसमें लोगों से योग व्यायाम को जीवनशैली में अपनाने के लिए कहा था। आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में दुनियाभर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। स्वास्थ्य संबंधी चीजें खतरनाक न हो जाए, देश में महामारी न बन जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय, जिसमें काम और आराम में संतुलन हो। सरकार को इसी के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। आज के शहरी जीवन में तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ये मानसिक समस्याएं भी लाइफस्टाइल के चलते हो रही हैं। भारत में करीब 15 करोड़ लोग टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को सजग होना ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ल्ड क्लास का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य मद में जीडीपी का छह फीसदी से अधिक बजट आवंटन होना चाहिए। मोदी सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बड़ा निवेश करना चाहिए और उपाचार के लिए हॉलिस्टिक एप्रोच अपनाना चाहिए। चिकित्सा के प्रिवेंटिव हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने



1961 में जिस मानवीय सहायता के भावनावश यूएसएड आरंभ की थी, आज 63 वर्ष बाद यह सहायता बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका के लिए देशों के विरुद्ध षड्यंत्र करने-फैलाने और सहायता पाने वाले अधिसंख्य मुस्लिम देशों के लोगों के लिए जन्मसिद्ध अधिकार होने का पर्याय बन गई है। 63 वर्ष पूर्व सहायता पाने वाली जिस वैश्विक आबादी में सहायता की प्रतिक्रिया में धन्यवाद की भावना होती थी, अब उस आबादी की वर्तमान पीढ़ी धन्यभावना भूल चुकी है। वह हक की नजर से सहायता लेती है और सहायता के बदले देश-विदेश में कुछ भी कोई भी अराजक कांड करने का माध्यम बन जाती है। यूएसएड को हक मानकर हड़पने वालों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इत्यादि देशों के आतंकवादी और अवैध काम करने वाले ही नहीं है, बल्कि इन देशों के शासकीय तंत्र के पक्ष और विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। इस प्रकरण में भारत अपवाद नहीं है। यहां भी यूएसएड के संदर्भ में उपरोक्त देशों जैसी इंसानी और तंत्रगत दुष्प्रवृत्तियां हावी रही हैं। अमेरिकी वित्तीय सहायता कार्यक्रम हेतु दुनियाभर के 60 देशों में यूएसएड एजेंसी के कार्यालय हैं। इस एजेंसी का वार्षिक बजट 40 अरब डालर है। भारत तीसरे स्थान पर है जिसे सबसे अधिक एड मिली है। यहां यह वित्तीय सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्रों हेतु दी जाती है। यह एड मानवों की भलाई के लिए दी जा रही है। किंतु भारत के संदर्भ में तो स्पष्ट दिखता है कि यहां क्रिश्चिन मिशनरीज के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा, भाषा, जीवनशैली, रहन-सहन और अन्यान्य गतिविधियों में भारत के लोगों को झोंके रखने के मकसद से ही यूएसएड वितरित होती रही है। गत दस वर्षीय भारतीय शासन ने अमेरिकी वित्तीय सहायता के चालचरित्र को पहचान कर उसके प्रतिरोध के लिए जो व जितने भी शासकीय उपाय किये हैं, उनके प्रभाव में ही ट्रंप व एलन मस्क के माध्यम से आज यह रहस्योद्घाटन हो रहा है कि ऐसी सहायता का दुरुपयोग तो भारत में आम चुनाव तक को प्रभावित करने के लिए किया जाता रहा है। दुनिया के शांत व समझदार लोग स्पष्ट देखते आये हैं कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स और भारत में कांग्रेस के शासनकाल में कितना राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पराभव घटित होता रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे शासन की शासकीय अयोग्यताओं द्वारा अमेरिका और भारत दोनों के ही पड़ोसी देशों में भी भयंकर अराजकता व अस्थिरता उत्पन्न होती रही है। अमेरिकी डेमोक्रेट्स की शासकीय अयोग्यता का दुष्परिणाम दूरी दुनिया ने म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में तख्तापलट के रूप में देखा ही है। यूक्रेन, रूस, इजरायल व फिलीस्तीन में युद्धगत विनाश के रूप में भी डेमोक्रेट्स का लालच स्पष्ट दृष्टिगोचर है। बांग्लादेश में तो भारत विरोधी राजनीतिक वातावरण निर्मित करने के लिए डेमोक्रेट्स ने यूएसएड की आड़ में 2.9 करोड़ डॉलर फूंके। वास्तव में हिंदुत्व के विचार के साथ समृद्ध हो रहे भारत को अमेरिका की क्रिश्चियन गुप्त शक्तियां अस्थिर करना चाहती हैं। इस कोशिश में इस्लामिक ताकतें भी समानांतर रूप में हाथ-पैर मार रही हैं। भाजपा के नेतृत्व में आरूढ़ वर्तमान भारतीय शासन ऐसी ताकतों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा। अमेरिका में जब-जब डेमोक्रेट्स शासन सत्तारूढ़ हुआ, तब-तब उसके गुप्त शासकीय कार्यक्रमों में शत्रु देशों के विरुद्ध कूटनीतियां बना उन्हें क्रियान्वित करना सदैव प्राथमिकता में रहा। डेमोक्रेट्स के शासन में राजनेता बने कई व्यवसायियों का हथियार विनिर्माण का धंधा है। ऐसे धंधे के फलित होने के लिए दुनिया में युद्ध होते रहने चाहिए ताकि इनके द्वारा निर्मित हथियारों की खपत होती रहे और इनका लाभ बढ़ता रहे। भारत के विरुद्ध भी डेमोक्रेट्स की ऐसी ही योजना थी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विमर्श
मनोज कुमार अग्रवाल




# कॉलेज कैम्पस के माहौल को सुधारने की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र-छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि हमारे कैम्पसों का माहौल टार्चर सेंटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल, विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हॉस्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी थी। आरोप है कि उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूनाभर हैं, आए दिन हमारे कॉलेज कैम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रही हैं। बता दें कि नेपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को हैवानियत का निशाना बनाकर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं



संकलित
प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## जुनून



**चेन्नई।** क्रिकेट प्रशंसक चेन्नई के मरीना बीच पर बड़ी स्क्रीन पर भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच देखने के दौरान का चित्र।

## आज की पाती


### मातृभाषा का महत्त्व

युनेस्को ने प्रतिवर्ष 21 फरवरी 1999 को मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना भी है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ही नहीं, बल्कि बहुभाषीय देश भी है। हमारे देश में जितनी बोलियां हैं उतनी शायद ही दुनिया के दूसरे देश में बोली जाती हैं। यह खूबी भी हमारे देश की अनेकता में एकता की इज्जत को चार चांद लगाती है। हमारे देश की बोलियों में भारत की सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देश के सभी राज्यों में चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, यहां पर कई बोलियां हैं। यहां जितनी भी बोलियां विभिन्न जिलों में बोली जाती हैं, वो एक-दूसरे लोगों को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। सभी बोलियों का विकास जरूरी है। *- शंकर चंद्राकर, भाटापारा*

## करंट अफेयर


# अफगानिस्तान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण होगा बहाल

अफगानिस्तान में तालिबान शासन द्वारा लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद एक अफगान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण फिर से शुरू होगा। तालिबान ने लाइसेंस का अनुचित उपयोग करने का हवाला देते हुए स्टेशन का संचालन रोक दिया था।' रेडियो बेगम' की शुरुआत मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई थी। इसके पांच महीने बाद ही अमेरिका और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। स्टेशन पर प्रसारित की जाने वाली सामग्री अफगान महिलाओं द्वारा तैयार की जाती है। इसका सहयोगी उपग्रह चैनल 'बेगम टीवी' फ्रांस से संचालित होता है और सातवीं से 12वीं कक्षा तक के अफगान स्कूली पाठ्यक्रम को कवर करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करता है। तालिबान ने देश में महिलाओं और लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि 'रेडियो बेगम' ने परिचालन पुनः आरंभ करने की अनुमति के लिए 'कई बार अनुरोध' किया था।



## ऑफ बीट

# घुटने के गठिया में एक्स-रे से सर्जरी की संभावना ज्यादा



गठिया, जोड़ों में होने वाले बदलावों और जोड़ों द्वारा अपनी सामान्य स्थिति बरकरार रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने के कारण होता है। यह हड्डियों, कार्टिलेज, स्नायुबंधन और मांसपेशियों सहित पूरे जोड़ को प्रभावित करता है। घुटने के गठिया से पीड़ित कई लोगों को लगातार दर्द महसूस होता है और उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों जैसे चलने और सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई होती है। यद्यपि गठिया के लिए इस तरह की सर्जरी को अक्सर अपरिहार्य माना जाता है, लेकिन इस पर केवल उन लोगों के लिए विचार किया जाना चाहिए जिनके लक्षण गंभीर हैं और जिन्होंने पहले से ही दवाओं से उपचार की कोशिश की है। सर्जरी से रक्त का थक्का जमने या संक्रमण जैसी गंभीर प्रतिकूल घटनाओं का खतरा रहता है, तथा हर कोई पूरी तरह ठीक भी नहीं हो पाता। केवल एक्स-रे के आधार पर सर्जरी से जुड़े फैसले लेने पर भी कई सवाल खड़े होते हैं। यही कारण है कि घुटने के गठिया के उपचार संबंधी निर्णय लेने के लिए नियमित एक्स-रे की सिफारिश नहीं की जाती है।

## ट्रेंड


### इसरो की सराहना



क्रिकेट की भाषा में शतक एक लोकप्रिय शब्द है, लेकिन हमने आज की 'मन की बात' की शुरुआत खेल के मैदान पर नहीं बल्कि अंतरिक्ष में शतक के साथ की...अपने 100वें प्रक्षेपण पर इसरो की विशेष उपलब्धि की सराहना की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समाज को नई दिशा



कोई भी खिलाड़ी जब खेलता है तो वह अपने देश के लिए खेलता है, उसका समर्पण, उसका अनुशासन और उसकी टीम भावना द्वारा प्राप्त परिणाम समाज को एक नई दिशा देता है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### रेलवे को सक्षम बनाएं



क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है? मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### सफाईकर्मी को वेतन



महाकुंभ ख़त्म होने को आया लेकिन दो महीने से काम करने वाले सफ़ाईकर्मी को वेतन न मिलना बदइंतज़ामी का एक और सबूत है। सवाल ये है कि उत्तरप्रदेश भाजपा सरकार ने महाकुंभ से जो अरबों कमाये हैं वो कहाँ गये?

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

सर्वसिद्धिप्रदः कुंभः
महाकुंभ 2025

# दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने स्नान कर जीवन धन्य किया, मां जानकी के 'मायके' वाले भी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या शनिवार को 62 करोड़ पार हो गई है। पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी भी संगम में पुण्य स्नान कर चुके हैं। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। इस तरह से पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी संगम में डुबकी लगा चुके हैं।भारत में सनातन धर्म को मानने वाले 55 प्रतिशत से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके हैं। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर साक्षी बन चुके हैं।

## महाकुंभ में पुण्य की महाडुबकी



[ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। ]

## डीडीयू जंक्शन पर भिड़े पैसेंजर, चले लात-घूंसे और थप्पड़

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेलवे स्टेशन से महाकुंभ में जाने के लिए यात्रियों की जमकर भीड़ उमड़ी। ट्रेनों में बैठने को लेकर लोग आपस में भिड़ जा रहे हैं और मारपीट तक करने लगे। यहां पर यात्रियों के बीच लड़ाई का एक वीडियो सामने आया है। ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों का दो समूह आपस में भिड़ गया। दोनों समूहों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद एक समूह के एक व्यक्ति ने दूसरे समूह के एक व्यक्ति को पीट दिया। हालांकि, जैसे ही दूसरे समूह के लोगों की नजर मारपीट करने पर पड़ी तो उन्होंने मिलकर पहले समूह के लोगों को पीट दिया।

### स्पेशल ट्रेन में चढ़ने की मशक्कत



**जाने वालों की उमड़ रही भारी भीड़**

डीडीयू रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। ट्रेनों में पैर तक रखने की जगह नहीं है, लेकिन डुबकी लगाने श्रद्धालु ट्रेनों में किसी तरह यात्रा कर रहे हैं।

## अब तक 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

### सीएम योगी ने सदी की दुर्लभ घटना कहा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव'में योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कहूंगा।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से बड़ा बदलाव संभवः जयशंकर



काशी तमिल संगमम 3.0 में प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि देश आज प्रौद्योगिकी के स्रोत के रूप में अपनी वैश्विक स्थिति को फिर से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है, क्योंकि परंपरा प्रौद्योगिकी में मदद कर सकती है।

## खबर संक्षेप

### गुरु रंधावा घायल अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** मशहूर सिंगर गुरु रंधावा को अस्पताल में भर्ती कराया गया, सोशल मीडिया पर अस्पताल के बिस्तर से उन्होंने अपनी परेशान कर देने वाली तस्वीर पोस्ट कर यह खबर दी है। इससे फैंस की चिंता बढ़ गई है। रविवार को सिंगर ने अस्पताल से लेटेस्ट शॉकिंग फोटो शेयर करते हुए हेल्थ अपडेट दी है। उन्होंने भर्ती होने के पीछे की वजह भी बताई है।

### हापुड़ में मासूम का शव पड़ोस की छत पर मिला



**हापुड़।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में दो दिन पहले लापता एक बच्चे का शव पड़ोस की एक छत से बरामद हुआ है। अपहरण के बाद बच्चे की हत्या की आशंका जताई जा रही है। गढ़ के मोहल्ला सेगेवाला निवासी राजाराम का बेटा कृष्णा (8) शुक्रवार से लापता था।

### गोवा घूमने गए पर्यटक ने महिला को कुचला



**पणजी।** दिल्ली के एक पर्यटक को गोवा में गिरफ्तार किया गया है। उस पर पालतू डॉग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद एक महिला की कुचल कर हत्या करने का आरोप है। ये घटना मंड्रेम में हुई, जब एक स्थानीय महिला ने एक टूरिस्ट फैमिली से रिक्वेस्ट किया कि वे अपने डॉग को उनके घर के पास न लाएं।

### हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके लगे




**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, मंडी में धरती कांपी है। इस भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। कुछ दिन पहले दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के तेज झटके महसूस हुए थे, तब तो लोग डरकर घर से बाहर निकल गए थे।

### कैंटर-पिकअप में टक्कर से 3 लोगों की मौत



**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दस अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि देवबंद सहारनपुर निवासी राहुल सिंह अपने परिवार के 13 सदस्यों के साथ छोटे हाथी (पिकअप) वाहन से आगरा होते हुए प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित

# प्रेरणास्रोत महिलाएं एक दिन मेरे 'एक्स' इंस्टाग्राम के अकाउंट को करेंगी साझा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 119 वें एपिसोड देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने महिला दिवस को लेकर खास चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अगले महीने आने वाले महिला दिवस को लेकर एक खास ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। देवी माहात्म्य में कहा गया है - विद्या : समस्ताः तव देवि भेदाः स्त्रीयः समस्ताः सकला जगत्सु। अर्थात सभी विद्याएं, देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। इस दौरान संविधान सभा में हंसा मेहता के संबोधन को भी पीएम मोदी ने देश के साथ साझा किया। पीएम मोदी ने कहा कि साथियो, इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे एक्स और इंस्टाग्राम के अकाउंट उनको देश की कुछ प्रेरणास्रोत महिलाओं को, एक दिन के लिए सौंपूंगा।

**महिला दिवस पर किया बड़ी पहल का ऐलान**

हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि

### अपने मासिक कार्यक्रम के 119 वें एपिसोड में बोले




### भारत ने स्पेस में शानदार सेंचुरी बनाई

पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में सबसे पहले क्रिकेट की बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। लेकिन मैं, आप सबसे क्रिकेट नहीं, बल्कि भारत ने स्पेस में जो शानदार सेंचुरी बनाई है उसकी बात करने वाला हूं। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग के साक्षी बने हैं। स्पेस विज्ञान में नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है।

### अंतरिक्ष यात्रा में वैज्ञानिकों ने हासिल की अभूतपूर्व सफलता



मोदी ने कहा, हमारी स्पेस यात्रा की शुरुआत सामान्य हुई थी। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष की उड़ान में सफलताओं के झंडे गाड़ दिए। लॉन्च व्हीकल का निर्माण हो, चंद्रयान हो, मंगलयान हो, आदित्य एल-1 या एक रॉकेट से 104 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की अभूतपूर्व मिशन हो, हमने रिकॉर्ड बनाए।

### 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रहें

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में हम 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों का, युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है, जिसे आप 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रह सकते हैं, यानि, आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में, एक वैज्ञानिक के रूप में, बिताकर देखें।

'एग्जाम वॉरियर्स' को दी शुभकामनाएं



### सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स का नाम दिया। अपील की कि ये वॉरियर्स अपना आत्मविश्वास बनाए रखें और अपनी मेहनत पर विश्वास करें। पीएम मोदी ने कहा कि आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बोर्ड एग्जाम का समय है। मैं अपने युवा-साथियों यानि एग्जाम वॉरियर्स को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए।

## विधानसभा सत्र से पहले भाजपा की बैठक

सत्र आज से कार्यवाही पर की चर्चा



# सीएम रेखा व मंत्री-विधायकों ने किया गहन विचार-विमर्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का नया सत्र सोमवार से शुरू होगा। पहले विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। सत्र से पहले भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। सीएम रेखा गुप्ता समेत मंत्री और विधायक दिल्ली भाजपा कार्यालय पहुंचे। इस बैठक में विधायकों के साथ सदन में होने वाली कार्यवाही को लेकर चर्चा की। रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक में मंत्री कपिल मिश्रा, प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा आदि थे।

### सीएजी रिपोर्ट होगी पेश


सीएम गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है। मंत्री अपने-अपने विभागों का गहन अध्ययन और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल की कमियों को ठीक करने के लिए ताबड़तोड़ कदम उठाए जा रहे हैं। मंगलवार को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 27 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण सत्र नहीं बुलाया गया है। 27 फरवरी को पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक हो सकती है। सदन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण पर बहस होगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी बनीं नेता प्रतिपक्ष



आम आदमी पार्टी ने पार्टी मुख्यालय पर विधायक दल की बैठक की, जिसमें नेता प्रतिपक्ष के नाम पर मुहर लग गई है। आप ने ऐलान किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी इस बैठक में शामिल हुए। गोपाल राय ने इसकी औपचारिक घोषणा कर दी है।

## शिकारे की सवारी का आनंद



**श्रीनगर।** श्रीनगर में रविवार को धूप वाले सर्दियों के दिन में हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद डल झील पर शिकारे की सवारी का आनंद लेते पर्यटक।

धोती कुर्ता की चिंता छोड़ खेत में उतर गए शिवराज

# दिल्ली से नहीं चलेगा मखाना बोर्ड, भाजपा सरकार जमीन पर उतरकर कर रही काम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ दरभंगा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को दरभंगा पहुंचे और मखाना किसानों से मिले। उन्होंने मखाना रिसर्च सेंटर का दौरा किया और खेती की प्रक्रिया को समझा। वे खुद खेत में उतरे और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ मखाना के पौधे भी रोपे। इस अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। सांसद गोपाल जी ठाकुर भी मखाना पौधे को रोपे। कार्यक्रम से पहले शिवराज ने दिल्ली मोड़ स्थित मखाना अनुसंधान केंद्र में मखाना उत्पादों से जुड़े 10 स्टॉलों का निरीक्षण किया।

### डिप्टी सीएम और सांसद के साथ रोपे मखाना के पौधे



**पीएम किसानों को करेंगे 'मालामाल'**

चौहान ने पीएम मोदी के भागलपुर दौरे का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मोदी जी देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में 22 हजार 700 करोड़ से ज्यादा की किसान सम्मान निधि देंगे।

**किसानों से बात कर मखाना बोर्ड का स्वरूप तय करेंगे**

चौहान ने कहा कि मखाना बोर्ड सिर्फ दिल्ली के कृषि भवन से नहीं चलेगा। किसानों से बात कर इसका स्वरूप तय करेंगे।

### किसानों की समस्याओं को दूर करेगा मखाना बोर्ड

चौहान ने बिहार के मखाना को 'सुपर फूड' बताया और किसानों की मेहनत की तारीफ की। उन्होंने बताया कि मखाना बोर्ड किसानों की समस्याओं को दूर करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यहां का टैलेंट, यहां के मेहनती किसान और विशेषकर बिहार का मखाना सुपर फूड है। मखाना बोर्ड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग के अंदर फंसी 8 जिंदगियां

टनल के अंदर खौफनाक मंजर

# सेना-नौसेना भी बचाव में जुटीं, जल्द आएंगे बाहर!

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जहां आठ जिंदगियां फंसी हुई है। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने रविवार को कहा कि एसएलबीसी परियोजना में सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद पिछले 30 घंटों से फंसे 8 लोगों को बचाने का प्रयास जारी है। राज्य सरकार भारतीय सेना, नौसेना, एनडीआरएफ और अन्य सुरंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रही है। रेड्डी ने उम्मीद जताई है कि फंसे हुए लोगों को जल्द बचा लिया जाएगा। वे परियोजना स्थल पर डेरा डाले हुए हैं।

### राज्यपाल ने ली जानकारी, शासन-प्रशासन भी कर रहे मशक्कत



**9 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाना बाकी**

मंत्री रेड्डी ने कहा कि लगभग 30 साल पहले सुरंग बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि 44 किमी लंबी सुरंग में से लगभग 9 किमीकी सुरंग बची है, जिस पर काम किया जाना बाकी है। रेड्डी ने कहा कि कल से लापता आठ लोगों के सुरक्षित होने के लिए हम उम्मीद और प्रार्थना कर रहे हैं।

**तब 70 लोग काम पर थे**

मंत्री रेड्डी ने कहा कि मैं मैं हर मिनट निगरानी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब सुरंग ढही, तब लगभग 70 लोग सुरंग में काम कर रहे थे। उनमें से अधिकतर बचकर अपनी आंतरिक ट्रेन या लोकोमोटिव से वापस आ गए।

### राज्यपाल ने गहन प्रयास के निर्देश दिए

तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने बचाव अभियान के बारे में जानकारी लेने नागरकुरनूल के कलेक्टर बी संतोष से फोन पर बात की। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना, विशेषज्ञों के साथ बचाव अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को सुरंग में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अपने गहन प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया।

## धन्यवाद यात्रा से पहले हादसा

# बिहार में अब 100 साल पुराना पुल गिरा, लाखों लोग प्रभावित

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र में एक 100 साल पुराना पुल ताश के पत्तों की तरह बिखर गया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यह हादसा गरहां-हथौड़ी-अमनौर-औराई सड़क मार्ग पर अमनौर खाखर टोला के पास हुआ। हादसे के महज कुछ मिनट पहले ही एक बस पुल से गुजर चुकी थी, जिसे कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। इससे औराई प्रखंड की अतरार अमनौर, महेश्वाड़ा और कटरा प्रखंड की बेरई दक्षिणी



पंचायत सहित करीब डेढ़ लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है। लोगों को शहर जाने के लिए सात किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी होगी, जिसमें अधिकतर रास्ता पैदल पार करना पड़ेगा। लोगों ने आरोप लगाया कि करीब डेढ़ साल पहले इस सड़क की मरम्मत कराई गई थी।

# होंडुरास में तबाही मचाने वाले तूफान 'सारा' ने घरों के अलावा बुनियादी ढांचे कर दिए तबाह, भारत ने 26 टन राहत सामग्री भेजी

**भारत ने दवाएं ऑक्सीमीटर,दस्ताने आदि भेजे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने होंडुरास को रविवार को 26 टन मानवीय सहायता भेजी। हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' ने मध्य अमेरिकी देश में काफी तबाही मचाई है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ग्लोबल साउथ के लिए एक विश्वसनीय साझेदार। भारत ने हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल सप्लाई और आपदा राहत सामग्री से युक्त यह खेप भारत से रवाना हो गई है, जिसमें सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट शामिल हैं।




**भारत होंडुरास के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध**

*भारत और होंडुरास के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। होंडुरास जब कोविड संकट से जूझ रहा था, तब भारत सरकार ने होंडुरास को आवश्यक दवाइयां और पीपीई दान किए थे। इसी तरह, पहले भी कई चुनौतीपूर्ण समयों के दौरान भारत सरकार ने होंडुरास की मदद की है।*

### चिकित्सा और राहत सामग्री भेजी: जायसवाल



भारत ने होंडुरास को 26 टन मानवीय सहायता भेजी है। यह सहायता हाल ही में आए उष्णकटिबंधीय तूफान सारा के मद्देनजर भेजी गई है। होंडुरास को मानवीय सहायता भेजने के बारे में विदेश मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस खेप में सर्जिकल आपूर्ति खेप में सर्जिकल आपूर्ति, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर, दस्ताने, सीरिंज और IV तरल पदार्थ, कंबल, स्लीपिंग मैट और स्वच्छता किट सहित चिकित्सा आपूर्ति और आपदा राहत सामग्री शामिल है।

### साफ-सफाई की व्यवस्था भी ध्वस्त

तूफान की वजह से साफ पानी की तक पहुंच बेहद मुश्किल हो गई, वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई जिसके परिणामस्वरूप 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में डायरिया और पानी से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ गया। इसके अलावा, शेल्टर, घरों के बुरे हालात और भीड़भाड़ के कारण तीव्र श्वसन रोगों सहित संक्रामक रोगों का जोखिम काफी बढ़ गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को भी काफी नुकसान पहुंचा है।इस समय होंडुरास को भारत की सहायता प्रभावित लोगों को जरूरी राहत प्रदान करेगी।



### बड़ी संख्या में विस्थापित हुए लोग

नवंबर 2024 में, होंडुरास के तट पर बना उष्णकटिबंधीय तूफान 'सारा' विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन का कारण बना। इसने होंडुरास में घरों और कई सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को तबाह कर दिया। बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए, हजारों लोगों की जिंदगी सीधे तौर पर तूफान से प्रभावित हुई।

---

## खबर संक्षेप

### अमेरिका से 12 भारतीयों का विमान पहुंचा भारत



**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका से पनामा भेजे गए 12 भारतीय नागरिकों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। इससे पहले अमेरिका लगभग 332 अवैध अप्रवासी भारतीयों को निर्वासित किया था जो यूएस में अवैध रूप से एंट्री करने की कोशिश कर रहे थे। पनामा से हाल ही में भारतीय नागरिकों का जत्था तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट से इस्तांबुल होते हुए नई दिल्ली पहुंचा।

### मस्क ने कहा काम के घंटे बताएं नहीं तो छुट्टी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी कर्मचारियों को यह बताने के लिए 48 घंटे का समय दिया है कि उन्होंने पिछले सप्ताह क्या काम किया। ट्रंप प्रशासन में कटौती पर कार्य कर रहे एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देशों के अनुरूप, सभी संघीय कर्मचारियों को जल्द ही एक ईमेल भेजा जाएगा। जिसमें उनसे यह समझाने का अनुरोध किया जाएगा कि पिछले सप्ताह उन्होंने क्या किया। मस्क ने अपने पोस्ट में कहा कि जवाब न देने को इस्तीफा माना जाएगा।

---

**पांच नौकाएं भी जब्त कर लीं**

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को कर लिया गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका और भारत के रिश्ते अभी ठीक से पटरी पर भी नहीं लौटे कि पड़ोसी देश के अधिकारियों ने श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में रविवार को 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली उनकी पांच नौकाएं जब्त कर लीं हैं। इस मामले में श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान जारी कर कहा कि इन लोगों को मन्नार के उत्तर के समुद्री क्षेत्र में एक खास ऑपरेशन कर गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया, मछली पकड़ने वाली पांच भारतीय नौकाओं को जब्त कर लिया गया और 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस साल की शुरुआत से अब तक श्रीलंकाई नौसेना की 131 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 20 ट्रॉलर जब्त किये हैं।

**इस साल 131 मछुआरों को अब तक गिरफ्तार किया है**

इस बार गिरफ्तार होने वाले 32 मछुआरे तमिलनाडु से हैं। मछुआरों की रिहाई की मांग के लिए प्रदेश के मछुआरों रविवार को मीटिंग की है और अपने साथियों की रिहाई की मांग की है।

### विवादित मुद्दा रहा मछुआरों की गिरफ्तारी

श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं को तलाईमन्नार पियर लाया गया, जहां उन्हें कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार के मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान के मुताबिक नौसेना ने इस साल अब तक 131 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाली 18 नौकाओं को जब्त किया है।

---

**यूएसएआईडी फंडिंग को लेकर जल्द होगा खुलासा**

# 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी थी, लेकिन संकेत कुछ और ही हैं: जयशंकर

*जयशंकर ने कहा कि अब अमेरिका से सुझाव मिल रहे हैं कि ऐसी गतिविधियां हैं जो दुर्भावनापूर्ण हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह चिंताजनक है, और अगर इसमें कुछ है, तो देश को पता होना चाहिए कि इसमें कौन लोग शामिल हैं?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग की गई। अब इस विवाद पर पहली बार विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने जोर देकर कहा है कि सच्चाई सामने आने वाली है। इससे पहले भारत सरकार भी कह चुकी है कि अगर विवाद है तो जांच होगी।

- भारत से लेकर अमेरिका तक मची उथल

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यूएसएआईडी को भारत में 'गुड फेथ' के तहत काम करने की इजाजत दी गई थी, लेकिन अब ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां बुरी नीयत के तहत की गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने कुछ जानकारी साझा की है, वो चिंताजनक तो है।

ऐसा लगता है कि कुछ विशेष उद्देश्य के तहत ये सब किया गया है। सरकार इस मामले में जांच कर रही है। जल्द ही पूरा सच और तथ्य सामने आएगा।

*अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान के बाद मचा हंगामा*

*मामले की जांच में इससे जुड़े फैक्ट सामने आएंगे*

**भारत सरकार कर रही है मामले की जांच**



### ट्रंप ने अब तक क्या किया?

- ट्रंप ने विदेशी व्यय पर रोक लगाई।
- बाद में मानवीय सहायता जारी रखने का आदेश दिया।
- यूएसएआईडी के हजारों कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा।
- दुनियाभर में मौजूद मिशनों से कर्मचारियों को बुलाया।

### क्या और कैसे काम करती है यूएसएआईडी

*यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएआईडी जमीन पर सीधे काम नहीं करता है। वह कई दूसरे संगठनों से समझौता करता है। उनके माध्यम से विभिन्न, सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग की जाती है। दावा है कि यूएसएआईडी अपना सबसे अधिक धन स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च करता है।*

**विवरण साझा किया**

**सात परियोजनाओं के लिए दिया फंड**

वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक मामलों के विभाग ने रिपोर्ट में 2023-24 में वित्त पोषित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया है। आर्थिक मामलों का विभाग द्विपक्षीय वित्तपोषण व्यवस्था के लिए नोडल विभाग है। इस वर्ष के दौरान, मतदाता मतदान को बढ़ाने के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई।

### ऐसे खड़ा हो गया विवाद

*इसी महीने देश में राजनीतिक विवाद तब शुरू हो गया था जब अरबपति उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने दावा किया था कि उसने 'मतदाता को प्रभावित करने' के लिए भारत को दिए जाने वाले 2.1 करोड़ डॉलर के अनुदान को रद्द कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बार-बार दावा किया कि जो बाइडेन के नेतृत्व वाले पिछले प्रशासन के तहत यूएसएआईडी ने भारत को 'मतदाता को प्रभावित' करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का वित्त पोषण आवंटित किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी 'चिंताजनक' है और सरकार इस पर गौर कर रही है। अब यह मामला इतना बड़ा इसलिए बन चुका है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार नहीं तीन बार यह दावा किया है कि भारत को अमेरिका से पैसे मिले हैं। यह अलग बात है कि एक दूसरी रिपोर्ट में दावा हुआ कि 21 मिलियन डॉलर वाली सहायता भारत नहीं बांग्लादेश के लिए थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि दोनों ही देशों को पैसे दिए गए थे। एक बार फिर उन्होंने तो कह दिया है कि भारत फायदा उठा रहा है।*

---

**रूस के हमले से यूक्रेन में कोहराम**

## तबाही: युद्ध की तीसरी वर्षगांठ से पहले ही दाग दिए 267 ड्रोन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को सोमवार को तीन साल हो जाएंगे। 24 फरवरी 2022 को दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, तब से हमलों का दौर जारी है। इस बीच रूस ने यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा एकल ड्रोन हमला किया है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। रूस के हमले के बारे में यूक्रेनी अधिकारियों ने जानकारी दी है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, खार्किव, पोल्टावा, सुमी, कीव, चेर्निहाइव, मायकोलाइव और ओडेसा सहित यूक्रेन भर में कम से कम 13 क्षेत्रों में ड्रोन को रोका गया।

यूक्रेन के वायु सेना कमान के प्रवक्ता यूरी इग्नाट ने कहा कि एक ही समन्वित हमले में रिकॉर्ड 267 रूसी ड्रोन लॉन्च किए गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि लगभग 138 ड्रोन को रोका गया जबकि 119 बिना किसी नुकसान के जाम होने के बाद गायब हो गए, उन्होंने कहा कि रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइलें भी लॉन्च कीं।

---

**इटली की पीएम ने साधा वामपंथियों पर निशाना**

## मैं, ट्रंप और मोदी बात करते हैं तो वे लोकतंत्र को खतरा बताने लगते हैं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने वैश्विक स्तर पर रूढ़िवादियों के प्रति वामपंथियों के 'दोहरे मानदंडों' की आलोचना करते की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्वयं उनके (मेलोनी) जैसे नेता आपस में सहयोग करते हैं तो वामपंथी इसे 'लोकतंत्र के लिए खतरा' बताते हैं। मेलोनी ने यह भी कहा कि जब वामपंथी नेताओं के बीच इसी तरह का सहयोग होता है तो उसकी प्रशंसा की जाती है। मेलोनी ने रोम से 'वीडियो लिंक' के माध्यम से वाशिंगटन में 'कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस' (सीपीएसी) को संबोधित करते हुए ट्रंप की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ट्रंप की जीत से वामपंथी घबराए हुए हैं। इटली की प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी (वामपंथियों की) चिड़चिड़ाहट भय में बदल गई है, रूढ़िवादी जीत रहे हैं, बल्कि इसलिए भी कि रूढ़िवादी अब वैश्विक स्तर पर सहयोग कर रहे हैं।

### उदारवादी नेटवर्क बनाया गया था

उन्होंने कहा कि जब (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति) बिल क्लिंटन और (ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री) टोनी ब्लेयर ने 90 के दशक में वैश्विक वामपंथी उदारवादी नेटवर्क बनाया था तो उन्हें अनुभवी एवं प्रतिष्ठित राजनेता कहा गया। मेलोनी ने कहा कि आज जब ट्रंप, मेलोनी, (अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर) माइली या शायद मोदी बात करते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा कहा जाता है।

---

### न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही फ्लाइट में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी एयरलाइंस की एक फ्लाइट 292 को रोम डायवर्ट किया गया है। ये फ्लाइट न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आ रही थी। बताया जा रहा है कि सुरक्षा खतरे के मद्देनजर फ्लाइट को इलटी के रोम डायवर्ट कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार न्यूयॉर्क से नई दिल्ली जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के प्लेन 292 को बम की धमकी भरा ईमेल मिला, जिसके बाद फ्लाइट को रोम के फिउमिसिनो एयरपोर्ट की ओर डायवर्ट किया गया। फ्लाइट को डायवर्ट करके रोम में उतारा गया है।

इसके बाद पूरी फ्लाइट को चेक किया जाएगा और क्लीयरेंस के बाद फ्लाइट को दिल्ली की ओर रवाना किया जाएगा।

---

**इजराइली रक्षा मंत्री का आदेश**

## इजराइली सेना को पश्चिमी तट वाले शरणार्थी शिविर में रहना होगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



इजराइल की सेना अब अगले कुछ साल तक पश्चिमी तट वाले शहरी शरणार्थी शिविरों में रहेगी। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना को निर्देश दिए गए हैं कि वह अगले कुछ साल तक वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविरों में रहे। उन्होंने कहा कि उत्तरी पश्चिमी तट के तीन शिविरों से 40 हजार फलस्तीनियों का विस्थापन हो गया है। अब वे खाली हो चुके हैं। काट्ज ने कहा कि सेना शिविर में लंबे समय तक रहने के लिए तैयार रहे। यहां फलस्तीनियों को वापस नहीं आने देना है। वहीं सेना ने कहा कि वह पश्चिमी तट के इलाके में अपना अभियान तेज कर रही है। इसके अलावा जेनिन क्षेत्र में टैंक भेजे गए हैं। इस्राइल-हमास युद्ध के दौरान पश्चिमी तट पर हिंसा में वृद्धि हुई है। पश्चिमी तट से होने वाले फलस्तीनी हमले भी बढ़े हैं।

---

**अरबपति की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने सुनाई युगांडा जेल की आपबीती**

# नहाने और शौचालय जाने की भी नहीं थी अनुमति, पिता 24000 करोड़ के मालिक

**झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बिताए 3 सप्ताह**

**जिसकी हत्या के मामले में जेल गईं वो तंजानिया में जिंदा मिला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय मूल के अरबपति बिजनेसमैन पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने आरोप लगाया है कि युगांडा की जेल में सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ। वसुंधरा ओसवाल अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में जेल में बंद थीं। अपने पिता के एक पूर्व कर्मचारी के अपहरण और उसकी हत्या के झूठे आरोप में युगांडा की जेल में बंद की गईं भारतीय मूल के अरबपति पंकज ओसवाल की बेटी वसुंधरा ओसवाल ने अब राज खोला है कि सलाखों के पीछे काटे करीब तीन सप्ताह के समय में उनके मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ। वसुंधरा (26) पर अपने पिता पंकज ओसवाल के पूर्व कर्मचारी मुकेश मेनारिया के अपहरण और हत्या का पिछले साल झूठा आरोप लगाया गया था। मुकेश मेनारिया को बाद में तंजानिया में जीवित पाया गया।

### मानवाधिकारों का खूब हुआ उल्लंघन

वसुंधरा ने कहा कि मुझे पांच दिन के लिए हिरासत में लिया गया तथा दो और सप्ताह के लिए जेल में डाल दिया गया। मेरे मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन किया गया। उन्होंने मुझे नहाने तक की अनुमति नहीं दी और मुझे भोजन एवं पानी से वंचित रखा।

### 200 मिलियन डॉलर के घर में रहतीं हैं वसुंधरा

*वसुंधरा अरबपति बिजनेसमैन पंकज और राधिका ओसवाल की बेटी हैं। पंकज ओसवाल ओसवाल ग्रुप ग्लोबल के मालिक हैं। वसुंधरा दुनिया के सबसे महंगे घरों में से एक विला वारी में रहती हैं, जिसकी कीमत 200 मिलियन डॉलर से ज्यादा है और यह स्विटजरलैंड में माउंट ब्लैंक के सामने है। इस घर को मशहूर इंटीरियर डिजाइनर जेफ्री विल्क्स ने डिजाइन किया था। वसुंधरा ने स्विटजरलैंड के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से वित्त में ऑनर्स के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की। साल 2020 में वसुंधरा ओसवाल पीआरओ इंडस्ट्रीज के बोर्ड में शामिल हुईं और संगठन की पहली महिला लीड बनीं। वह वर्तमान में पीआरओ इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक (वित्त) के रूप में काम करती हैं। इसके अलावा, वह गिनी में सबसे बड़ी बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में से एक, एक्सिस मिनरल्स की महानिदेशक भी हैं।*

---

**निर्वासन की कार्रवाई पर बोले ट्रंप**

## हम दलदल सुखा रहे, यहां अब कट्टर वामपंथियों का कब्जा नहीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



अमेरिका में सत्ता बदलने के बाद से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार चर्चा में बने हुए हैं। पहले एक महीने में उन्होंने 70 से अधिक कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें कई फैसलों को अदालतों में चुनौती दी जा चुकी है। देश की संघीय अदालतें ट्रंप के फैसलों पर अस्थायी रोक भी लगा चुकी है। इन्हीं फैसलों में एक अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने का है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर करने के अपने फैसले पर ट्रंप का कहना है कि वे देश में दलदल को सुखाने का काम कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया

*ट्रंप ने विरोधियों को आड़े हाथ लिया और कहा कि अब देश में कट्टर वामपंथी लोगों का नियंत्रण नहीं रहेगा। ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अवैध प्रवासियों को देश से निकालने का एलान किया था। इस फैसले के बाद भारत में भी 300 से अधिक लोगों को वापस भेजा जा चुका है। जिन लोगों को निकाला गया है, उन पर आरोप है कि वे बिना वैध कानूनी दस्तावेज के अमेरिका में रह रहे हैं।*

# प्रयागराज महाकुंभ में हर तरफ बह रहा भक्ति का झरना, उमड़ रहे श्रद्धालु




**महाकुंभ में स्नान कर देश-विदेश के करोड़ों भक्तों ने पुण्य लाभ लिया, यहां प्रतिदिन अद्भुत नजारा देखने को मिलता है**

**भोपाल।** प्रयागराज महाकुंभ का अंतिम शाही स्नान 26 फरवरी महाशिवरात्रि को है। महाकुंभ में स्नान कर देश-विदेश के करोड़ों भक्तों ने पुण्य लाभ लिया। तो वहीं मप्र सहित भोपाल के लाखों श्रद्धालु कुंभ स्नान करके आ चुके हैं जिनसे हरिभूमि ने बातचीत कर उनके अनुभव जाने। श्रद्धालुओं ने धर्म, आस्था और विश्वास के संगम में स्नान कर, पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## त्रिवेणी संगम पर गंगा मां की आरती का भव्य नजारा देख कर मन रोमांचित हुआ

हमारा अचानक प्रयागराज जाने का कार्यक्रम बनाया, पर सोशल मीडिया पर लगभग प्रतिदिन आ रहे वीडियो देख कर मन घबरा भी रहा था, कि महाकुंभ की यात्रा पता नहीं कैसी, क्या होगी, लेकिन ईश्वर की कृपा से इंदौर से प्रयागराज का रेल का सफर अत्यंत सुखद एवं सुविधापूर्ण रहा। यूपी सरकार की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए किए गए इंतजाम देखकर मन प्रसन्न हो गया। त्रिवेणी संगम पर स्नान करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। यहां चारों ओर असंख्य श्रद्धालुओं में सिर्फ भक्ति का झरना बहता नजर आ रहा था। लेटे हनुमान के दर्शन से जीवन सफल हुआ। प्रयागराज की यात्रा को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।



**नीता व्यास, लीगल स्टाफ कर्मचारी हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ**

## व्यवस्थाओं में कुछ कमियां महसूस हुईं, जिसे और अच्छा करना चाहिए

प्रयागराज महाकुंभ में यह मेरा पहला स्नान था। परिजनों के साथ कुंभ स्नान के लिए पहुंची। त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने से एक अलग एनर्जी मिली। गंगा में स्नान करने से ऐसा लगा जैसे सकारात्मक ऊर्जा मिल गई। हम लोगों ने ऐसा समय स्नान के लिए चुना, जिससे वहां पर भीड़भाड़ नहीं थी। वहां पर वैसे तो सब व्यवस्था ठीक थी। लेकिन महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए चैजिंग रूम की व्यवस्था में कुछ सुधार की जरूरत महसूस हुई।



**संगीता शर्मा प्रदेश प्रवक्ता, कांग्रेस**

## आस्था और विश्वास के संगम में स्नान कर हमने पुण्य लाभ प्राप्त किया

जय-जय प्रयागराज, मुझे प्रयागराज में स्नान करने का अवसर मिला है। आस्था और विश्वास के संगम में स्नान कर, पुण्य लाभ प्राप्त किया। यहां की व्यवस्थाएं अच्छी मिली। यहां करोड़ों लोग इस पुण्य अवसर पर आए हैं और सभी ने संगम में डुबकी लगाई है। यह एक बहुत बड़ी संख्या है, जो आस्था का प्रतीक है। आने-जाने में थोड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन बिना मेहनत के कुछ मिलता है क्या? कुछ नहीं मिलता। इसलिए यह सब चीजें मायने नहीं रखती। प्रयागराज में लगे महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए यहां दूर दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



**जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष**

### खबर संक्षेप



#### मीणा समाज ने बैठक में गंगाजली पूजन बंद नहीं करने का लिया निर्णय

**भोपाल।** नवीबाग में श्रद्धांजलि व मीणा समाज की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज बंधुओं ने बैठक कर गंगाजली पूजन कभी बंद नहीं करने का निर्णय लिया। मीणा समाज के महामंत्री भैयालाल रांझी ने बताया कि यह हिन्दू धर्म सनातनी परंपरा की प्रथा है। जोकि कभी बंद नहीं होना चाहिए। इन प्रथाओं को हमें अपनी आने वाली नई पीढ़ी तक पहुंचना है।

#### कार्यकारिणी का गठन भेल के विनोद प्रकाश बने उप महामंत्री




**भोपाल।** भुवनेश्वर में संपन्न पीएसईएनसी बीएमएस के त्रैवार्षिक 15वें अधिवेशन में पुनः नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें भेल भोपाल के विनोद प्रकाश विसे को उप महामंत्री बनाया गया। पीएसईएनसी सभी पब्लिक सेक्टर के बीएमएस कार्यकर्ता का एक फेडरेशन हैं जिसमें भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता एकत्रित होकर पीएसयू के बारे में अपनी रणनीति बनाते हैं।

#### राष्ट्रीय संत गाड़गे महाराज की मनाई 149वीं जयंती

**भोपाल।** श्री मालवीय रजक समाज संघ भोपाल के तत्वावधान में समाज के मंदिर प्रांगण में स्थापित शिरोमणि संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामिति के पदाधिकारियों के द्वारा संत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संत जी नाम के जयकारे लगाए गए। प्रवक्ता प्रकाश मालवीय ने बताया कि राष्ट्रीय संत स्वच्छता के जनक श्री गाडगे महाराज की जयंती पर सभी सदस्यों ने मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान कर सभी ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। जरूरतमंदों को फल वितरित किए।

#### ननकाना साहिब के शहीदों की याद में विशाल गुरमत समागम का आयोजन

**भोपाल।** अकाल सहाय फौज द्वारा गुरुद्वारा गुरु नानक टेकरी साहिब में रविवार को विशाल गुरमत समागम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सिख इतिहास के वीरतापूर्ण अध्याय, साका ननकाना साहिब के शहीदों की स्मृति को समर्पित है। इस ऐतिहासिक समागम का मुख्य उद्देश्य उन सिख वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है, जिन्होंने गुरु स्थानों की मर्यादा और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर ज्ञानियों, रागी जत्थों और धर्म प्रचारकों द्वारा कीर्तन, कथा, और प्रवचन किए जाएंगे, जिससे संगत को सिख इतिहास और शहीदी परंपरा की प्रेरणा मिलेगी।

**ये हाल है...** इतना 'निकम्मा' है नगर निगम का डॉग कैचर स्क्वाड

# तीन महीने में खूंखार कुत्तों की 23 बार शिकायत, पर नहीं पकड़े चार इमली में महिला को कुत्तों के झुंड ने घेरकर 'हमला' बोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**जेपी में हर दिन 60 से 70 मरीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं**

चार इमली में एफ 6/29 में रहने वाली स्वदेशी जागरण मंच की महिला विंग की मध्य भारत प्रांत की सह प्रमुख सीमा भारद्वाज रविवार सुबह 6 बजे घर के सामने बनी सड़क पर सैर कर रही थीं कि अचानक खूंखार कुत्तों के झुंड ने उनको घेर कर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। कुत्तों ने झपटकर उनको सड़क पर गिरा दिया और बाएं पैर में इतना जबरदस्त काटा कि मांस बाहर आ गया। बड़ी मुश्किल से इन्होंने इन कुत्तों से मुकाबला किया और उनको खदेड़ा। इस दौरान उनके पैर से खून बहता रहा और उनके बाएं हाथ की हथेली की हड्डी में चोट आई। पिछले 3 महीने में इन खूंखार कुत्तों को पकड़ने के लिए निगम के डॉग कैचर स्क्वाड से 23 बार शिकायत की गई पर इन शिकायतों के बाद सिर्फ एक बार अमला गाड़ी लेकर आया और चक्कर लगाकर लौट गया।

इसका नतीजा, इस हमले के रूप में सामने आया। इससे पहले उन्हीं के ब्लॉक में रहने वाली महिला पर इन कुत्तों ने झपट्टा मारा था। कुत्तों के पूरी राजधानी में इस कदर हमले बढ़ गए हैं कि रविवार को डॉग बाइट के जेपी में 57 और हमीदिया अस्पताल में 63 मरीज आए। जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि हर दिन 60 से 70 मरीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। रविवार सुबह 8.30 बजे 40 मिनट में 15 मरीज जेपी में पहुंचे। चार इमली से आयुक्त नगर निगम व डॉग कैचर स्क्वाड इंचार्ज राजीव सक्सेना से शिकायत की गई थी कि कुत्ते रात भर भोंकते हैं, लड़ते हैं और आने-जाने वालों पर हमला करते हैं। डॉग कैचर स्क्वाड इंचार्ज राजीव सक्सेना का दावा है कि खूंखार कुत्तों को पकड़कर एबीसी सेंटर भेजकर नसबंदी कराई जा रही है। हालांकि, हकीकत इससे परे है। उनके वाहन का अता-पता ही नहीं रहता है।





### चार इमली की हर गली में खूंखार कुत्तों का जमावड़ा

चार इमली में हर गली में खूंखार कुत्तों का जमावड़ा है। मोटरसाइकिल सवार कुत्ते से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिर कर अक्सर घायल हो जाते हैं। रात के समय इनका आतंक बढ़ जाता है। इनके आतंक से स्थानीय लोग तो रास्ता ही बदल देते हैं। जो अनभिज्ञ हैं रात में इस रास्ते से जाते हैं तो उन्हें झुंड में कुत्ते हमला बोल देते हैं। यहां अक्सर आवारा कुत्तों के हमले से लोग घायल होते हैं। निगम चार इमली में दूसरे मुहल्ले से पकड़े कुत्तों को भी छोड़ जाता हैं। इससे यहां इनकी तादात बढ़ गई है।

### यहां से आ रहे ज्यादा केस

जेपी अस्पताल की इमरजेंसी के डॉक्टरों ने बताया कि चार इमली, मिसरोद, अरेरा कॉलोनी, बैरागढ़ व लालघाटी के बीच, भीम नगर, अन्नानगर, सोनागिरी, ग्यारह सौ क्वार्टर, पंचशील नगर, राजीव नगर, नया बसेरा, साकेत नगर, कमला नगर थाने के पास, शक्ति नगर, पीएनटी चौराहे के आसपास के क्षेत्रों से ज्यादा मरीज आते हैं।

### कुत्ता काटने पर ऐसे करें बचाव

डॉ. सीपी ठाकुर, पशु चिकित्सक के अनुसार सबसे पहले साफ पानी से उस जगह को साफ करें, जहां कुत्ते ने काटा है, ताकि बहते पानी में कुत्ते के मुंह की निकली लार या वायरस बह जाए और अन्य किसी व्यक्ति पर उस वायरस का दुष्प्रभाव न पड़े। इसके बाद उस जगह को साबुन से भी धोएं। धोने के बाद पास के किसी भी किसी भी वरिष्ठ चिकित्सक से संपर्क करें। एंटी रैबीज इंजेक्शन जरूर लगवाएं।

## रविवार को डॉग बाइट के जेपी में 57 और हमीदिया अस्पताल में 63 मरीज आए

### हर वार्ड में नहीं बनाया एबीसी सेंटर

राजधानी में कम से कम 9 एबीसी सेंटर होना चाहिए, क्योंकि केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार हर वार्ड के बीच में एक एबीसी सेंटर होना चाहिए। इसको लेकर केंद्र सरकार के पास नए एबीसी सेंटर बनाने प्रस्ताव भेजा है। दरअसल वर्तमान में शहर में स्ट्रीट डॉग की आबादी करीब 1 लाख 20 हजार है। अगर नसबंदी की यही गति रही तो बढ़कर संख्या दोगुना हो जाएगी। क्योंकि, एक साल में दो बार इनके बच्चे होते हैं। एक फीमेल स्ट्रीट डॉग 8 बच्चे जन्म देती है। अगर रोकथाम नहीं लगी तो एक साल में संख्या ढाई लाख के करीब हो जाएगी।

### मौसम बदलने से हिंसक हो रहे स्ट्रीट डॉग

ज्यादा ठंड और गर्मी में डॉग बेचैन हो जाते हैं। ठंड में ब्रीडिंग का समय रहता है। वे अपने बच्चों को बचाने के लिए राह चलते लोगों को काटने दौड़ पड़ते हैं। वहीं, गर्मी में अपने शरीर का तापमान मेंटेन नहीं कर पाते हैं। इसलिए, वे सांस के जरिए अपने शरीर का तापमान सामान्य रखते हैं। यदि खाने-पीने में कोई कमी है तो उनकी बेचैनी और भी बढ़ जाती है। इससे वे आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं, जिसको लेकर शहर में डॉग बाइट की घटनाएं बढ़ रही हैं। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अजय रामटेके का कहना है कि मौसम बदलने और खाने की कमी की वजह से भी डॉग हिंसक हो रहे हैं। ऐसे में ऐहतियात बरतने की जरूरत है।

### साल में दो करोड़ से ज्यादा की चपत इंजेक्शन से

इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलेंस प्रोग्राम (आईडीएसपी) अधिकारियों के आंकलन के मुताबिक अकेले राजधानी में हर साल कुत्तों की वजह से करीब 2 करोड़ की चपत सरकारी खजाने और आम जनता को लग रही है। 50 से 60 लाख रुपए का एंटी रैबीज वैक्सीन साल में लगता है। इसके अलावा कर्मचारियों का वेतन व इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला ले तो यह आंकड़ा करीब 1 करोड़ 20 लाख होता है।

**केस 1**

### पागल कुत्ते के काटने से बर्बाद हो गया रिक्शा चालक का परिवार

जहांगीराबाद के कुम्हार मोहल्ला निवासी रिक्शा चालक 55 वर्षीय अनस खान का परिवार पागल कुत्ते के काटने से बर्बाद हो गया। अनस रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। एक साल पहले उसे पागल कुत्ते ने काट लिया था। परिवार के लोग उसे रैबिज का इंजेक्शन लगवाने के बजाए झाड़-फूंक कराकर इलाज कराते रहे। कुत्ता काटने के छह माह बाद उसे हाइड्रोफोबिया रोग हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद परिवार पर पहाड़ टूट गया। परिवार में वही कमाने वाला सदस्य था। दिन भर रिक्शा चलाने के बाद जो आमदनी होती थी उसी से घर का चूल्हा जलता था।

**केस 2**

### कुत्तों से बचने भागा तो लहूलुहान हो गया मासूम

अरेरा हिल्स राजीव नगर में रहने वाला आठ वर्षीय आहत खान घर के बाहर खेल रहा था। सुबह आवारा कुत्ते पर उस पर झपट पड़े। बचने के लिए भागा तो गिर गया, जिससे पैर में चोट आई। जेपी अस्पताल में उसकी ड्रेसिंग की गई और रैबीज से बचाव का इंजेक्शन भी लगाया गया।

**हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और मराठी विषय का होगा पहला पेपर, कुछ स्कूलों में एनसीईआरटी से आएंगे पेपर**

# पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं आज से होंगी शुरू, दो घंटे पहले घर से निकलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रदेश के सरकारी, निजी स्कूलों सहित मदरसों के लिए आयोजित कक्षा पांचवी-आठवीं की मुख्य परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित इन परीक्षाओं में दोनों कक्षाओं के प्रदेशभर में करीब 25 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

वहीं भोपाल जिले में 103 परीक्षा केंद्रों पर करीब 34 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के लिए दो घंटे पहले घर से निकलने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही स्कूलों के शिक्षकों और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह विद्यार्थियों के समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। दोनों कक्षाओं का पहला पेपर हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व मराठी विषय का होगा। वहीं जिले में पांच स्कूलों में भाषा का प्रश्नपत्र एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित भेजे जाएंगे। अन्य केंद्रों पर एससीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नपत्र होंगे।

### 12 केंद्र चिन्हित किए, बनाए नोडल अधिकारी

राजधानी में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के चलते स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि भोपाल में जिनके परीक्षा केंद्र कार्यक्रम स्थल के आसपास हैं, उन केंद्रों पर बच्चों को पहुंचाने की जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। ऐसे 12 केंद्र चिह्नित किए गए हैं, जिनके लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। यह भी निर्देशित किया गया है कि अगर विद्यार्थी परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचेंगे तो उन्हें परीक्षा देने से वंचित नहीं किया जाएगा। विद्यार्थियों के आवागमन के लिए स्कूलों से बस की सुविधा भी रहेगी।

**भोपाल में 11 और 12 अप्रैल को होगा अखिल भारतीय शोध सम्मेलन**

# उच्च शिक्षा विभागः शोधार्थियों ने नहीं भेजी शोध-पत्र की जानकारी, अब 7 मार्च तक कर सकेंगे ई-मेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकमाता अहिल्याबाई के 300वें जयंती वर्ष पर भोपाल में अखिल भारतीय शोध सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों और सभी कॉलेजों को इसके लिए शोधार्थियों से शोध पत्र ई-मेल करने को कहा गया था। उच्च शिक्षा विभाग ने इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और कॉलेजों के प्राचार्य को निर्देश जारी किए हैं। बताया गया है कि लोकमाता के कृतित्व के विभिन्न पक्षों में से कुछ विषयों का चयन कर, चयनित विषयों पर शोधार्थियों से शोध पत्र 15 फरवरी, 2025 तक ई-मेल पर भेजने के लिए अनुरोध किया गया है।लेकिन विभाग के अनुसार यह जानकारी 22 फरवरी तक नहीं मिली है।

**विभाग ने बढ़ाई तारीख**

विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोकमाता अहिल्याबाई राष्ट्र पुनरुत्थान की संकल्पना के नाम से एक अखिल भारतीय शोध सम्मेलन (कॉन्फ्रेन्स) का आयोजन भोपाल में 11 और 12 अप्रैल, 2025 को किया जाएगा। संयोजक, अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह समिति, शिवाजी नगर, भोपाल द्वारा यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसलिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारियों एवं 55 जिलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नोडल अधिकारी कुछ विषयों का चयन कर,शोध पत्र 7 मार्च, 2025 तक ई-मेल पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**पहली बार भोपाल आ रहे इस्कॉन के विश्व प्रमुख, सीएम भी होंगे शामिल**

# आठ एकड़ पर बनेगा नया इस्कॉन मंदिर 2 मार्च को कोलार में होगा भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर 'इस्कॉन कोलार' का भूमिपूजन रविवार 2 मार्च को कोलार में होगा। इस्कॉन भोपाल बीवायसी के अध्यक्ष रसानंद दास प्रभु ने बताया कि मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास स्थित 8 एकड़ हरे कृष्ण लैंड पर भव्य भूमिपूजन समारोह होगा। इस समारोह में भाग लेने के लिए वर्ल्ड वाइड इस्कॉन के प्रमुख और गवर्निंग बॉडी कमिश्नर गुरुप्रसाद



स्वामी महाराज पहली बार भोपाल आ रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालिनी राय, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष भगवानदास सबनानी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

### संकीर्तन और प्रसादम देकर आमंत्रण

भूमिपूजन महोत्सव के पहले शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर मंदिर के भक्त रोज हरिनाम संकीर्तन कर नगरवासियों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। भक्त हरे कृष्ण महामंत्र का कीर्तन एवं प्रसादम देकर आमंत्रण पत्र दे रहे हैं। भूमिपूजन के पावन अवसर पर मप्र के विभिन्न शहरों में स्थित इस्कॉन के मंदिर और सेंटरों से विभिन्न कीर्तन पार्टियां हरिनाम का कीर्तन करेंगी।

**राजधानी में महाशिवरात्रि को लेकर जोरों पर चल रही तैयारियां**

# बाबा बटेश्वर और कर्फ्यू वाली माता को श्रद्धालुओं ने लगाई हल्दी-मेहंदी और श्रृंगार कर गाए बन्ना-बन्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। भगवान भोलेनाथ की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाएगी। इस मौके पर शहर के शिवालयों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे। पुराने शहर के कायस्थपुरा स्थित श्री बड़वाले महादेव मंदिर में राजधानी के बड़वाले महादेव मंदिर में गणेश पूजन के साथ 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन



किया जा रहा है। महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत रविवार को हल्दी व मेंहदी की रस्म की गई। महिलाएं श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा श्री बटेश्वर को हल्दी व मेंहदी लगाई गई। वहीं सोमवारा स्थित जय भवानी मंदिर में रात नौ बजे महिलाओं ने माता पार्वती को हल्दी व मेंहदी लगाई गई।

### पशुपतिनाथ का होगा अभिषेक

गोविंदपुरा भेल स्थित श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में महाशिवरात्रि पर गंगाजली कलश यात्रा शिव बारात का आयोजन रखा गया है। दोपहर 12 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ जी का रुद्राभिषेक किया जाएगा। विशाल गंगाजली कलश यात्रा में शिव बारात, नेपाल के परंपरागत पन्चेबाजा के साथ माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा से शुरू होकर शुपतिनाथ मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।

### शीतला माता मंदिर में भोलेनाथ को आज लगेगी हल्दी

शीतला माता मंदिर में भोलेनाथ संग माता पार्वती जी को भक्तों द्वारा हल्दी मेंहदी तेल का अर्पण सोमवार शाम 4 बजे किया जाएगा। पुजारी पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्र की माताएं, बहनों सहित धर्म प्रेमी बंधु मौजूद रहेगी।

# मेहमानों के लिए टेंट सिटी तैयार



## टूरिज्म समिट में शामिल होंगे अभिनेता पंकज त्रिपाठी, केंद्रीय पर्यटन मंत्री, सचिव सहित कई नामचीन हस्तियां

# जीआईएस में पर्यटन में निवेश की संभावनाओं के लिए खुलेंगे नए द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के दौरान पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए संभावनाएं के नए द्वार खुलेंगे। आयोजन के दूसरे दिन 25 फरवरी को फ्यूचर रेडी मप्र के निर्माण में पर्यटन और संस्कृति के योगदान और अवसरों पर एक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत, सचिव, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार सुश्री वी विद्यावति, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला, इतिहासकार पद्मश्री केके मोहम्मद, अध्यक्ष, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री अजीत बजाज, अभिनेता पंकज त्रिपाठी, कार्यकारी उपाध्यक्ष इंडियन होटल्स कंपनी लि. रोहित खोसला, हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स एंड कॉर्पोरेट एफेयर्स मेक माई ट्रिप समीर बजाज, निदेशक जहांनुमा होटल्स अलि राशिद, अभिनेता विजय विक्रम सिंह अपने विचार व्यक्त करेंगे।

पर्यटन अधोसंरचनाओं का विकास हो या फिर पर्यटकों की सुविधाओं में विस्तार, मप्र पर्यटन विभाग ने विभिन्न स्तर पर तैयारियां की है। प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं में कुल 1000 हेक्टेयर से अधिक भूमि चिन्हित की है। निवेशकों को इन स्थानों पर होटल, रिसोर्ट, गोल्फ कोर्स आदि परियोजनाएं शुरू करने पर नई पर्यटन नीति में प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### खास बातें

- विभिन्न निवेश परियोजनाओं के लिए 1000 हेक्टेयर भूमि चिन्हित
- पर्यटन नीति–2025 और फिल्म पर्यटन नीति–2025 में निवेशकों के लिए विशेष लाभ




### रोप-वे से लेकर क्रूज में निवेश के अवसर



पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजनाओं में हनुवंतिया, मांडू, ओरछा, अमरकंटक सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर टेंट सिटीज, कारवां पर्यटन, रोपवे, गोल्फ कोर्स और स्टैचू ऑफ वननेस (ओंकारेश्वर) और स्टैचू ऑफ यूनिटी (केवड़िया, गुजरात) को जोड़ने वाले क्रूज पर्यटन के लिए निवेश के अवसर उपलब्ध है।

## मप्र बनेगा भारत का टेक पॉवर हाउस, टेक इन्वेस्ट 2025 के लिए मंच तैयार, प्रमुख उद्योगों की भागीदारी

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा टेक इन्वेस्ट 2025, एक विशेष तकनीकी शिखर सम्मेलन, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के शुभारंभ के दिन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन 24 फरवरी को राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के समिट हॉल-2 में आयोजित होगा सत्र 1 में जीसीसी हब के रूप में टियर-2 और टियर-3 शहरों का उदय और आईटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मध्यप्रदेश के सहयोग से आयोजित इस सत्र में उद्योग जगत के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें स्ट्रेटइनफिनिटी इनकॉर्पोरेटड, ईवाई, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन कोरिया, डिजिटल कॉमर्स टेक्नोलॉजीज और थॉलोन्स बार्कले भाग लेंगे।

### मध्यप्रदेश को सेमीकंडक्टर निर्माण का केंद्र बनाना

सत्र 2 केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय मीटी और आईटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के नेतृत्व में और आईईएसए, वीएलएसआई, सैकडरमिड अल्फा, सीटीआरएलएस (कंट्रोल्स), आरसेंस फाइन प्रायवेट लिमिटेड, एलसिना, अंबर समूह और काएंस जैसी प्रमुख संस्थाओं के सहयोग से यह सत्र सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं निर्माण में नवीनतम प्रगति पर केंद्रित होगा।

**सत्र 3: आसमान की ओर: मध्यप्रदेश में ड्रोन और स्पेसटेक को विस्तार पर फोकस्ड रहेगा**

मीटी के सहयोग से यह ड्रोन सत्र ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया, ड्रोन डेस्टिनेशन, भारतीय वायुसेना और अन्य अग्रणी संगठनों द्वारा नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित करेगा।

**सत्र 4: एनीमेशन से विकास की ओर: मप्र का उभरता हुआ एवीजीसी इकोसिस्टम**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित यह सत्र एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स की दुनिया में गहराई से चर्चा करेगा। इस कार्यक्रम में ईवाई, कायरा एनिमेशन प्रायवेट लिमिटेड,फेंटम डिजिटल एफएक्स, फिक्की, आदर्श टेक्नोसोफ्ट, सेंटर फॉर एंटरटेनमेंट आर्ट्स, पूजा एनिमेशन्स, आरवाईएफएफ, बियोंड स्टुडियोज और उद्योग जगत अन्य प्रमुख के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

एलटीआई माइंड ट्री, पंचशील रियलिटी, डिजिटल कन्वर्जेंस टेक्नोलॉजीज, सिक्योर सर्किट्स और एम्बर एंटरप्राइसेस इंडिया लिमिटेड जैसी अग्रणी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में अपने परिचालन के विस्तार में रुचि दिखाई है। राज्य सरकार इस अवसर पर ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी, सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025, ड्रोन प्रोमोशन एवं उपयोग नीति 2025 नीतियों की घोषणा करेगी। टेक इन्वेस्ट-2025 बी-टू-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) और बी-टू-जी (बिजनेस-टू-गवर्नमेंट) नेटवर्किंग सत्रों की भी सुविधा प्रदान करेगा, जिससे उद्यमियों, निवेशकों को प्रत्यक्ष बातचीत का अवसर मिलेगा।

### एमपी इनोवेस्ट—स्टार्ट-अप पिचिंग प्रतियोगिता

कार्यक्रम में एमपी इनोवेस्ट-स्टार्ट अप पिचिंग प्रतियोगिता होगी, जिसमें स्टार्ट-अप्स अपने अभिनव विचारों को प्रस्तुत करेंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, एमएसएमई विभाग और प्रमुख वेंचर कैपिटलिस्ट्स जैसे अराइज वेचर्स,योर नेस्ट वीसी, सीफंड, सांची कनेक्ट, डेक्स्टर कैपिटल एडवाइजर, सूनिकॉर्न वेचर्स स्माल टिकिट फंडिगं, अटल इनक्यूबेशन सेंटर, एसटीपीआई और दृष्टि सीपीएस के विशेषज्ञ जूरी के रूप में उपस्थित रहेंगे।



## मुख्यमंत्री से आईटीसी के चेयरमैन पुरी सीआईआई, एक्सिस बैंक के प्रतिनिधियों ने की औद्योगिक विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं भारतीय उद्योग परिसंघ (कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज- सीआईआई) के प्रेसिडेंट संजीव पुरी, सीआईआई के डायरेक्टर जनरल चंद्रजीत बैनर्जी, रीजनल डायरेक्टर राजेश कपूर एवं अनिरुद्ध चौहान ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। इस दौरान औद्योगिक विकास और परस्पर व्यापारिक सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एक्सिस बैंक, मुंबई के वाइस प्रेसिडेंट संदीप ओतुरकर व अन्य अधिकारियों ने भी समत्व भवन में ही मुलाकात की। बैठक में वित्तीय क्षेत्र में सहयोग और प्रदेश में बैंकिंग सुविधाओं के आवश्यकतानुसार विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया।

# डिक्की छोटे और मध्यम उद्यमियों को बड़े निवेशकों के साथ जोड़ेगा

▶ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बड़े औद्योगिक समूहों के साथ एंकर यूनिट के लिए होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में निवेश करने के इच्छुक बड़े उद्योगपतियों को छोटी इकाइयों की आवश्यकता होती है। इस जरूरत को अवसर में बदलने और बड़े निवेशकों को सहयोग देने के लिए डिक्की (दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) पूरी तरह से तैयार है। डिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने बताया कि संगठन एससी-एसटी उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए विशेष अनुदान और सब्सिडी उपलब्ध करवा रहा है। डिक्की ने एससी-एसटी उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सिडबी, एसबीआई और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू किए हैं। इन समझौतों के तहत एससी-एसटी उद्यमियों को केवल 4% ब्याज दर पर 20 करोड़ रुपए तक का लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, 400-400 करोड़ रुपए के वेंचर कैपिटल फंड की भी स्थापना की गई है। यह सहायता मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, आईटी, फेब्रिकेशन, टूरिज्म सहित विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दी जाएगी। समिट से डिक्की एंकर यूनिट डेवेलपमेंट की अवधारणा को लागू करने जा रहा है।

### अफर्मेटिव एक्शन पॉलिसी प्रभावी रूप से लागू

देश में अफर्मेटिव एक्शन पॉलिसी प्रभावी रूप से लागू है, जिसे केंद्र सरकार, सीआईआई और डिक्की संयुक्त रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। इस नीति के तहत बड़े उद्योगों को एससी-एसटी वर्ग के उद्यमियों को वेंडर के रूप में शामिल करने की अपेक्षा की जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समावेशी आर्थिक विकास को लेकर गंभीर हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की अफर्मेटिव एक्शन पॉलिसी बनाई गई है। डिक्की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को एससी-एसटी युवाओं के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए एक बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एससी-एसटी वर्ग के युवाओं और उद्यमियों को विशेष सहायता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। समिट से दो दिन पूर्व, ट्राइबल ब्लॉक और आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में संचालित उद्योगों की 104 करोड़ रुपए की बकाया सब्सिडी को डीबीटी के माध्यम से उद्यमियों के खातों में स्थानांतरित किया गया।

### सीएम ने समत्व भवन में किया प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण

# पीएम मोदी ने की मध्य प्रदेश के पोल वाल्टर देव कुमार मीणा की सराहना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से आत्मीय संवाद के अनुक्रम में 'मन की बात' के 119 वें एपिसोड का रविवार को सजीव प्रसारण हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) के निज कार्यालय कक्ष से प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात प्रसारण का श्रवण किया।

मन की बात के इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड में हाल ही में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय खेलों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें देशभर के 11 हजार से अधिक एथलीट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 19 साल के पोल वाल्टर देव कुमार मीणा की सराहना करते हुए कहा कि देव कुमार ने साबित किया है कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों ने हमें यह भी दिखाया है कि कभी हार न मानने वाले 'जीतते' जरूर हैं। कम्फर्ट के साथ कोई चैम्पियन नहीं बनता। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश के पोल वाल्टर की सराहना से हम गौरवान्वित हैं। पोल वाल्ट खेल में देव कुमार का उत्कृष्ट प्रदर्शन यह बताता है कि हमारा प्रदेश खेलों और खिलाड़ियों के विकास और इनके प्रोत्साहन में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बना

# प्रधानमंत्री मोदी के मन में बसता है मध्य प्रदेश, जीआईएस से आएगी विकास की 'बहार'


▶ प्रधानमंत्री मोदी ने कैंसर अस्पताल की प्रदेश को सौगात दी

▶ पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश-प्रदेश में अर्थव्यवस्था हुई सदृढ़

हरिभूमि चर्चा

**हरिभूमि न्यूज. भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर है। पीएम के आगमन को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में बेहद खुशी और उत्साह है। भाजपा पदाधिकारियों और प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन में मध्य प्रदेश बसता है। उनके कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश उन्नति के शिखर छू रहा है। विकास में जीआईएस मील का पत्थर साबित होगी

### पीएम मोदी का आशीर्वाद हमेशा मप्र को मिलता रहा



दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यस्ततम समय के बावजूद भाजपा प्रदेश संगठन के लिए समय निकालकर 23 फरवरी को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पार्टी पदाधिकारियों और सांसद-विधायकों से संवाद किया। यह मध्यप्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन तक प्रदेश की धरती पर रहेंगे। हम सब पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत को लेकर उत्साह और उमंग के साथ जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में हमेशा मध्यप्रदेश रहा है और उनका आर्शीवाद हमेशा प्रदेश को मिलता रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

**विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा**


### प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी



मध्यप्रदेश में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर हम सभी हृदय से उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं। यह महत्वपूर्ण आयोजन प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदृष्टि के परिणाम स्वरूप भारत आज वैश्विक स्तर पर निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन चुका है। मध्यप्रदेश, जो अपनी समृद्ध प्राकृतिक संपदा, विकसित बुनियादी ढांचे और निवेश-हितैषी नीतियों के लिए जाना जाता है, इस आयोजन के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। यह ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट न केवल उद्योगपतियों और निवेशकों को प्रदेश में व्यापार के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराएगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर भी सृजित करेगी। इससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी(

**आशीष उषा अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा**

### वर्ष 2025 मप्र में उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा



मप्र के लिए 24 फरवरी का दिन महत्वपूर्ण दिन रहेगा। हम सबके लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ कर रहे हैं। प्रदेश में पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगातार प्रयास किए हैं। उन्होने प्रदेश में समग्र रूप से विकास के लिए रीजनल स्तर पर समिट का आयोजन किया है। रीजनल समिट से प्रदेश के सभी क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश की संभावनाएं ज्यादा बढ़ेंगी। वर्ष 2025 प्रदेश में उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस जीआईएस से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदलेगा और युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। मप्र खनिज संपदा और पर्यटन के मामले में संपन्न राज्यों की श्रेणी में गिना जाता है। इन क्षेत्रों में निवेश अब और तेज गति से हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हमारा प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है।

**उदय प्रताप सिंह, मंत्री, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा**

### निवेश की संभावनाओं को तलाशने का अवसर



बड़े सौभाग्य का विषय है कि राजा भोज की नगरी भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निवेश के महाकुंभ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ किया जा रहा है। लोकल्याण एवं राष्ट्र उत्थान के लिए समर्पित प्रधानमंत्री का लगाव और आत्मीय भाव, हमेशा से मध्यप्रदेश के साथ रहा है। उनके मन में मध्यप्रदेश बसता है, ये उनके दो दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास से झलकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा मध्यप्रदेश के विकास के लिए अपने व्यस्ततम समय में से भी समय निकाला है, हम सभी उनकी उदारता और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति कृतज्ञ हैं। प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में निवेशकों एवं उद्यमियों को, निवेश की संभावनाओं से समृद्ध हमारे मध्यप्रदेश में निवेश की असीम संभावनाओं को तलाशने का अभिनव अवसर मिलेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह समिट, प्रदेश के विकास की नई इबारत लिखेगा।

**इन्दर सिंह परमार, मंत्री, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष**

## खबर संक्षेप



### नेत्र परीक्षण शिविर में 83 मरीजों की हुई जांच

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में रविवार को समाजसेवी जगदीश सोनी द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 83 नेत्र रोगियों ने पंजीयन कराया। जिला अंधत्व निवारण समिति एवं जीव संस्थान सेवा सदन बैरागढ़ के सहयोग से आयोजित होने वाला शिविर मुख्य बाजार राधाकृष्ण चौक स्थित सोनी निवास पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जांच आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र रोगियों की डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई, जिसमें 51 मोतियाबिंद रोगियों को आपरेशन के लिए भोपाल रेफर किया गया।

### बूथ 121 में 119वां 'मन की बात' कार्यक्रम सुना



**औबेदुल्लागंज।** आज भोजपुर विधानसभा के बूथ 121 वार्ड 13 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 119वां एपिसोड 'मन की बात' कार्यक्रम सुना गया। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, रामकिशोर नंदवंशी, माधव यादव, मनोज चौरसिया शामिल थे। उन्होंने मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बारे में कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय है। महिला दिवस पर एक विशेष सोशल मीडिया की पहल की घोषणा की गई।

### आरोग्य केंद्र में निरोगी काया के बताए तरीके



**संतनगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित 10 दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार किया जाता हैं। ओमान से आई जया कारवानी इन्होंने जीवन शैली के बारे में जाना व शरीर शुद्धि की। बालाघाट से आई नंदा सचदेव ने दिनचर्या के बारे में जाना व शरीर शुद्धि की। जयपुर से आईं अनिता मोतिहार को अनिद्रा की बीमारी में आराम मिला। खानूगांव से आईं भारती कुकरेजा ने शरीर शुद्धि के बारे में जाना।

### भाजपा सदस्यों ने एकत्रित की समर्पण निधि



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे आजीवन सहयोग निधि एकत्रीकरण अभियान के तहत रविवार को भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज के तत्वावधान में नगर के वरिष्ठ, युवा एवं भाजपा के सदस्य द्वारा समर्पण निधि एकत्रित की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा, आनंद पांडे, माधव यादव, हरगोविंद वर्मा, मनोज चौरसिया, रूपेश चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पंचायत में फैली गुटबाजी से स्थानीय नेता दुखी

**तामोट।** भाजपा नेता तामोट के विकास के लिए आवाज नहीं उठा रहे हैं। आपस में खींचतान में लगे हुए हैं। दो सरपंच के खेमे में पंचायत चला रहे हैं। पंचायत में फैली अनियमितता और गुटबाजी के कारण स्थानीय भाजपा नेता दुखी हैं। वहीं नेता बाबूलाल, राजकुमार, रामकिशोर चौहान का कहना है कि तामोट की सड़कों में दरारें आ गईं है, नालियां भी टूट कर गिर रही है। वहीं कांग्रेस नेता मौन देख रहे हैं और तामोट में जगह-जगह चर्चा हो रही है कि तामोट का विकास कब होगा।

---

तलैया थाना क्षेत्र स्थित भोईपुरा बस्ती में हुआ हादसा, पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया

# शराब के नशे में तीन मंजिला मकान की छत से गिरा युवक, सिर में गंभीर चोट आने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**अब्दुल घर की छत से नीचे रखी लोहे की गुमठी पर गिरने से हुआ गंभीर घायल**

तलैया थाना क्षेत्र स्थित भोईपुरा बस्ती में रविवार दोपहर एक युवक शराब के नशे में तीन मंजिला मकान की छत से गिर गया। छत से वह पीछे की तरफ खाली पड़े प्लॉट पर रखी लोहे की गुमठी पर गिरा था। करीब तीस फीट की ऊंचाई से गिरने से सिर में गंभीर चोट थी। ऑटो की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

एसआई राधेलाल इनवाती ने बताया कि अब्दुल खान पिता इजराइल खान (35) भोईपुरा, बस्ती बुधवारा, तलैया में रहता था और काली मंदिर के पास फूल की दुकान में काम करता था। उसकी पत्नी घरों में साफ सफाई का काम करती है। अब्दुल खान शराब पीने का आदी था। रविवार दोपहर वह शराब के नशे में दुकान पहुंचा। दुकानदार ने उसे कहा कि नशा अधिक हो गए है और दुकान के पास सो जा, लेकिन उसने दुकानदार की नहीं सुनी और वहां से घर जाने के लिए निकल गया। वह दोपहर करीब दो बजे घर पहुंच गया था। घर पर उसकी पत्नी नहीं थी। वह काम पर गई थी। कुछ देर बाद अब्दुल घर की छत से नीचे गिर गया। लोहे की गुमठी पर करीब तीस फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण तेज आवाज आई थी। लोग आवाज सुनकर पहुंचे तो उन्होंने अब्दुल को घायल अवस्था में देखा था। उसके सिर में और कंधे में गंभीर चोट थी। ऑटो की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### अधेड़ ने आम के पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव कोलूखेड़ी कला में रविवार सुबह एक अधेड़ की लाश आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है। थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि गांव कोलूखेड़ी कलां, निवासी 50 साल के लाखन वंशकार हाली (मजदूरी) का काम करते थे। इसके अलावा ढोल भी बजाकर गुजारा करते थे। उनकी पत्नी कुसुम वंशकार ने बताया कि रविवार सुबह वह घर से निकले थे। काफी देर तक वह घर नहीं लौटे करीब 8 बजे वह लाखन को देखने गांव में निकली। इसी दौरान उन्होंने आम के पेड़ पर लाखन को फांसी के फंदे पर लटके देखा था।

### ट्रेन के पायदान पर बैठे यात्री का मोबाइल झपट्टा मारकर लूटा

**भोपाल।** रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच के पायदान पर बैठे दमोह निवासी कपिल साहू विगत 17 फरवरी को भोपाल से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहा था। भोपाल से चलने के दो किमी बाद रेलवे ट्रेक के किनारे खड़े एक लड़के ने कपिल साहू के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल नीचे गिरा लिया और मोबाइल उठाकर भाग निकला। फरियादी ने रिपोर्ट रानी कमलापति जीआरपी में दर्ज कराई थी। वहां से डायरी जीआरपी थाना भोपाल भेजी है।

---

चाकू की नोंक पर अपने साथियों के साथ ले जाकर युवक से की मारपीट

# निगरानी बदमाश ने सीआरपीएफ जवान के भाई का किया अपहरण, दस दिन बाद एफआईआर दर्ज

◆ पिपलानी थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ जवान के भाई का चाकू की नोक पर अपहरण कर उसे बंधक बनाकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना करीब दस दिन पुरानी है। वारदात को थाने के निगरानी बदमाश ने अपने साथी के साथ अंजाम दिया था। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागे युवक ने पिपलानी पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने अपहरण कर बंधक बनाने और मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार ईडब्ल्यूएस, एफ-सेक्टर अयोध्या बायपास निवासी कौशलेंद्र यादव कुमार यादव (43) खुद का ऑटो चलाते हैं। उनके चार ऑटो किराए पर चलते हैं। 14 फरवरी की रात करीब 9 बजे वह सवारी के इंतजार में पिपलानी पेट्रोल पंप के पास खड़े थे। इस दौरान निगरानी बदमाश मुश्ताक अपने साथी के साथ पल्सर बाइक से पहुंचा और कौशलेन्द्र यादव से कहा कि तू आजकल बहुत वजनदारी दिखाता है। फौज और पुलिस का डर दिखाता है। तुझे मजा चखाता हूं। इतना कहकर मुश्ताक ने उसके गले पर चाकू अड़ा दिया और अपने बाइक पर बिठाकर बोगदा पुल गुरुद्वारा डेरे के पास लेकर पहुंचे। वहां आरोपियों ने कौशलेन्द्र के साथ मारपीट की।

**फरियादी कौशलेंद्र ने बताया कि मुश्ताक पहले भी दो-तीन बार कर चुका है मारपीट**

#### पत्नी ने कॉल किया तो चाकू अड़ाकर धमकाया




काफी देर होने के कारण कौशलेन्द्र की पात्नी ने उन्हें कॉल किया। कॉल आते ही मुश्ताक ने कौशलेंद्र यादव के गले पर चाकू अड़ा दिया और कहा कि पत्नी से कह अप्सरा के पास कलारी से शराब लेकर आता हूं। कौशलेंद्र ने वैसे ही कहा। इसके बाद आरोपी ने उसका मोबाइल छीनकर स्विच ऑफ कर दिया। आरोपी डेरे के पास सूने स्थान पर बैठकर शराब पी रहे थे। इस बीच फरियादी कौशलेंद्र नजर बचाकर वहां से भाग निकला। ऑटो स्टैंड पर कौशलेंद्र को बेटा सतेन्द्र मिला। उसके साथ वह अपने घर पहुंच गया। उसने अपनी पत्नी को घटना की जानकारी नहीं दी।

#### पत्नी ने देवर को बताई घटना

कौशलेन्द्र ने करीब एक सप्ताह बाद अपनी पत्नी को घटना की जानकारी दी। पत्नी ने यह बात अपने देवर सुनील यादव को बताई। सुनील बंगरसिया सीआरपीएफ कैंप में सिपाही हैं। सुनील ने अपने भाई से पूछा तो कौशलेंद्र ने बताया कि मुश्ताक पहले भी दो-तीन बार बिना वजह उसके साथ मारपीट कर चुका है। क्योंकि मैं काम-धंधे वाला हूं और इन पचड़ों में नहीं पड़ना चाहता, इसलिए पुलिस से शिकायत नहीं की। सुनील अपने भाई को पिपलानी थाने लेकर पहुंचे और मुश्ताक व उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया।

## ड्राइवर को शराब पिलाई, शौच के लिए गया ड्राइवर, तो पिकअप लेकर भागे बदमाश

**सीसीटीवी कैमरे का रूटमैप तैयार कर सोहाया गांव से ईंटखेड़ी पुलिस ने आरोपियों को दबोचा**



ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गोल खेड़ी टोल के पास शनिवार रात शौच करने गए ड्राइवर का पिकअप वाहन चोर लेकर भाग निकले। ड्राइवर ने तत्काल चोरी की शिकायत ईंटखेड़ी पुलिस से की थी। पुलिस ने घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। सीसीटीवी कैमरों का रूटमैप तैयार कर पुलिस ने चोरों को गांव सोहाया के पास से गिरफ्तार कर लिया। चारों चोर इंदौर के रहने वाले हैं और ड्राइवर के साथ ही भोपाल आए थे। उन्होंने ड्राइवर से दोस्ती बढ़ाई और उसे शराब पिलाने के बाद उसकी पिकअप लेकर इंदौर भागना चाहता था, लेकिन इससे पहले ही ईंटखेड़ी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस के अनुसार मुन्ना सोलंकी पिता बाबूलाल सोलंकी (29) कमल नगर, मूसाखेड़ी, इंदौर में रहता है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि वह अपनी टाटा एस पिकअप से भोपाल सेटअप का सामान छोड़ने आया था। सामान छोड़ने के बाद वह रात करीब 9 बजे बैरसिया जा रहा था। गोलखेड़ी टोल से थोड़े आगे उसने पिकअप खड़ी की और शौच के लिए चला गया। शौच के बाद लौटा तो उसका पिकअप वाहन चोरी हो चुका था। उसने अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद ईंटखेड़ी थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों का रूटमैप तैयार कर सोहाया गांव से पिकअप वाहन को घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। पिकअप वाहन में चार आरोपी थे। उनकी पहचान गब्बर वर्मा पिता रामशंकर वर्मा (32) शिवदर्शन नगर मूसाखेड़ी, इंदौर, पवन वर्मा पिता खुन्नीलाल वर्मा (50) पलसीगंज, रावजी बाजार, इंदौर, अरविंद उर्फ धर्मेन्द्र यादव पिता मनोहर यादव (30) श्रीराम नगर, पालदा, थाना भवरकुंआ, इंदौर और राजेश मेहरा (34) शिवदर्शन नगर, मूसाखेड़ी, इंदौर बताया।

#### साथ में पी थी शराब

थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि आरोपी और फरियादी इंदौर के हैं। ड्राइवर मुन्नालाल के साथ आरोपी इंदौर से भोपाल आए थे। उन्होंने मुन्नालाल से दोस्ती बढ़ाई और शराब पिलाई। मुन्नालाल को नशे अधिक होने लगे और वह शौच का कहकर चला गया। इस बीच आरोपी उसका पिकअप वाहन लेकर भाग निकले।

---

राापड़िया गांव में बाइक सवार ने मारी थी टक्कर

### सड़क हादसे में घायल साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया गांव में श्रीकृष्ण गार्डन के सामने साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड को अज्ञात बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सिक्योरिटी गार्ड को सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। करीब चार दिन चले इलाज के बाद सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक सवार की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार केशवदास (65) गांव पतलौन, तहसील बसई, जिला दतिया के रहने वाले थे और इन दिनों रापड़िया गांव में रह रहे थे। वह बायपास दुकान में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। गत 18 फरवरी को वह रापड़िया गांव के मंदिर में पूजा करने के बाद साइकिल से ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। शाम करीब वह साढ़े छह बजे के आसपास 11 मील बायपास पर श्रीकृष्ण गार्डन के सामने पहुंचे ही थे कि उनकी साइकिल को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकला था। गंभीर रूप से घायल केशवदास को एंबुलेंस की मदद से एम्स ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उनकी मौत हो गई।

पार्षद ने पीडब्ल्यूडी को लिखा पत्र, मरम्मत की मांग

### स्टेशन रोड जगह-जगह से उखड़ा वाहन चलाने में हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर के मेन चौराहे से रेलवे स्टेशन रोड करीब ढाई सौ मीटर लंबा है, इस रोड को बनाने के लिए वार्ड 13 के पार्षद मनोज चौरसिया ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है। यह सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है। गड्ढे होने और गिट्टियां उखड़ने से लोगों को वाहन चालाना मुश्किल हो रहा है।

स्टेशन रोड की सड़क पर बड़े-बड़े नेताओं की कारे खड़ी रहती है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। अशोक मित्तल, रविंद्र विजयवर्गीय, सुदामा तिवारी, रामकिशोर नंदवंशी, नीरज चावला, आशीष दीक्षित आदि नेता इस सड़क पर चलते हैं मगर आवाज कोई नहीं उठाता। एसडीओ पी चौहान कहते हैं शीघ्र काम लगने वाला है।

---

### तीन दिवसीय भोजपुर महोत्सव 26 से 28 तक

**मंडीदीप।** महाशिवरात्रि पर भोजपुर महोत्सव शिव मंदिर प्रांगण में 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी। पहले दिन 26 फरवरी को लोकगायन में शिव भाई गुप्ता, खरगोन प्रस्तुति देंगे। बधाई लोकनृत्य अभिलाष चौबे, सागर प्रस्तुत करेंगे। मटकी लोकनृत्य हीरामणि वर्मा, उज्जैन दिखाएंगे। भक्ति गायन में ऋषभ रिखीराम शर्मा, मुंबई प्रस्तुति देंगे।

दूसरे दिन 27 फरवरी को ताल वाद्यकचहरी में शिव तांडव की प्रस्तुति अंशुल प्रताप सिंह और उनके साथी देंगे। इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें हरिओम पवार, अनामिका अंबर, विष्णु सक्सेना, बलराम श्रीवास्तव, अमन अक्षर और लक्ष्मण नेपाली शामिल होंगे। तीसरे दिन 28 फरवरी को लोकगायन में राजकुमार ठाकुर, सागर प्रस्तुति देंगे। गणगौर लोकनृत्य संजय महाजन, बड़वाह दिखाएंगे। बरेदी और नौरता लोकनृत्य अमित घारु, सागर प्रस्तुत करेंगे। सुगम संगीत में अरुणिता कांजीलाल, नचिकेत लेले और उनका ग्रुप, मुंबई प्रस्तुति देगा। महोत्सव का आयोजन मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग कर रहा है।

## बनारस में छात्रा की संदिग्ध मौत के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

कुशवाहा समाज ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



बनारस में नीट की तैयारी कर रही बिहार की 17 वर्षीय छात्रा स्नेहा कुशवाहा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के विरोध में औद्योगिक नगर में कुशवाहा समाज ने कैंडल मार्च निकाला। प्रांतीय कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

खेल मैदान से मंगलबाजार तक मार्च कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन भी सौंपा। समाज के लोगों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल मृतक छात्रा का शव परिवार को देने से इनकार किया, बल्कि उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। कुशवाहा समाज के प्रतिनिधियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही छात्रा के परिवार को न्याय दिलाने और मुआवजा देने की भी मांग की गई है। वहीं समाज के महासचिव गोपाल कुषवाह व प्रदेश संगठन मंत्री खुशीलाल कुशवाह ने इसे सुनियोजित हत्या बताया। उनका कहना है कि दोषियों को बचाने के लिए इसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए।

### नगर परिषद में आम लोगों का काम कराना मुश्किल

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में आम जनता को काम कराना मुश्किल हो गया है। प्रभारी सीएमओ का प्रभाव कर्मचारियों पर नहीं होने के कारण कर्मचारी भी सीएमओ की नहीं सुनते। वहीं नामांतरण में भ्रष्टाचार जोरों पर है। 9 पार्षदों ने कलेक्टर से मांग की है कि नामांतरण एवं कर्मचारी भर्ती की जांच की जाए। पटवा विरोधी और कांग्रेस के नेताओं के कहने पर नगर पालिका में काम जल्दी हो जाते हैं।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ गुपचुप चर्चा करते हैं कि जिस दिन माननीय को यह सब बात पता चलेगी, उसे दिन उन्हें अपने इस फैसले पर अफसोस होगा। उनकी कार्यशैली जिस प्रकार है उसके कारण पटवा जी की छवि खराब हो रही है और जनता नाराज हो रही है। पावर में बैठे एक पार्षद पति ने कहा है कि अपना काम तो हो गया अपने 5 साल बेमिसाल निकल गए। अब हमें सीधे भोपाल शिफ्ट होना है। नगर के हालात बत से बत्तर हैं। सफाई व्यवस्था चारों तरफ बेहाल है। नगर के पांच पार्षदों की मौज हो रही है। पार्षदों ने मांग की है कि जल्दी ही फुल फ्लैश सीएमओ नगर को दिया जाए।

### भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता के माता-पिता की मनाई 60वीं सालगिरह

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दीपक विजयवर्गीय के पिता रमेश चंद्र विजयवर्गीय व माता विमला विजयवर्गीय की 60वीं शादी की सालगिरह पूर्ण होने पर धूमधाम से उत्सव मनाया। इस अवसर पर यज्ञ संस्कार और मंगलाचार गायत्री शक्तिपीठ के सौंजय से से हुआ। रमेश चंद्र विजयवर्गीय क्षेत्र में गायत्री परिवार से जुड़े हैं। उनके विवाह के 60 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, अशोक मित्तल, देवेंद्र सिंह राजू, मोहन मेहुआ, रविंद्र विजय, सुरजीत सिंह बिल्ले, पंकज कोठारी, पार्षद हेमलता चौरसिया, मनोज चौरसिया, प्रेम नारायण सोनी, जीवन पाल, संजय सिंह चौहान, नीरज चावला, मंडल अध्यक्ष, डॉ. भूपेंद्र नागर, पार्षद दीपू परमार, मंडल नेता माधव यादव, रावी कमल, आनंद पांडे, मनीष गोशिंदे, अंकित अग्रवाल, रामकिशोर नंदवंशी, रामेश्वर नागर, पार्षद भारती शेट्टी, नरेश शेट्टी, विद्या अग्रवाल, उत्तम यादव, अनुराधा विजयवर्गीय, मानसी मित्तल सहित अन्य लोगों ने शॉल श्रीफल और गुलदस्ता देकर उनको बधाई दी।



---

युवती ने मनचले को किया इंकार तो भेज दिए थे निजी पलों के फोटो

# शादी के लिए दबाव बना रहे मनचले से परेशान होकर युवती ने पीया कीटनाशक, समय रहते पहुंची अस्पताल, तो बच गई जान

◆ पुलिस ने मनचले के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मिसरोद थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने मनचले से परेशान होकर कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते उसे अस्पताल में भर्ती कराने से उसकी जान बच गई। पुलिस को युवती ने बताया कि मनचला उस पर शादी का दबाव बना रहा था। इनकार करने पर आरोपी ने युवती के परिजन को फोटो भेज दी। इससे दुखी होकर उसने कीटनाशक पिया। पुलिस ने मनचले के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 20 साल की पीड़िता करीब दो साल पहले जिला बैतूल से भोपाल पढ़ाई के लिए आई थी और यहां मिसरोद इलाके में किराए से रह रही है। बैतूल के ही लवकेश नामक युवक से युवती का परिचय था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई थी, लेकिन लवकेश ने दोस्ती को प्रेम समझ लिया और कुछ समय बाद वह युवती पर शादी करने का दबाव बनाने लगा। युवती ने शादी करने से इंकार कर दिया तो आरोपी लवकेश ने युवती से अभद्र व्यवहार किया और मोबाइल से ही उसके परिवार को निजी पलों के फोटो भेज दिए। दुखी होकर युवती बैतूल चली गई, लेकिन इसके बाद भी आरोपी लवकेश युवती को धमकी देकर शादी का दबाव बनाने लगा। इससे परेशान होकर युवती ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मिसरोद पुलिस का कहना है कि फिलहाल पीड़िता के बयान नहीं हो सके हैं।

### अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग कायम

शाहजहानाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पानी की टंकी के पास अचेत अवस्था में देख उसे अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग मायम कर लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार संजय मोटवानी 48 वर्ष ईदगाह हिल्स शाहजहानाबाद में रहते थे। रविवार दोपहर करीब 12:00 बजे पानी की टंकी के पास वह बेसुध पड़े नजर आए। अस्पताल ले जाने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है।

कबीर कुटिया में मेला समिति के सदस्यों की बैठक


### सिंधी मेला समिति के पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की बनाई रूपरेखा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति द्वारा रविवार को कबीर कुटिया में मेला समिति के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति द्वारा आने वाले समय में आयोजित होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार करना था।

इस बैठक में समिति द्वारा 16 मार्च को होली मिलन समारोह एवं पारिवारिक पिकनिक, 23 मार्च को शहीद हेमू कलानी की जन्मदिन एवं भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेतीचांद पर युवाओं के लिए 5 किलोमीटर तक की सिंधी मैराथान एवं 12 व 13 अप्रैल को दो दिवसीय पारिवारिक सिन्धी मेले एवं सिंधी स्पोर्ट्स मेनिया जो कि मई में होने के विषय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सिंधी मेला समिति के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए चर्चा की।



# 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' ने जीता अवॉर्ड...

**मुंबई।** ऋचा चड्ढा और अली फजल की डेब्यू फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' ने 'जॉन कैसावेट्स अवॉर्ड' जीता है। अवॉर्ड जीतने के बाद कपल काफी खुश है। ऋचा और अली दोनों बॉलीवुड के कपल हैं। दोनों फिल्मी दुनिया से जुड़े हैं। उन्होंने लव मैरिज की है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का निर्देशन शुची तलती ने किया है। ये कॉमेडी फिल्म है। इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स का आयोजन शनिवार को कैलीफोर्निया में हुआ। फिल्म ने अवार्ड जीत कर इतिहास रच दिया है। यह अवॉर्ड पाने वाली 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' भारत की पहली फिल्म बन गई है। यह अवॉर्ड दुनिया के सबसे मशहूर अवॉड्र्स में से एक है।

लाइफ Style


# कंगना

## प्रेम कहानियों ने विवाह परंपरा को कर दिया बर्बाद

हाल ही में सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म 'मिसेज' ओटीटी पर रिलीज हुई, जिसको लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। फिल्म में अरेंज मैरेज की चुनौतियों को दिखाया गया है। इसे लेकर अभिनेत्रा कंगना रनौत ने संयुक्त परिवार का बचाव किया है और उन्हें दोषी ना ठहराने की बात कही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'मिसेज' फिल्म में महिलाओं की घर में चुनौतियों के बारे दिखाया गया है। इसकी कहानी को लेकर विवाद भी हो रहा है, इस बीच एक्ट्रेस कंगना रनौत ने संयुक्त परिवारों का बचाव किया है। साथ ही बुजुर्गों को भी भला बुरा ना कहने की बात कही है। इस पूरी बात को उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बीते दिन बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर किया, जिसमें वह बड़े-बुजुर्गों को बुरा ना समझने की बात कही है। साथ ही कहा कि घर की महिलाओं को वेतनभोगी मजदूर ना कहें। संयुक्त परिवार के बारे में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आजतक ऐसी महिला नहीं देखी, जो अपने घर पर हुक्म ना चलाती हो। इस बात पर अभिनेत्री ने कहा कि महिलाएं ही तय करती हैं कि कब खाना है, कब सोना है आदि। शादी पर अभिनेत्री ने अपने स्टोरी पर लिखा कि शादियां वैसी ही होनी चाहिए जैसे इस देश में पहले से होता आया है। धर्मों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उसमें यह लिखा है कि आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते जाएं और आगे बढ़ते रहें। यह जीवन बहुत छोटा है। आजकल की शादियों के बारे में विचार को बर्बाद करने में बॉलीवुड फिल्मों की प्रेम कहानियां सबसे मुख्य कारण हैं।



हॉलीवुड मसाला



# वीडियो में इंडिया टूर की झलक

**लॉस एंजिल्स ।** फेमस सिंगर एड शीरन ने इंडिया में जबरदस्त टूर किया था, जिसका नाम मैथमेटिक्स टूर था। अब ब्रिटिश सिंगर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया और टूर के दौरान भारत से जुड़ी अपनी यादों का जिक्र किया। इस वीडियो में एड शीरन बेहद खुश नजर आ रहे हैं। वो ऑटो में बैठकर घूमते हैं। सड़कों पर टहलते हैं। फैंस उनकी तारीफ करते हैं। वो कव्वाली इंजॉय करते हैं। अपनी ऑडियंस के प्यार के लिए आभार जताते हैं। फुटबॉल खेलते हैं, क्रिकेट में हाथ आजमाते हैं।




# मिस यवोन के किरदार से बन गईं सबकी चहेती

**लॉस एंजिल्स ।** हॉलीवुड अभिनेत्री लिन मैरी स्टीवर्ट पी-वी फ्रैंचाइज में मिस यवोन के किरदार के माध्यम से सबकी चहेती बन गईं। इसमें 'द पी-वी हरमन शो' (1981), 'पी-वी बिग एडवेंचर' (1985), 'पी-वी प्लेहाउस' (1986-'90) 'बिग टॉप पी-वी'(1988), 'क्रिसमस एट पी-वी प्लेहाउस' (1988) और 'पी-वी बिग हॉलिडे' (2016) की उनकी भूमिकाएं शामिल थीं। हॉलीवुड अभिनेत्री लिन मैरी स्टीवर्ट का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लिन मैरी स्टीवर्ट पी-वी के प्लेहाउस में मिस यवोन की और 'इट्स ऑलवेज सनी इन फिलाडेल्फिया' में भूमिका के लिए जानी जाती हैं। लिन मैरी स्टीवर्ट का जन्म 14 दिसंबर, 1946 को लॉस एंजिल्स में हुआ था। वह 70 के दशक में 'द ग्राउंडलिंग्स' की सदस्य थीं, जहां उनकी मुलाकात पॉल रूबेंस, फिल हार्टमैन और कैसंड्रा पीटरसन से हुई थी।



# मोनालिसा की बहन भी हैं बेहद खूबसूरत


**नई दिल्ली।** महाकुंभ 2025 श्रद्धालुओं के लिए तो एक खास मौका रहा ही। साथ ही साथ एक लड़की के लिए भी बहुत खास और जिंदगी बदलने वाला मौका बन गया। ये लड़की है मोनालिसा जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर ऐसी वायरल हुईं कि ये रातोंरात सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई। मोनालिसा की बहन का इशिका है और वो भी अपनी बहन की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। इशिका भी अपनी नैचुरल ब्यूटी से लोगों का दिल जीत रही हैं। नेटिजन्स इन भोसले सिस्टर्स की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे। अगर आप फीचर्स की बात करें तो इशिका के फीचर्स भी काफी शार्प हैं और उनके चेहरे में एक अट्रैक्शन है जो देखने वालों को मोहित करता है। कुछ दिन पहले मोनालिसा ने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो शेयर किया था।



# 'गो गोवा गॉन' के सीक्वल का करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कई चीजों पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के निर्देशन को लेकर भी अपनी इच्छा जाहिर की। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह फिल्म 'गो गोआ गॉन' का सीक्वल जरूर निर्देशित करना चाहेंगे। इस फिल्म में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे। कुणाल खेमू ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। 'हम हैं राही प्यार के' और 'राजा हिंदुस्तानी' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने के बाद वह बतौर लीड एक्टर कलयुग में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने 'गो गोआ गॉन', 'ढोल', 'गोलमाल 3' और 'गोलमाल अगेन' जैसी कॉमेडी फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई।

टीवी मसाला



# 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आएंगे ये मशहूर सेलेब्रिटी...

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के नए सीजन की शुरुआत से पहले इस शो से एक मशहूर नाम जुड़ गया है। विक्की लालवानी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और फैशन स्टाइलिस्ट ओरी उर्फ ओरहान अवतरमणि इस शो के पहले कंफर्म कंटेस्टेंट हैं। यह शो एक बार फिर रोहित शेट्टी की मेजबानी में होगा। इस बार भी दर्शकों को रोमांचक स्टंट्स के साथ कई चुनौतियों का सामना करने का मौका मिलेगा। ओरी इस शो में अपना साहस दुनिया को दिखाने के लिए तैयार हैं। उन्हें यह शो उनके डर पर काबू पाने और अपनी साहसिकता को साबित करने का बेहतरीन मौका देगा। 'खतरों के खिलाड़ी' में ऊंचाई से लेकर पानी के स्टंट्स तक देखने को मिलते हैं। इसके अलावा डरावने जीव-जंतुओं से लेकर खतरनाक चुनौतियों तक वाले कई प्रकार के टास्क इस शो में होते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि ओरी इन सबसे कैसे पार पाते हैं। यह ओरी के लिए पहली बार होगा जब वह किसी टीवी रियलिटी शो में एक फुल-टाइम कंटेस्टेंट के रूप में दिखाई देंगे। इससे पहले वह बिग बॉस 17 और 'लाफ्टर शेफ्स 1' में गेस्ट अपीयरेंस दे चुके हैं। अब उनके फैंस उन्हें इस शो में एक नए अंदाज में देखेंगे। इसके अलावा खबरें हैं कि टेलीविजन के कई और लोकप्रिय सितारों को भी इस शो के लिए संपर्क किया गया है, जिनमें चुम दरंग, ईशा सिंह, भाविका शर्मा, सिद्धार्थ निगम, एल्विश यादव, गुलकी जोशी, अविनाश मिश्रा जैसे नाम शामिल हैं। '

## लेटेस्ट डांस वीडियो को फैंस कर रहे पसंद

**नई दिल्ली।** दीया और बाती हम की संध्या बींदणी के किरदार से घर घर में फेमस हुईं टीवी एक्ट्रेस दीपिका सिंह अक्सर अपने डांस वीडियो को लेकर ट्रोल होती रही हैं। हालांकि, इतनी ट्रोलिंग के बावजूद वह फैंस के लिए वीडियो शेयर करने से पीछे नहीं रहतीं। वहीं, हाल ही में उन्होंने एक और वीडियो शेयर किया, जिसमें उनकी खूबसूरती और डांस परफॉर्मेंस ने सोशल मीडिया यूजर्स को खुश कर दिया। वहीं, कमेंट सेक्शन में फैंस ने ट्रोलिंग की बजाय एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिया हैं। जब वो मिले मुझे पहली बार कैप्शन के साथ दीपिका सिंह ने डांस वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मंगल लक्ष्मी के किरदार के गेटअप में लाल साड़ी में नजर आ रही हैं। वहीं, वह सायरा बानो के 56 साल पुरानी झुक गया आसमान के गाने उनसे मिली नजर की मेरे होश उड़ गए पर परफॉर्म करती हुए नजर आ रहे हैं।



# निजी जिंदगी पर ट्रोल करने वालों को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की अभिनेत्री सबा आजाद अक्सर ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड होने को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल होती हैं। हाल ही में उन्होंने स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह सोशल मीडिया पर असहज होती हैं। जब भी उन्हें सोशल मीडिया पर कोई ट्रोल करता है, तो वह इससे प्रभावित होती हैं। सबा आजाद ने कहा कि सोशल मीडिया थोड़ा अजीब है। उन्होंने कहा कि 'मैं लगातार तीन दिन तक पोस्ट करती हूं और फिर एक महीने के लिए गायब हो जाती हूं। यह कलाकारों के लिए एक तरह का पोर्टफोलियो बन गया है। इससे ऐसे रिश्ता है कि इसके साथ नहीं रह सकते न ही इसके बिना रह सकते हैं। जैसे-जैसे लोगों में असंतोष बढ़ता है, वैसे-वैसे ऑनलाइन इस तरह का व्यवहार भी बढ़ता है।' सबा ने आगे कहा कि 'अगर आप खुश इंसान हैं तो आप एक फेक अकाउंट बनाकर किसी को ट्रोल नहीं करेंगे। हम उस इंसान की फिक्र क्यों करें जो बिना नाम, बिना चेहरे का है और अपनी जिंदगी से निराश है।' सबा ने आगे कहा कि उन्हें इतना ट्रोल किया गया है कि अब उनकी चमड़ी मोटी हो गई है। सबा ने बताया कि 'नाराज होने के बजाय दूसरा रास्ता यह है कि इसे देखा जाए। मैं दुखी हूं कि ट्रोलर्स को ये सब करना पड़ा रहा है।'



# अमिताभ से डरती थी यह हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र, जितेंद्र और मिथुन चक्रवर्ती के साथ काम कर चुकी यह एक्ट्रेस एक समय बॉलीवुड में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल थी। इस एक्ट्रेस ने अपने हुनर के दम पर इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपने 30 साल के फिल्मी कॅरियर में उन्होंने हर तरह के रोल किए हैं। अमिताभ बच्चन के साथ कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्होंने कहा था कि बिग बी के साथ काम करते वक्त उन्हें काफी डर लगता था।

***300 से ज्यादा फिल्मों में किया है काम :*** जिस एक्ट्रेस की बात हो रही है, वह हैं जया प्रदा। जया ने अपने 3 दशक के फिल्मी कॅरियर में हर तरह के रोल किए हैं। उन्होंने हिंदी फिल्मों के अलावा तेलुगु, कन्नड़, बंगाली, तमिल, मलयालम और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। अपने काम के जरिए उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। अब वह एक राजनेता भी हैं।



### सालों तक इंडस्ट्री पर किया राज

जया प्रदा की गिनती उस दौर की टॉप एक्ट्रेस में होती थी। जीतेंद्र के साथ कई हिट फिल्में देने वाली एक्ट्रेस ने सालों तक इंडस्ट्री पर राज किया और बाद में सांसद भी बनीं। अपने कॅरियर में उन्होंने 'सरगम', 'मां', 'घर घर की कहानी', 'तूफान', 'स्वर्ग से सुंदर', 'संजोग', 'मुद्दत', 'सिंदूर', 'जबरदस्त', 'जख्मी', 'गंगा तेरे देश में', 'कामचोर' जैसी कई फिल्मों में शानदार एक्टिंग की।

### एक्टिंग और डांस से दर्शकों का जीता दिल

*अपनी एक्टिंग और अपने डांस से दर्शकों का दिल जीतने वाली टॉप एक्ट्रेस जया प्रदा ने बहुत कम उम्र में ही काम करना शुरू कर दिया था। अपनी एक्टिंग के साथ-साथ वो अपने डांसिंग टैलेंट के लिए भी जानी जाती हैं। जया प्रदा ने खुद एक कॉमेडी शो के दौरान खुलासा किया था कि वो अमिताभ के साथ काम करने से काफी डरती थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि वो इतने प्रोफेशनल थे कि उनके साथ काम करते वक्त वो घबरा जाती थीं कि कहीं कुछ गलत न हो जाए।*

## 40 के दशक में पंजाबी सिनेमा की रह चुकी हैं सुपरस्टार, 80 साल बाद टूटा था ये रिकॉर्ड


# इंडियन सिनेमा की पहली जुबली गर्ल की फिल्में चलती थीं 3-3 साल

***नई दिल्ली।*** *इंडियन सिनेमा की पहली 'जुबली गर्ल' कही जाने वाली एक्ट्रेस मुमताज शांति के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। मुमताज शांति 40 के दशक में पंजाबी सिनेमा की सुपरस्टार रह चुकी हैं। कहा जाता है कि बॉलीवुड में आने के बाद मुमताज शांति ने चारों तरफ गदर मचा दिया था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बंटवारे बाद यह एक्ट्रेस पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान चली गईं। मुमताज शांति को 'जुबली गर्ल' इसलिए कहा जाता था, क्योंकि इनकी ज्यादातर फिल्में थिएटर्स पर 76 हफ्ते और 3-3 साल तक चलती थीं। मुमताज शांति की एक फिल्म ऐसी भी थी, जिसका रिकॉर्ड 80 साल बाद टूटा था।*



### पंजाबी फिल्मों से शुरू किया कॅरियर

मुमताज शांति 28 मई 1929 को ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के गुजरात जिले के एक पंजाबी-मुस्लिम फैमिली में पैदा हुई थीं। मुमताज शांति ने बचपन में ही अपनी मां को खो दिया था। मुमताज शांति का पालन-पोषण उनकी आंटी ने किया था। वहीं, मुमताज शांति के अंदर के टैलेंट को देख उनके अंकल ने उन्हें सिनेमा में जाने के लिए प्रोत्साहित किया था। साल 1937 में मुमताज शांति ने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। मुमताज शांति के अभिनय की शुरुआत पंजाबी फिल्मों से हुई थी। मुमताज शांति की फिल्म 'सोहनी कुमारन' को खूब तालियां मिली थीं। इसके बाद मुमताज शांति को पंजाबी फिल्म 'मंगती' (1942) में देखा गया। 'मंगती' एक डायमंड-जुबली हिट फिल्म रही थी। इस फिल्म के बाद से मुमताज शांति पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार बन गई थीं।



### बॉलीवुड में रखा कदम

*पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में छाने के बाद मुमताज शांति ने बॉलीवुड में फिल्म बसंत (1942) से डेब्यू किया। फिल्म 'बसंत' जुबली हिट रही। फिल्म 'बसंत' में मधुबाला भी नजर आई थीं। इस फिल्म में मधुबाला ने मुमताज शांति की बेटी का रोल प्ले किया था। 'बसंत' 76 हफ्तों तक सिनेमाघरों में टिकी रही। 'बसंत' साल 2021 तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली 50 फिल्मों की लिस्ट में शामिल रही थी। 'बसंत' का यह रिकॉर्ड 80 सालों तक कायम रहा था। साल 1943 में मुमताज शांति ने अशोक कुमार के साथ फिल्म 'किस्मत' की जो, हिंदी सिनेमा की पहली 1 करोड़ रुपए कमाने वाली फिल्म बनी। 'किस्मत' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के बड़े-बड़े इतिहास रचे थे। यह फिल्म तीन साल तक हिट रही थी। मुमताज शांति की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने डायरेक्टर वाली साहब से निकाह किया था और विभाजन के बाद पाकिस्तान चली गईं। वहीं, साल 1977 में उनके पति और 1994 में उनका खुद का देहांत हो गया।*

# होली से पहले दिवाली... 51वां विराट शतक, चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत, देशभर में जश्न का माहौल

## जीत पर जश्न में डूबे देशभर के प्रशंसक


रांची


मेरठ


कानपुर


नई दिल्ली

एजेंसी ▸▸ दुबई

आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर कहर साबित होने वाले विराट कोहली ने एक बार फिर इतिहास को दोहराते हुए नाबाद शतक के साथ रविवार को इस बहुचर्चित मुकाबले में भारत को छह विकेट से जीत दिलाकर चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की जीत तो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई थी लेकिन कशमकश यह थी कि कोहली का शतक बनेगा या नहीं। और फिर आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक ने न सिर्फ चौके के साथ 51वां वनडे शतक पूरा किया बल्कि फॉर्म में लौटकर विरोधी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी।

जीत के लिए 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 42वें ओवर के बाद चार रन की जरूरत थी। खुशदिल शाह के ओवर में विराट ने पहली गेंद पर एक रन लिया और फिर अक्षर पटेल ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। अब भारत को जीत के लिए दो रन और विराट को शतक के लिए चार रन चाहिए थे। तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ने के साथ कोहली के चेहरे पर इत्मीनान की मुस्कान आई। और इसके साथ ही टीवी पर नजरें गड़ाए बैठे करोड़ों भारतीय क्रिकेट प्रेमी भी खुशी से झूम उठे। लगातार एक तरह से आउट होने, स्पिन के खिलाफ असहज होने और बड़ी पारी नहीं खेल पाने की कई चुनौतियों से उबरते हुए कोहली ने पुराने फॉर्म के दीदार कराए।




## ग्रुप में शीर्ष पर भारत

इस जीत के साथ भारत ग्रुप ए में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया। पिछले कुछ अर्से से खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने सही समय पर और सही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फॉर्म में वापसी करते हुए 111 गेंद में सात चौकों की मदद से नाबाद सौ रन बनाए। वहीं श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाकर भारत को 42.3 ओवर में जीत तक पहुंचाया। दूसरी ओर 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा पाकिस्तान लगभग बाहर हो गया है।



## पंड्या के 4000 रन और 200 विकेट

भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। हार्दिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 4000 रन और 200 विकेट पूरे करने वाले छठे भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। हार्दिक इस मामले में दिग्गजों में सूची में शामिल हो गए हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, रवि शास्त्री, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन शामिल हैं। हार्दिक ने सऊद शकील का विकेट लेने के साथ ही इस एलीट सूची में खुद को शामिल कर लिया।



## कप्तान रोहित ने बतौर ओपनर बनाए सबसे तेज 9000 रन

रोहित ओपनर के तौर पर वनडे में सबसे तेजी से 9000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। रोहित सबसे तेजी से ओपनर के तौर पर 9000 रन बनाने की उपलब्धि तक पहुंचे हैं। उन्होंने इस स्थान पर खेलते हुए 181 पारियों में ही ऐसा किया। रोहित ने इस मामले में पूर्व हमवतन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा जिनके नाम 197 पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी।





### बुमराह आईसीसी पुरस्कारों से सम्मानित

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रविवार को यहां भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच शुरू होने से पहले आईसीसी के साल 2024 के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।यह पुरस्कार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का है। बुमराह पीठ में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। बुमराह को इन दोनों पुरस्कारों के अलावा 2024 के लिए पुरुष टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में जगह बनाने के लिए 'टीम कैप (टोपी)' भी सौंपी गई।

## स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इमामुल हक रन आउट | 10 | 26 | 0 | 0 |
| बाबर का राहुल बो पंड्या | 23 | 26 | 5 | 0 |
| शकील का पटेल बो पंड्या | 62 | 76 | 5 | 0 |
| मोहम्मद रिजवान बो पटेल | 46 | 77 | 3 | 0 |
| आगा का जडेजा बो कुलदीप | 19 | 24 | 0 | 0 |
| तैयब ताहिर बो जडेजा | 04 | 06 | 0 | 0 |
| शाह का कोहली बो राणा | 38 | 39 | 0 | 2 |
| अफरीदी पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| शाह का कोहली बो कुलदीप | 14 | 16 | 1 | 0 |
| हारिस रऊफ रन आउट | 08 | 07 | 0 | 1 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 17, योग : 49.4 ओवर में 241/10

**गेंदबाजी :** शमी 8-0-43-0, राणा. 7.4-0-30-1, पंड्या 8-0-31-2, अक्षर 10-0-49-1, कुलदीप 9-0-40-3, जडेजा 7-0-40-1.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित बो शाहीन शाह अफरीदी | 20 | 15 | 3 | 1 |
| शुभमन बो अबरार अहमद | 46 | 52 | 7 | 0 |
| विराट कोहली नाबाद | 100 | 111 | 7 | 0 |
| अय्यर का इमामुल बो खुशदिल | 56 | 67 | 5 | 1 |
| पंड्या का रिजवान बोअफरीदी | 08 | 06 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 11, योग : 42.3 ओवर में 244/4

**गेंदबाजी :** अफरीदी 8-0-74-2, नसीम 8-0-37-0, हारिस 7-0-52-0, अबरार 10-0-28-1, खुशदिल 7.3-0-43-1, सलमान 2-0-10-0.

## 54+ करोड़ लोगों ने देखा ऑनलाइन

भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबले ने मनोरंजन की सारी हदें पार कर ली हैं। दरअसल, इस मैच को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जियो हॉटस्टार पर प्रसारित किया जा रहा था। जियो हॉटस्टार पर 54 करोड़ से ज्यादा लोग एक वक्त पर इस मैच को देख रहे थे। इसलिए इस मुकाबले को बाकी सभी मुकाबलों से बड़ा कहा जाता है। जब-जब ये दोनों टीमें भिड़ती हैं, ओटीटी हो या टीवी पर ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स, व्यूअरशिप हमेशा चरम पर होता है। इसी लिस्ट में अब दुबई में जारी चैंपियंस ट्रॉफी का भारत-पाकिस्तान मुकाबला भी शामिल हो गया है।

## महामुकाबले के लिए लगा सितारों का जमावड़ा

भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में क्रिकेट की दुनिया का सबसे चर्चित मुकाबला खेला जा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी के इस मैच पर पूरी दुनिया की नजरें लगी हुई हैं और इसी कारण कई दिग्गज हस्तियां इस मैच को देखने पहुंची हैं। दुनिया भर में इस मुकाबले की धूम है और कोई भी इस मैच को छोड़ना नहीं चाहता। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बॉलीवुड हस्तियों से लेकर युवा क्रिकेटर तक इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नजर आए।





### पहले ओवर में शमी ने फेंकी 11 गेंदें

भारत की ओर से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी की शुरुआत की, लेकिन उन्होंने पहले ही ओवर में 11 गेंदें फेंकी। शमी पहले ओवर में लय में नहीं दिखे और इस महामुकाबले का दबाव उन पर नजर आया। शमी ने अपने पहले ओवर में कुल पांच गेंद वाइड डाली जिस कारण उनका ओवर काफी लंबा रहा। शमी के पहले ओवर से पाकिस्तान ने छह रन जुटाए जिसमें से पांच रन अतिरिक्त रहे। इसके अलावा एक रन इमाम ने भाग कर लिया।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

**रावलपिंडी।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में सोमवार को यहां हार से शुरुआत करने वाले बांग्लादेश के खिलाफ अपना विजय अभियान जारी रखकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। न्यूजीलैंड की टीम ने अपने पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान को 60 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। इस बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट भी अच्छा हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत से वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच जाएगा।

### जीत दर्ज करने उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु।** कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म, मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन तथा घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सोमवार को यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ बेहतर खेल दिखाकर महिला प्रीमियर लीग में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। भारतीय उप कप्तान मंधाना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने भारत और अपनी फ्रेंचाइजी टीम के लिए जो पिछले 10 मैच खेले हैं उनमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं।



## भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप में जीते 5 स्वर्ण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

थाईलैंड में शनिवार को आयोजित एशिया कप 2025 तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारतीय तीरंदाजों ने अपना परचम लहराया। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक अपने नाम किया। भारत का नाम रोशन करने वाले इन तीरंदाजों में दो झारखंड राज्य के जमशेदपुर जिले के रहने वाले हैं। जिनमें टाटा आर्चरी एकेडमी के गोल्डी मिश्रा और कर्ण आर्चरी एकेडमी के विष्णु चौधरी शामिल हैं। विष्णु ने टूर्नामेंट में कुल तीन तो वहीं गोल्डी ने एक मेडल जीता है। वहीं, बंगाल की रहने वाली बसंती महतो ने ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

गोल्डी मिश्रा, राहुल राहुल और विष्णु चौधरी की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर शानदार जीत के बाद स्वर्ण पदक जीता। इतना ही नहीं विष्णु चौधरी ने रिकर्व पुरुष स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में राहुल को 6-2 के स्कोर से हराया। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले की बसंती महतो ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे की फोंग यू झू को 6-4 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



## कोहली और रोहित खुद तय करें अपना भविष्य

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। सरफराज ने कहा, 'लोगों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात भी नहीं करनी चाहिए।'



टेनिस

## कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बने आंद्रे रुबलेव



एजेंसी ▸▸ दोहा

आंद्रे रुबलेव ने अपनी मानसिक दृढ़ता का अच्छा नमूना पेश करते हुए, जैक ड्रेपर को तीन सेट तक चले फाइनल मुकाबले में 7-5, 5-7, 6-1 से हराकर दूसरी बार कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

रुबलेव ने तीन दिन में तीसरी बार तीन सेट में जीत हासिल की। रूस के इस खिलाड़ी ने इससे पहले अपने पिछले दो मैचों में एलेक्स डी मिनौर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ भी दूसरा सेट गंवा दिया था। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, 'मैं मानसिक रूप से वास्तव में मजबूत बना रहा और मैंने निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।' रुबलेव ने इससे पहले 2020 में कतर ओपन का खिताब जीता था। यह पहला टूर्नामेंट है जिसमें वह दूसरी बार चैंपियन बने हैं।

## मीरा ने जीता दुबई ओपन का खिताब

**दुबई।** रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में क्लारा टौसन को 7-6 (1), 6-1 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। इस जीत से एंड्रीवा का अगले सप्ताह विश्व रैंकिंग में पहली बार शीर्ष 10 में शामिल होना सुनिश्चित हो गया है। वह 2007 में निकोल वैदिसोवा के बाद ऐसा हासिल करने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन जाएगी। एंड्रीवा ने दुबई चैंपियनशिप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया।




### प्रो लीग में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला आज

# जीत के क्रम को दोहराने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

टूर्नामेंट में औसत शुरुआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4-1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नए सत्र में आशातीत शुरुआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3-1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2-0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4-1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढ़ा होगा।



### महिला टीम के सामने आज नीदरलैंड की कड़ी चुनौती

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में जब मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश खेल में आयी गिरावट से निपटने के साथ जीत की लय को बरकरार रखने की होगी। भारत का घरेलू चरण अब तक टीम की योजना के मुताबिक नहीं रहा है। टीम फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे मैच में शूट-आउट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। स्पेन के खिलाफ मेजबान टीम जीत के करीब थी लेकिन उसे लगातार मैचों में हार का सामना करना पड़ा।



# भोजपुर सहित 9 अलग-अलग स्थानों पर महाशिवरात्रि के अवसर पर होगा 'महादेव'

## तीन दिवसीय आयोजन में दिखेगा शिव महिमा का सांस्कृतिक स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष भोजपुर शिव मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला 'महादेव' भोजपुर उत्सव 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सांस्कृतिक स्वरूप में भगवान शिव की महिमा दर्शाई जाएगी। कार्यक्रम सायं 6:30 बजे शुरू होगा।



### पहले दिन लोकगायन व मटकी लोकनृत्य

संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रतिष्ठित आयोजन के पहले दिन सबसे पहले शिव भाई गुप्ता, खरगोन का लोकगायन, इसके बाद अभिलाष चौबे, सागर का बधाई लोकनृत्य, हीरामणि वर्मा, उज्जैन का मटकी लोकनृत्य और अंतिम प्रस्तुति सुप्रसिद्ध सितार वादक और गायक ऋषभ रिखीराम शर्मा, मुम्बई का भक्ति गायन होगा।

### वाद्य कचहरी में शिव तांडव की प्रस्तुति होगी खास

महादेव कार्यक्रम के दूसरे दिन 27 फरवरी को ताल वाद्यकचहरी में शिव तांडव की प्रस्तुति अंशुल प्रताप सिंह एवं साथी, भोपाल द्वारा होगी। इसके बाद अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। तीसरे दिन 28 फरवरी को भोजपुर मंदिर के दिव्य परिसर में सबसे पहले लोकगायन होगा, जिसे प्रस्तुत करेंगे राजकुमार ठाकुर, सागर, इसके बाद गणगौर नृत्य संजय महाजन, बड़वाह, बरेदी एवं नौरता नृत्य अमित घारू, सागर द्वारा दी जाएगी। अंतिम प्रस्तुति सुगम संगीत की होगी, जिसे अरुणीता कुंजीलाल-नचिकेत लेले एवं ग्रुप, मुम्बई द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

---

जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि का आयोजन

# बैगा जनजातीय करमा नृत्य एवं बधाई नृत्य की हुई प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के अंतर्गत रविवार को बैगा जनजातीय करमा एवं फाग नृत्य के साथ साथ बघेली लोक गायन की प्रस्तुति हुई। गतिविधि में भद्दू सिंह उफ़ड़िया एवं साथी, डिण्डौरी द्वारा बैगा जनजातीय करमा एवं फाग नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बैगा जनजातीय समुदाय में फाग नृत्य को होली के दिन से शुरू हो कर 15 दिन तक किया जाता है।

नृत्य में फाग गीत गा कर, लकड़ी का बना मुखौटा (हिरण्यकश्यप) और बांस की बनी गिज्जी (होलिका) का प्रयोग कर नृत्य करते हैं।

### नई फ़सल आने की खुशी में करते हैं करमा नृत्य

दूसरी प्रस्तुति करमा नृत्य की दी गई। नई फ़सल आने की खुशी में किए जाने वाले इस नृत्य का मुख्य संगीत मांदल वाद्य की थाप होती है, जिस पर अन्य साथी नृत्य करते हैं। वहीं अमित घारू एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य प्रस्तुत किया गया। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्यौहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है।

---

प्रणाम में पधारीं पद्मविभूषण डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम, नृत्य के विद्यार्थियों और नृत्य प्रेमियों से किया संवाद

# खजुराहो के मंदिरों की अलौकिक आभा में साक्षात हुए नृत्य प्रेमियों के स्वप्न और विचार के दर्शन



51वां खजुराहो नृत्य समारोह के चौथे दिवस का आयोजन

▶▶खजुराहो से मधुरिमा राजपाल

नृत्य में जीवन का आनन्द है, उमंग है, उल्लास है। नृत्य हमारी संस्कृति को आनंददायी अभिव्यक्ति देते हैं और खजुराहो नृत्य समारोह भारतीय संस्कृति का अनूठा उदाहरण है। एक हजार वर्ष प्राचीन मंदिरों की अलौकिक आभा में देश के सुप्रसिद्ध साधनारत कलाकार और शाम के धुंधलके में अपनी आंखों के सामने स्वप्न, कल्पना और विचार को साक्षात होता देखने के लिए आतुर कला रसिक। 51वां खजुराहो नृत्य समारोह के चौथे दिवस की शाम में कथक और ओडिसी नृत्यों की प्रस्तुति ने सुधिजनों को नृत्य के जादुई संसार की यात्रा कराई।



### बासंती रंगों की वेशभूषा में कृष्ण रास लीला

पहली प्रस्तुति मध्यप्रदेश की पलक पटवर्धन द्वारा कथक नृत्य की रही। जयपुर घराने की परम्परा का अनुगमन करने वाली पलक पटवर्धन ने सर्वप्रथम ठाकुर जी से प्रार्थना भक्त वत्सलम की प्रस्तुति दी। इसके बाद आकर्षक ढंग से भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला का वर्णन नृत्य से किया। बासंती रंगों की वेशभूषा में जब उन्होंने प्रेम भाव के साथ कृष्ण रास लीला का दर्शन कराया तो सुधिजनों ने वृन्दावन सा अनुभव प्राप्त किया।

### काम, क्रोध, लव, मद, मोह, मश्चर्यम पर प्रस्तुति

दूसरी प्रस्तुति सुप्रसिद्ध ओडिसी नृत्य कलाकार प्रवत कुमार स्वाइन की ओडिसी नृत्य की रही। उन्होंने सबसे पहले राग मालिका और ताल मालिका में निबद्ध रास विचित्र प्रस्तुत की। इसमें नौ रसों को विस्तार से और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन नौ रसों को व्यक्त करने के लिए शिव जी द्वारा गणेश जी का शीश काटे जाने वाली कथा को दिखाया। इसके बाद उन्होंने सदा रिपु में दिखाया कि मानव जीवन के छह आंतरिक शत्रु हैं काम, क्रोध, लव, मद, मोह और मश्चर्यम।



### भारतीय संस्कृति का होना ही श्रेष्ठ है- पद्मविभूषण डॉ.पद्मा सुब्रह्मण्यम

51वें खजुराहो नृत्य समारोह में पहली बार आयोजित की जा रही प्रणाम प्रदर्शनी में डॉ.पद्मा सुब्रह्मण्यम ने संवाद करते हुए कहा कि आज के जमाने में हमारी उम्र के लोग जब पाश्चात्य संस्कृति की ओर देखते हैं तो भारतीय संस्कृति का होना ही सबसे श्रेष्ठ मालूम होता है। हमारी नाट्य कला इतनी विस्तृत और समृद्ध है कि हम उन्हें भी दे सकते हैं, हमें उनसे कुछ लेने की आवश्यकता नहीं है।



---

# हरिशंकर परसाई पर केंद्रित कला समय का अंक लोकार्पित



भोपाल। हरिशंकर परसाई के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में कला समय का लोकार्पित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रमुख प्रधान जिला न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता, शिल्पकार देवीलाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

# अपनी धीमी लय में कहती... बिखरते परिवार की कहानी दिल में समाती गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

उत्कृष्ट सिनेमा को समर्पित 'सिने क्लासिक' शृंखला के तहत रविवार को प्रदर्शित की गई उड़िया फ़िल्म माया मिरिगा एक मध्यमवर्गीय संयुक्त परिवार के क्रमिक और अनिवार्य विघटन की मार्मिक गाथा प्रस्तुत करती है। फ़िल्म एक छोटे शहर के परिवार की जटिल संरचना को उकेरती है-एक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, उनकी पत्नी, समझदार मां, जिम्मेदार व्याख्याता बड़ा बेटा और उसकी गृहिणी पत्नी, परिवार की शान-आईएएस बनने की राह पर दूसरा बेटा, आत्म-संदेह से जूझता तीसरा बेटा, पारंपरिक मानकों को चुनौती देता चौथा और एक स्कूल में पढ़ती बेटी। परिवार में तब उत्साह लौट आता है जब होनहार बेटा भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होता है। लेकिन उसकी शादी एक उच्च सामाजिक वर्ग की महिला से होने के बाद समीकरण बदलने लगते हैं।

### सिने क्लासिक में नीरद महापात्र की फिल्म माया मिरिगा



तुलसी साहित्य अकादमी में पुस्तक लोकार्पण और काव्य गोष्ठी संपन्न

# बाल मनुहार और दीवान दोहा सतसई का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा डॉक्टर मोहन तिवारी आनंद की अध्यक्षता, प्रभु दयाल मिश्र के मुख्य आतिथ्य में डॉ. शिव कुमार दीवान की दो कृतियों बाल मनुहार और दीवान दोहा सतसई का लोकार्पण अकादमी के मुख्यालय में हुआ। गोकुल सोनी ने दोहा सतसई और महेश सक्सेना ने बाल मनुहार की समीक्षा प्रस्तुत की।




### अथर्व वेद के पृथ्वी सूक्त

सुरेश पटवा ने साहित्यिक गुटों की क्षुद्रता से विलग रचनाकर्म धर्म पर अडिग रहकर निर्विकार साहित्य सेवा का व्रत साधने की सार्थक बात रखी। दोहा, चौपाई, छंद, मुक्त छंद ग़ज़लों, गीतों के काव्यपाठ के मधुर वातावरण में प्रभु दयाल मिश्र ने अथर्व वेद के पृथ्वी सूक्त का काव्यात्मक पाठ किया।

---

# बढ़ती टेक्नोलॉजी के साथ बढ़ रहे हैं साइबर फ्रॉड

### मावे की साइबर क्राइम एंड फाइनेंशियल फ्रॉड विषय पर कार्यशाला

भोपाल। मध्य प्रदेश एसोसिएशन ऑफ़ वूमेन एंटरप्रेन्योर मावे की महिला सदस्यों के लिए साइबर क्राइम एंड फाइनेंशियल फ्रॉड विषय पर कार्यशाला का आयोजन एमपी नगर स्थित निजी होटल में किया गया। मुख्य वक्ता थे राहुल अग्रवाल फाउंडर और सीईओ सिंगल कैपिटल फिनसर्व ने बताया कि टेक्नोलॉजी जितनी बढ़ रही है साइबर फ्रॉड भी उतना ही बढ़ रहा है। अब जमाना है सतर्कता का।



### वर्किंग वुमन ऑनलाइन स्कीम से बचें

संगठन की फाउंडर चेयरपर्सन डॉ अर्चना भटनागर ने बताया कि महिलाओं को सावधानी से सोशल मीडिया का प्रयोग करना चाहिए खासतौर पर वर्किंग वुमन ऐसे ऑनलाइन स्कीम और ईनाम के चक्कर में साइबर फ्रॉड का शिकार होती है।

# असफलताओं को गले लगाने की खोज करती पुस्तक

### क्लब लिटरेटी की डायनामिक हैबिट्स किताब का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

क्लब लिटरेटी द्वारा डायनामिक हैबिट्स - एक परफेक्ट लाइफ बनाने के लिए छोटी-छोटी तरकीबें किताब का लोकार्पण अरेरा क्लब में किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त सुफियाह फारूकी वली सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।



### छोटे लेकिन प्रभावशाली परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करती पुस्तक

क्लब अध्यक्ष डॉ. सीमा रायज़ादा ने कहा कि डायनेमिक हैबिट्स छोटे लेकिन प्रभावशाली परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित करती है जो एक पूर्ण जीवन की ओर ले जाती है। पुस्तक आत्म-खोज, सीमित विश्वासों को चुनौती देने, सीमाएं निर्धारित करने, असफलताओं को गले लगाने और अंततः खुशी प्राप्त करने की खोज करती है।

---

इस्लामी नरसंहार को किया गया व्हाइट

# यंग थिंकर्स फोरम ने आयोजित किया 100वां बुक डिस्कशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम के रीडिंग क्लब द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में युवाओं के लिए पुस्तक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें रे डालियो की पुस्तक 'प्रिंसिपल्स' पर सौरभ कुमार और सीताराम गोयल की पुस्तक 'स्टोरी ऑफ़ इस्लामिक इंपीरियलिज्म इन इंडिया' पर पहल टेवरे ने चर्चा की। रिव्यू के बाद सामूहिक परिचर्चा हुई।




**तत्कालीन सरकारों का चेहरा दिखाती पुस्तक :** 'द स्टोरी ऑफ इस्लामिक इंपीरियलिस्म इन इंडिया' की समीक्षा करते हुए पहल तेवरे ने कहा यह पुस्तक भारत में इस्लामी साम्राज्यवाद, इस्लाम, वामपंथी इतिहासकारों व तत्कालीन सरकारों का वीभत्स चेहरा दिखाती है।

### प्रिंसिपल्स बताती है सफलता के सूत्र

रे डालियो की पुस्तक 'प्रिंसिपल्स' पर चर्चा करते हुए सौरभ कुमार ने बताया इस किताब में अमरीकी लेखक और बिलियनर डे रेलीयो अपनी जीवन में आयी असफलताओं और उससे उन्होंने क्या सीखा उस बारे में बताया है।

60 से ज्यादा स्टॉल, जिसमें जैविक किसान सब्जियां, फल, अनाज, बुक स्टॉल भी होंगे आकर्षण का केंद्र

# 28 फरवरी से 2 मार्च तक गौहर महल में जैविक हस्तशिल्प मेला अनंत महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल जैविक किसान एवं स्थानीय हस्तशिल्प बाजार अनंत मंडी के वार्षिक उत्सव 3 दिवसीय मेले अनंत महोत्सव का आयोजन 28 फरवरी, 1 एवं 2 मार्च को दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक गौहर महल में किया जाएगा।

इस बार 60 से ज्यादा स्टॉल लगेंगे, जिसमें जैविक किसान सब्जियां, फल, अनाज, कच्ची घानी तेल, रसायन मुक्त स्किन केयर, बुक स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।



### तीनों दिन पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं होंगी

पॉटरी, मैक्रैम, हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग, लिप्पन आर्ट, इको गुलाल, हस्तनिर्मित स्किन केयर, सब्जी बाग जैसे विषयों पर कार्यशालाएं होंगी। हेल्थी लाइफस्टाइल फॉर यूथ, अहिंसक स्थानीय अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर एक्सपर्ट्स अपने विचार साझा करेंगे।

### शुगर फ्री केक जैसे स्वादिष्ट व्यंजन होंगे उपलब्ध

ऑर्गेनिक फूड फेस्टिवल आकर्षण का केंद्र होगा जिसमें कच्छ की दाबेली, मिलेट डोसा, दाल पकवान, फलाफेल हम्मस, ज्वार लिट्टी चौका, कोदो कटलेट, रागी शुगरफ्री केक जैसे स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे।

### मनोरंजन की रहेगी पूरी धूम

- *पहला दिन-मुंबई से गायक कविश सेठ की प्रस्तुति, शिवानी द्वारा कथक प्रस्तुति, ड्रम सर्कल*
- *दूसरा दिन-धूनी बैंड, सारा मेहदी और समर मेहदी द्वारा संगीतमय प्रस्तुति, मैजिक शो, ड्रम सर्कल*
- *तीसरा दिन-मालवा महिला कबीर यात्रा द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां के साथ मैजिक शो होगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930